सुप्रभात
रांची, रविवार
06.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 27

06 सावन के झूलों का जिंदगी में बहुत महत्व है

भारत सरकार | आज़ादी का अमृत महोत्सव | Indian Railways

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

## झारखंड के 20 स्टेशनों का भी होगा पुनर्विकास










### ₹25 हजार करोड़ की लागत से 508 स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास
### झारखंड के 20 स्टेशन ₹886.7 करोड़ की लागत से बनेंगे आधुनिक

- स्टेशन का शहर के सिटी सेंटर के रूप में होगा विकास, जहाँ होंगे रूफ प्लाज़ा, शॉपिंग ज़ोन, फूड कोर्ट, चिल्ड्रन प्ले एरिया जैसी कई सुविधाएँ
- यात्रियों की सहूलियत के लिए होंगे अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, मल्टी-लेवल पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवलेटर, एग्जीक्यूटिव लाउंज, वेटिंग एरिया, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएँ
- कनेक्टिविटी के मल्टी-मॉडल एकीकरण से पुनर्विकसित स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक प्रगति के केंद्र

**झारखंड के पुनर्विकसित होने वाले रेलवे स्टेशन**

बरकाकाना जं.
बोकारो स्टील सिटी
चन्द्रपुरा जं.

डालटनगंज
गढ़वा रोड जं.
गढ़वा टाउन

घाटशिला
हटिया
हजारीबाग रोड

कतरासगढ़
कोडरमा जं.
कुमार धुबी

लातेहार
मनोहरपुर
नेताजी सुभाष चंद्र बोस जं. गोमोह

नगर उंटारी
पारसनाथ
पिस्का

राजखरसवां
साहिबगंज

परियोजना का शिलान्यास

## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) 6 अगस्त, 2023, सुबह 11 बजे



**गरिमामयी उपस्थिति**

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**रावसाहेब पाटिल दानवे**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल, कोयला और खान मंत्रालय

**दर्शना जरदोश**
केन्द्रीय राज्यमंत्री, रेल एवं वस्त्र मंत्रालय

DD NEWS पर कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखें

PR-476

## 17 अगस्त से 4 अक्टूबर तक 49 दिनों की होगी बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा

# बूथ से लोगों के साथ जीवंत संबंध विकसित करें कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि : बाबूलाल

### हर दिन दो विधानसभा क्षेत्रों में होगी जनसभा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गिरिडीह।** गिरिडीह के मधुबन में भाजपा के जिला परिषद सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और विधायकों की बैठक हुई, जिसमें प्रशिक्षण सत्र को लेकर सभी की जिम्मेदारी सौंपी गयी। इस अवसर पर कोडरमा की सांसद एवं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी विशेष रूप से उपस्थित थीं।

बैठक में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बूथ ही हमारी गतिविधियों का सक्रिय केंद्र बने। कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बूथ से जीवंत संबंध स्थापित करें। उन्होंने कहा कि हम अपने व्यवहार और परिश्रम से जनता का दिल जीतेंगे तो जनता पार्टी को जीत दिलायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को समाधान नहीं दे रही, बल्कि जनता को परेशान करने वाले विधेयक लाकर परेशान करने का लगातार प्रयास कर रही है।

### गिरिडीह के मधुबन में भाजपा के जिला परिषद सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू




प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने विगत दिनों संपन्न कार्यक्रम, महा जनसंपर्क अभियान, बूथ सशक्तिकरण अभियान, आजीवन सहयोग निधि की समीक्षा की और जिलाध्यक्षों से जानकारी ली। उन्होंने आगामी कार्यक्रम हर घर तिरंगा, मेरी माटी मेरा देश, विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम को जन भागीदारी के साथ मनाने का आह्वान किया।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि हेमंत सरकार गांव, गरीब, किसान आदिवासी, दलित पिछड़ा महिला विरोधी सरकार है। भाजपा लगातार जन मुद्दों पर सरकार को सदन से सड़क तक घेर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आगामी 17 अगस्त से 4 अक्टूबर तक 81 विधानसभा क्षेत्र में संकल्प यात्रा के माध्यम से जनता को संबोधित करेंगे। बताया कि यह संकल्प यात्रा 17 अगस्त से सिदो कान्हू की जन्मभूमि से प्रारंभ होगी।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, सुनील सिंह, गंगोत्री कुजूर, अपर्णा सेन गुप्ता, विनोद शर्मा, जेपी पटेल, महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, नवीन जायसवाल, काजल प्रधान, मुनेश्वर साहू, शर्मिला रजक, विवेक भवानी सिंह रीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक सहित विधायक सीपी सिंह, भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, शशिभूषण मेहता, किशुन दास, अनंत ओझा, अमित मंडल, नारायण दास, रणधीर सिंह, नीरा यादव, मनीष जायसवाल,राज सिन्हा, बिरंची नारायण, ढुल्लू महतो, अमर बाउरी, समरी लाल उपस्थित थे। बैठक का संचालन डॉ प्रदीप वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष महादेव दूबे ने किया।

### ट्विटर पर बाबूलाल का कार्यकर्ताओं को संदेश

## भाजपा नेताओं पर कहर बरपा सकते हैं सीएम, घबराएं नहीं

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों को ट्विटर के जरिये एक संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव नजदीक आ रहा है। इसलिए संभव है कि मुख्यमंत्री अपने प्रतिद्वंदियों के खिलाफ कहर बरपा सकते हैं। भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं, समर्थकों और सहयोगियों के खिलाफ षड्यंत्र रचे जा सकते हैं। उनका सरकारी दमन हो सकता है। उन्होंने कहा कि रोज षड्यंत्र एवं साजिश रचने की जानकारी मिल रही है। बाबूलाल ने कहा कि सत्ता के टूल की तरह इस्तेमाल हो रहे ऐसे षड्यंत्रकारियों के मंसूबे पर हमारी पैनी नजर है। सरकारी लठैत गिरोह की तरह काम कर रहे कुछ लोगों की ऐसी किसी भी साजिशपूर्ण कार्रवाई एवं गैर-कानूनी कदम उठाने वालों को हम आम जनता की मदद से बेनकाब करेंगे और कानून से उन्हें सजा दिलायेंगे। इसलिए इनसे घबराना नहीं है। झारखंड की जनता के हित के लिए हर कष्ट सहना है।

## बाबूलाल नहीं चाहते झारखंड में कदाचार मुक्त परीक्षा हो : सुप्रियो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र में झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक पास होने पर बीजेपी के विरोध को लेकर जेएमएम ने कड़ी आपत्ति जताई है। जेएमएम के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बीजेपी को इसका विरोध करने का कोई हक नहीं है। बीजेपी बताए कि क्या वह भाजपा शासित गुजरात, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का विरोध करेगी, जहां यही कानून लागू है। सुप्रियो ने कहा कि बीजेपी और बाबूलाल मरांडी नहीं चाहते कि झारखंड में कदाचार मुक्त परीक्षा हो। उन्होंने बाबूलाल मरांडी से सवाल किया कि क्या पेपर लीक करने वाले आपके रिश्तेदार हैं? पहले और दूसरे जेपीएससी घोटाले में सीबीआई जांच हुई और अध्यक्ष समेत कई लोग जेल गए। पैसे लेकर अपने लोगों को नियुक्त करना, इनके लिए आम बात है।

**इस विधेयक पर अपनी सहमति दें राज्यपाल :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चार अगस्त को सुबह-सुबह राज्यपाल से मिलकर इसका विरोध किया गया। यानी कदाचार, भ्रष्टाचार और बच्चों का भविष्य भांड़ में जाए, लेकिन इनकी काली कमाई जारी रहे। बस ये यही चाहते हैं और राजभवन का बार-बार इस्तेमाल कर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि आने वाली नौकरियों में पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो, इसलिए इस विधेयक पर सहमति प्रदान करें।

**सुदेश महतो से भी किया सवाल**

उन्होंने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो से भी सवाल किया है कि उत्तराखंड और गुजरात सरकार ने गलत काम किया है। अगर उनमें नैतिकता और साहस है, तो इसका जवाब देना चाहिए. सुप्रियो ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी अपना विपक्ष का नेता नहीं चुन पायी, जबकि इसके लिए दो पंडित भी आए थे। लेकिन वह भी इनकी कुंडली नहीं मिला पाए।

### खबर एक नजर में

### निलंबित आइएएस अधिकारी छविरंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला आठ को

**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन समेत अन्य भूमि की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की नियमित जमानत याचिका पर शनिवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि छवि रंजन मामले में निर्दोष हैं। उनपर मनी लॉन्ड्रिंग का केस नहीं बनता है। इसका सरकारी वकील शिव कुमार ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि छवि रंजन फर्जीवाड़ा कर भूमि खरीद-बिक्री मामले के मुख्य सूत्रधार हैं। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में फैसले की तिथि अदालत ने आठ अगस्त निर्धारित की है।

### पूर्व विधायक अमित महतो ने रांची सिविल कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर मांगी जमानत

**रांची।** जेल में बंद पूर्व विधायक और खातियानी पार्टी के नेता अमित महतो ने रांची सिविल कोर्ट में जमानत की अर्जी लगायी है। उन्होंने अपने अधिवक्ता सुनील महतो के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। बता दें कि अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने समेत कई आरोप लगाये गये थे। इस मामले में अमित महतो को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिली थी। इसके बाद 27 जून को उन्होंने कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

### प्रशिक्षण निदेशालय में कंप्यूटर प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की होगी प्रतिनियुक्ति

**रांची।** प्रशिक्षण निदेशालय में कंप्यूटर प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति होगी। इसको लेकर आईजी ट्रेनिंग ने सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि रांची पुलिस मुख्यालय के प्रशिक्षण निदेशालय में कार्य करने के लिए इंस्पेक्टर रैंक से सिपाही (कंप्यूटर प्रशिक्षित) तक के पदाधिकारियों और कर्मियों की आवश्यकता ह। अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों और कर्मियों के बीच प्रचार प्रसार करते हुए कंप्यूटर प्रशिक्षित इच्छुक पदाधिकारियों और कर्मियों का मनोनयन प्राप्त कर एक सप्ताह के अंदर प्रशिक्षण निदेशालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### देवघर में कर्मवीर सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं ने बाबा बैद्यनाथ का किया शृंगार दर्शन

**रांची।** भाजपा प्रदेश संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को बाबा बैद्यनाथ का शृंगार दर्शन कर देश की खुशहाली व नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आशीर्वाद मांगा। शुक्रवार की शाम को भाजपा प्रदेश संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय रांची से चलकर सड़क मार्ग से देवघर पहुंचे। देवघर पहुंचने के बाद भाजपा नेताओं का स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से संगठन के मुद्दे पर भी अनौपचारिक बातचीत की। मौके पर जिला भाजपा प्रभारी बबलू भगत, जिला उपाध्यक्ष राकेश नरौने सुग्गा, जिला महामंत्री अधिरचंद्र भैया, पंकज सिंह भदौरिया, धनंजय तिवारी, सचिन सुल्तानिया, मिथिलेश सिन्हा, अमनदीप गोलू, बजरंगी साव, कुंदन कुमार, इंद्रदेव सिंह सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड से बचने के लिए सीआइडी ने जारी की गाइडलाइन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने आम लोगों को क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड से बचने के लिए गाइडलाइन जारी की है। जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि इन दिनों साइबर अपराधियों द्वारा क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित फ्रॉड किये जाने की सूचना प्राप्त हो रही है। इस अपराध को करने के लिए साइबर अपराधी आम लोगों से व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क में आते हैं। लोगों से दोस्ती और शादी का झांसा देकर अपने बातों में फंसाते हैं। फिर अलग-अलग बैंक खातों में और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट एड्रेस में बैंक या क्रिप्टो वॉलेट से पैसे डालने के लिए कहते हैं।

**क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड से बचने के लिए आम नागरीक से अपील :**

किसी भी अनजान इंटरनेशन, वर्चुअल नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आने पर उनकी बातों में आकर पैसों का आदान प्रदान करने से बचे।

एसएमएस के माध्यम से कोई अनजान लिंक प्राप्त होने पर उस पर क्लिक न करें।

निवेश के नाम पर अनजान बैंक खातों और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में पैसे निवेश करने से बचें।

## अमृत भारत स्टेशन योजना से विकसित होंगे झारखंड के रेलवे स्टेशन, आज पीएम रखेंगे योजना की आधारशिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को एक और सौगात देने जा रहे हैं। आज रविवार को पीएम अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरूआत कर रहे हैं। इस योजना के पहले चरण में 1309 में से पांच सौ से अधिक रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसमें झारखंड के कई रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के सैकड़ों रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जाएगा। 6 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन इसकी आधारशिला रखेंगे। इस योजना में झारखंड के 20 रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं।



अमृत भारत स्टेशन योजना से जुड़ने वाले झारखंड के रेलवे स्टेशनों में, कोडरमा, रामगढ़, घाटशिला रेलवे स्टेशन समेत पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में आने वाले कुल 15 स्टेशन शामिल हैं। इस योजना के तहत चयनित रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर उन्हें स्मार्ट बनाया जाएगा और सुविधाएं बेहतर की जानी है। इस योजना के तहत यात्रियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान की जाएगी। जिसमें फ्री वाई-फाई, कियोस्क की सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा स्टेशन पहुंच मार्ग, सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग रूम, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट या एस्केलेटर, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क की सुविधा शामिल है।

**प्रत्येक स्टेशन के कायाकल्प में लागत :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत धनबाद मंडल के चन्द्रपुरा 26.50 करोड़, गोमो 32.40 करोड़, कतरास 26.90 करोड़, नगर उंटारी 26.30 करोड़, गढ़वा टाउन 25.50 करोड़, पहाड़पुर 28.10 करोड़, पारसनाथ 30.40 करोड़, हजारीबाग रोड 28.10 करोड़, कोडरमा 30.30 करोड़, लातेहार 24.50 करोड़, डालटनगंज 29.20 करोड़, गढ़वा रोड 24.50 करोड़, बरकाकाना 32.60 करोड़, रेनुकूट 31.70 करोड़, चोपन 30.90 करोड़ की लागत से विकास कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

### झारखंड में जदयू को मजबूती देने के लिए नयी कमेटी के गठन की हुई घोषणा

# झारखंड-बिहार की सभी लोस सीटों पर जीतेगा आइएनडीआइए : अशोक चौधरी

**नवंबर में रांची आयेंगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार!**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में जनता दल यूनाइटेड राजनीतिक रूप से अपने जनाधार को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी को लेकर शनिवार को जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी के साथ प्रदेश के सह प्रभारी मनोज यादव और विजय सिंह ने रांची में कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। बिहार सरकार के मंत्री और झारखंड के प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए नई कमेटी का गठन किया गया है। जिसकी घोषणा जल्दी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में प्रखंडवार बैठक की जाएगी। जिसके लिए जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह झारखंड पहुंचेंगे। वहीं नवंबर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भी झारखंड आने की उम्मीद है। अशोक चौधरी ने बताया कि नई कमेटी के गठन में यह देखा गया है कि किस प्रकार से युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाए ताकि झारखंड में जनता दल यूनाइटेड आगामी चुनाव को लेकर मजबूत हो सके।



उन्होंने कहा कि झारखंड में स्थानीय नीति और नियोजन नीति के लिए जेडीयू का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रशंसा करते हुए कहा कि विपक्षी एकता को मजबूत करने में उनकी सहभागिता बहुत ही बेहतर है। आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार और झारखंड की सभी 54 सीटों पर गठबंधन के दल एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे और भाजपा को झारखंड और बिहार से पूरी तरह साफ कर देंगे।

मणिपुर घटना को लेकर अशोक चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही कहती है कि डबल इंजन की सरकार से वह देश और राज्य की व्यवस्था को मजबूत करेगी लेकिन मणिपुर में भाजपा की राज्य में भी सरकार है और केंद्र में भी भाजपा की सरकार है। उसके बावजूद भी मणिपुर में हिंसा कम नहीं हो रही है।

राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर अशोक चौधरी ने कहा कि भाजपा के लोग लोकतंत्र को अपने हिसाब से तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। अपना हित साधने के लिए भाजपा के लोगों ने महज 48 घंटे में ही राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करवायी।

### तेजस्विनी कर्मचारी संघ सीएम आवास का करेगा घेराव

**रांची।** झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ अपनी 5 सूत्री मांगों के समर्थन में 7 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष आक्रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन करेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह करेंगे। संघ के अध्यक्ष आशीष विजय एवम महामंत्री सौरभ कुमार दुबे ने कहा कि राज्य सरकार आज तक तेजस्विनी परियोजना का अवधि विस्तार करने का कोई निर्णय नहीं लिया जबकि संघ द्वारा इस संबंध में मुख्यमंत्री से, मंत्री जोबा मांझी, और विभागीय अधिकारियों से मिलकर दीर्घ कालीन अवधि विस्तार करने, स्थाई समायोजन करने का अनुरोध कई बार किया गया, परंतु आज तक राज्य सरकार ने कोई कारवाई नहीं की। कहा कि मुख्यमंत्री ने चुनाव पूर्व वादा किया था कि राज्य में कार्यरत सभी संविदा कर्मी, दैनिक भोगी कर्मी, को हम स्थाई समायोजन करेंगे, परंतु अबतक कारवाई नही हुई।

### राज्य में मानसून फिर होगा सक्रिय, अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर शनिवार को कमजोर रहा। इस दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाये रहे लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो छह अगस्त रविवार से राज्य में फिर से मानसून सक्रिय होगा। जहां पलामू, लातेहार, चतरा, गढ़वा, गुमला, लोहरदगा समेत अन्य जिलों मे भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के पूर्वी जिलों मे मध्यम दर्जे की बारिश की जानकारी दी गयी है। तापमान की बात करें तो आने वाले पांच दिनों के दौरान तापमान में कमी महसूस की जायेगी। इस दौरान तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की जायेगी। पांच दिनों तक तापमान में गिरावट आयेगी। इस दौरान राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्यिस रहेगा। वहीं, न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। केंद्र की मानें तो आने वाले कुछ दिन तक मौसम में वृद्धि नहीं दर्ज की जायेगी।

## बजरंग दल की राष्ट्रीय बैठक में पदाधिकारियों ने गोतस्करी और लव जिहाद पर जतायी चिंता, रोकने के लिए बनायी कार्य योजना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक शनिवार से रांची के दिगंबर जैन भवन में शुरू हुई। जिसमें झारखंड में लव जिहाद और गो तस्करी को रोकने के लिए वृहत कार्य योजना बनाई गई। वहीं संगठन मजबूती को लेकर आगामी 6 माह की कार्य योजना तैयार करने के लिए मंत्रणा की गई। बजरंग दल की राष्ट्रीय बैठक का उद्घाटन सत्र में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद पांडे, बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया, राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्य नारायण राव सहित देश के सभी प्रदेशों से आए 80 प्रतिनिधि शामिल हुए।

**चुनौतियों से निपटने के लिए संगठन विस्तार पर जोर :** बजरंग दल के राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्य नारायण राव ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि बजरंग दल गठन के 40 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। बजरंग दल ने स्थापना काल से अब तक समाज रक्षक के रूप में प्रेरणादायी कार्य किए हैं। चाहे वह हिंदू कन्या रक्षा हो, गो रक्षा हो, मठ-मंदिर रक्षा हो या अन्य कोई दूसरा सामाजिक कार्य बजरंग दल सभी में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि लव जिहाद, लैंड जिहाद, धर्मांतरण, गो तस्करी, घुसपैठ, धार्मिक यात्रा में हमला आदि हिंदू समाज के लिए बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का सामना करने के लिए हमें संगठन विस्तार करना होगा।



### झारखंड में बजरंग दल का होगा संगठन विस्तार

बजरंग दल की इस राष्ट्रीय बैठक में 2024 में विहिप के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। वहीं झारखंड में लव जिहाद, गो तस्करी जैसी घटना को रोकने के लिए पंचायत स्तर तक संगठन तैयार करने का निर्णय लिया गया है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेंद्र साहू के अनुसार राज्य में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से 5000 समितियों का गठन करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके अलावा आने वाले समय में बजरंग दल द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

### मेवात में हुई घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण

बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि हरियाणा के मेवात में हिंदू धर्म यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर आधुनिक हथियार से गोली चलाना, पेट्रोल बम फेंकना, महिलाओं के साथ क्रूरतम अत्याचार करना दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि हिंदू समुदाय के अनुकूल वातावरण बनने का कारण ही जिहादियों के मन में उबाल है। आज उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और बांग्लादेश की सीमा क्षेत्र घुसपैठ का बड़ा केंद्र बन गया है। घुसपैठ वाले क्षेत्र में जिहादी हिंसा बढ़ती जा रही है।

### हिंदू समाज के लोग सचेत रहें

आज हिंदू समाज को सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज जनजाति युवतियों से मुस्लिम विवाह कर उनके नाम पर जमीन खरीद रहे हैं और आरक्षण का लाभ ले रहे हैं, जो असंवैधानिक है। समाज में आज साम्यवादी विचारधारा के लोगों के द्वारा युवा, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, जैन -बौद्ध समाज को टारगेट करते हुए अनेक प्रकार के सामाजिक, सांस्कृति और धार्मिक भावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव डाला जा रहा है, जिससे समाज भ्रमित हो रहा है।

## संगठित आपराधिक गिरोह के 230 ठिकानों पर एटीएस ने की छापेमारी, 17 किये गये गिरफ्तार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ झारखंड एटीएस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। 15 दिनों के अंदर एटीएस ने पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर झारखंड के छह प्रमुख आपराधिक गिरोह के 230 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान एटीएस की टीम ने अलग-अलग गिरोह से जुड़े 17 अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा आपराधिक गिरोह के 130 लोगों का सत्यापन किया गया। वहीं 90 संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गयी, जबकि 91 लोगों को बांड भरवाया गया। आइजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि आपराधिक गिरोह से जुड़े 338 लोगों की निगरानी के लिए झारखंड के सभी जिलों को प्रस्ताव भेजा गया है।

गिरोह के अपराधियों का डाटाबेस किया जा रहा है तैयार

डीजीपी के आदेश पर एटीएस की टीम संगठित आपराधिक गिरोह के अपराधियों का डाटाबेस तैयार कर रही है। साथ ही जीरो टॉलरेंस को अपनाते हुए उनके खिलाफ एटीएस की कार्रवाई सख्ती के साथ जारी रहेगी। संगठित अपराध में शामिल किसी भी अपराधी और उनको शरण देने वाले व्यक्तियों को बक्शा नहीं जायेगा।

**इन आपराधिक गिरोहों के ठिकानों पर एटीएस की रेड**

- अमन श्रीवास्तव
- अमन साहू
- अमन सिंह
- प्रिंस खान
- कालू लामा

**इन आपराधिक गिरोहों के दस अपराधी गिरफ्तार**

- अमन साहू : चंदन साव, बॉबी साव, सोनू कुमार, वारिश अंसारी, दिगंबर प्रजापति और राजन कुमार
- अमन श्रीवास्तव : ऐजाज अंसारी, मिंकु खान
- कालू लामा : रोहित मुंडा, अभिषेक मल्लिक और शुभम विश्वकर्मा
- प्रिंस खान : अफजल अंसारी, दानिश मल्लिक, तनवीर तस्लीम
- अमन सिंह : बुचन सिंह
- प्रभाकर पांडेय : हथियार सप्लायर

**हथियार-पैसे सहित कई सामान बरामद :**

- 05 पिस्तौल
- 01 रिवाल्वर
- 49.83 लाख रूपया
- 08 राउंड गोली
- 02 मैगजीन
- 01 स्कॉर्पियो
- 02 बाइक
- 14 मोबाइल फोन

**ये हैं झारखंड के आठ बड़े आपराधिक गिरोहों के सरगना:**

- अखिलेश सिंह : दुमका जेल में बंद
- अमन साहू : दुमका जेल में बंद
- अमन सिंह : धनबाद जेल में बंद
- लवकुश शर्मा : साहेबगंज जेल में बंद
- विकास तिवारी : हजारीबाग जेल में बंद
- अमन श्रीवास्तव : रांची जेल में बंद
- डब्लू सिंह : फरार
- प्रिंस खान : फरार

सुप्रभात
रांची, रविवार
06.08.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 27

06 सावन के झूलों का जिंदगी में बहुत महत्व है

# इमरान को तीन साल की सजा, गिरफ्तार

## तोशाखाना मामला : अयोग्य करार, पांच साल नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान (70) को पाकिस्तान की कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। तोशखाना मामले में उन्हें तीन साल जेल की सजा और एक लाख जुर्माना लगाया गया है। सजा सुनाये जाने के बाद इमरान को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर कोट लखपत जेल ले भेज दिया गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सहायक अताउल्लाह तरार ने इमरान खान की गिरफ्तारी की पुष्टि भी कर दी है।

इसके अलावा इस्लामाबाद की ट्रायल कोर्ट ने इमरान के पांच साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है। यानी अगर हालात यही रहे तो अगले पांच सालों तक इमरान खान चुनाव नहीं लड़ पायेंगे। इमरान खान पर आरोप है कि उन्होंने सत्ता में रहते हुए विदेशों से मिले महंगे सरकारी उपहार बेचकर मुनाफा कमाया है। इस्लामाबाद स्थित जिला एवं सत्र अदालत के अतिरिक्त न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने की अदालत ने यह फैसला सुनाया। पीटीआइ के अध्यक्ष के खिलाफ संपत्ति की गलत घोषणा करने के आरोप साबित हुए हैं। सूत्रों के अनुसार बाद में तय किया जायेगा कि उन्हें रावलपिंडी की अदियाला जेल में रखा जाएगा या कहीं और। तोशाखाना मामले में पिछले साल पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) की शिकायत पर दायर किया गया था। आयोग इससे पहले इसी मामले में खान को अयोग्य करार दे चुकी थी। इसीपी ने 21 अक्टूबर, 2022 को खान को 'झूठे बयान और गलत जानकारी' देने के आरोप में सार्वजनिक पद संभालने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था।

**क्या है तोशखाना मामला :** पाकिस्तान में तोशाखाना कैबिनेट प्रभाग के अंतर्गत



एक विभाग है। बड़े नेताओं, हस्तियों, नौकरशाहों, अधिकारियों और अन्य देशों के द्वारा दिये गये उपहारों को यहां रखा जाता है। (शेष पेज 11 पर)

### ...तो क्या खत्म हो जायेगा राजनीतिक सफर

इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद तमाम सवाल उठ रहे हैं। क्या इमरान की राजनीतिक पारी खत्म होने वाली है। क्या पाकिस्तान की तख्त के बाद अब उनकी जिंदगी जेल के अंधेरी कोठरी में गुजरेगी। तोशाखाना मामले में हेराफेरी उनके साख के साथ-साथ फिर से सत्ता में आने के तमाम मंसूबों पर पानी फेर देगी। उनके पांच साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। समय से सत्ता और कानून के साथ शह-मात का खेल खेलने के बाद आखिरकार पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पाकिस्तान तहरीक ए इस्लाम (पीटीआइ) प्रमुख इमरान खान सलाखों के पीछे पहुंच गये हैं।

फिक्स डिपॉजिट तोड़ रघुवर सरकार को जैक ने दिये थे 250 करोड़

# ऑडिट टीम ने अब उठाया सवाल पूछा- कैसे दिये सरकार को पैसे

खबर मन्त्र ब्रेकिंग

- ऑडिट टीम ने जैक को कठघरे में खड़ा किया

सुधीर

**रांची।** राज्य की निवर्तमान रघुवर सरकार के समय (वर्ष 2018) में फिक्स डिपाजिट तोड़कर झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) ने सरकार को 250 करोड़ रुपये दिये थे। अब इस पैसे को लेकर एजी के ऑडिटरों ने सवाल खड़ा किये हैं। ऑडिटरों जैक से पूछा है कि जैक एक स्वायत्तशासी परिषद् है, फिर इसने सरकार को 250 करोड़ रुपये क्यों और कैसे दे दिये? मालूम हो कि तत्कालीन रघुवर सरकार ने राज्य में फंड की कमी बताते हुए राज्य के सभी विभागों समेत जैक से भी पैसे की मांग की थी। अन्य विभागों ने तो सरकार को पैसे नहीं दिये, परंतु जैक ने दबाव में आकर बच्चों से लिये गये पैसे (जो फिक्स डिपाजिट थे) उसे तोड़कर सरकार को दिये। (शेष पेज 11 पर)

### पैसा देने के तुरंत बाद दूसरी बार सेवा का मौका

जैक के जानकार अधिकारी बताते हैं कि जैक अध्यक्ष अरविंद प्रसाद सिंह ने तत्कालीन वित्त पदाधिकारी राजेश कुमार के साथ मिलकर सरकार को 250 करोड़ उपलब्ध कराये थे। बदले में तत्कालीन सरकार के स्तर पर दोनों अधिकारी उपकृत किये गये थे। जैक अध्यक्ष अरविंद प्रसाद सिंह को दूसरी बार अध्यक्ष पद की शोभा बढ़ाने का मौका मिला। वहीं, वित्त पदाधिकारी के रूप में कार्य कर रहे राजेश कुमार को डिग्री बाद में और नौकरी पहले मिल गयी।



## झारखंड की महिला पुलिस ने बढ़ाया मान

**रांची।** कनाडा के विन्नीपेग शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में झारखंड की महिला पुलिस कर्मियों ने भारत का मान बढ़ाया। पावरलिफ्टिंग में झारखंड पुलिस से सेवानिवृत (ऐच्छिक) बेला घोष और सुजाता भगत ने 2 गोल्ड समेत 3 मेडल जीते। बेला घोष ने पावरलिफ्टिंग के बेंच प्रेस और पुश पूल स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। (शेष पेज 11 पर)

डब्लूडब्लूपीजीएस गेम्स में दो गोल्ड मेडल जीते

# दिल्ली-रांची इंडिगो फ्लाइट की आपात लैंडिंग, सभी सुरक्षित

## बाल-बाल बचे यात्री, दूसरी फ्लाइट से रांची पहुंचाया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दिल्ली से रांची आ रही इंडिगो फ्लाइट को शनिवार की सुबह वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इंडिगो की एक फ्लाइट ने दिल्ली से रांची के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 20 मिनट के अंदर ही फ्लाइट में तकनीकी गड़बड़ी आ गयी, जिसके बाद पायलट की सूझबूझ से फ्लाइट को वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में कुल 180 यात्री सवार थे। अचानक आयी खराबी से यत्रियों की सांस अटक गयी। सुरक्षित आपात लैंडिंग के सभी यात्रियों की जान में जान आयी। दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो की फ्लाइट को ग्राउंडेड कराने के बाद उसमें बैठे 180 यात्रियों को





दूसरे विमान से रांची लाया गया। यात्रियों को लगभग 9:30 बजे रांची पहुंचना था, लेकिन विमान में तकनीकी खराबी से सभी यात्री लगभग 3 घंटे लेट रांची एयरपोर्ट पहुंचे।

**मच गया हड़कंप :** जिस समय तकनीकी खराबी का पता चला, विमान करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई पर था। तभी आवाज आयी- इमरजेंसी लैंडिंग करनी होगी। तो यात्रियों में हड़कंप मच गया। (शेष पेज 11 पर)

# चांद की कक्षा में जा पहुंचा अपना चंद्रयान

- 18 दिन बाद चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की होगी कोशिश



एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का तीसरा चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 सफलता का एक और कीर्तिमान स्थापित करते हुए शनिवार शाम सात बजे चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया। यह भारत के चंद्र खोज मिशन में एक प्रमुख मील का पत्थर है। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष यान का लूनर ऑर्बिट इंजेक्शन (एलओआई) आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु में सफलतापूर्वक पूरा हो गया। इसरो ने ट्वीट किया, 'एमओएक्स ए आईएसटीआरएसी यह चंद्रयान-3 है, मैं चंद्र गुरुत्वाकर्षण महसूस कर रहा हूं। ऑनबोर्ड मोटरों की फायरिंग शाम लगभग 7.15 बजे शुरू हुई और अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया। ट्वीट में कहा गया- चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स), आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु से पेरिल्यून में रेट्रो-बर्निंग का आदेश दिया गया था। अब तक अंतरिक्ष यान 14 जुलाई को लॉन्च होने के बाद से चंद्रमा की लगभग दो-तिहाई दूरी तय कर चुका है। चंद्रयान-3 चांद की परिक्रमा करेगा।

(शेष पेज 11 पर)

## रांची से गिरिडीह जा रही बस बराकर नदी में गिरी, 4 की मौत

**रांची।** राजधानी से गिरिडीह जा रही एक यात्री शनिवार की देर शाम अनियंत्रित हो कर बराकर नदी में गिर गयी। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गयी। साथ ही 20 से अधिक घायल हैं। गिरिडीह जा रही सम्राट नामक इस बस में करीब 30 लोग सवार थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी घटनास्थल पर पहुंचे। गिरिडीह के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बस हादसे में तीन यात्रियों की मौत की पुष्टि की है।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य में जुट गयी । घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि गिरिडीह-डुमरी मुख्य मार्ग पर स्थित बराकर नदी में बस अनियंत्रित होकर नदी में गिर कर पलट गयी। पास से गुजर रहे कांवरियों ने इसकी सूचना प्रशासन को पहले दी और फिर बचाव कार्य में लग गये।

## जेके में मुठभेड़, आतंकी ढेर, तीन जवान शहीद

**श्रीनगर।** कुलगाम जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के तीन जवान शहीद हो गये। वहीं राजौरी में मुठभेड़ में एक आतंकी भी मारा गया है। क्षेत्र में अतिरिक्त बल भेजा गया फिलहाल सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के चार वर्ष पूरे होने की पूर्व संध्या पर सीमा पार से आये आतंकियों ने जवानों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें तीन जवान शहीद हो गये।

## न्यूज डायरी

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके

**नयी दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शनिवार की देर शाम करीब साढ़े नौ बजे भूकंप के तेज झटके आये। इसकी तीव्रता 5.8 दर्ज की गयी। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदुकुश में था। भूकंप के झटकों के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल गये। ये झटके दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम, गाजियाबाद सहित आसपास के शहरों में महसूस किये गये। यूपी, और हरियाणा में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किये।

### गांव में बाघ की खबर ने उड़ायी विभाग की नींद

**रामगढ़।** जिले में अक्सर हाथियों की खबर मिलती रही है। लेकिन इस बार बाघ आने की खबर ने वन विभाग की नींद उड़ा दी है। सच्चाई का पता अभी नहीं लग पाया है। रामगढ़ जिले के डीएफओ नितीश कुमार ने अपनी पूरी टीम को बाघ का सुराग ढूंढ़ने में लगा दिया है।

### डिजिटलीकरण प्रगति को पीएम ने सराहा

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में प्रगति पर खुशी प्रकट की। कहा कि गरीबों तक भी अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

### मोदी ने नेपाल के पीएम प्रचंड से की फोन पर बात

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार और मजबूती के लिए शनिवार को बातचीत की।

### भाजपा सांसद रामशंकर को दो साल की सजा

**आगरा।** यूपी की एक विशेष अदालत ने शनिवार को भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया को दो साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। उन पर निजी कंपनी के अधिकारी से मारपीट करने और बलवा करने के आरोप था। दोषी करार देते हुए अदालत ने सजा सुनायी है।

### छवि रंजन की जमानत पर फैसला आठ को

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य भूमि की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस छवि रंजन की नियमित जमानत याचिका पर शनिवार को इडी कोर्ट में सुनवाई हुई। अगली सुनवाई अब 8 को होगी।

### बुनियादी ढांचा विकास पर सरकार का फोकस

**भुवनेश्वर।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान बुनियादी ढांचे का विकास मोदी सरकार का मुख्य फोकस रहा है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

# मानसून सत्र पर मुख्यमंत्री ने जतायी संतुष्टि

सत्येन्द्र

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र कई मायनों में अहम रहा। 28 जुलाई से 4 अगस्त तक चले इस मानसून सत्र की समाप्ति पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संतुष्ट दिखें। उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि 6 दिनों के इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पास हुए हैं और सदस्यों ने अपनी बातों को रखा है। वहीं मीडिया द्वारा इस राहुल गांधी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पूछे गये सवालों पर सीएम ने कहा कि न्याय की जीत तो होनी ही थी। स्वाभाविक रूप से देश के सभी नेताओं ने न्यायपालिका पर अपनी बातें रखी हैं। 6 अनुसूचित प्रश्नों के उत्तर तथा पांच तारांकित प्रश्नों के उत्तर विभागों के पास लंबित हैं। (शेष पेज 11 पर)

### काफी अहम रहा सानसून सत्र : स्पीकर

विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने मानसून सत्र को अहम बताते हुए कहा कि 6 दिनों के इस सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के द्वारा जहां अपनी अपनी बातों को रखा गया। वहीं सरकार के द्वारा 8 विधेयक सदन द्वारा पारित किया जाना गौरव की बात है। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना को मूर्त रूप प्रदान किया गया है, जो विधानसभा के प्रत्यायुक्त विधान समिति के सतत प्रयास का प्रतिफल है। विधानसभा समिति की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह राज्य सरकार की सकारात्मक सोच और अपने कर्मियों के प्रति संवेदनशीलता को भी प्रदर्शित करता है। मानसून सत्र के दौरान राज्य सरकार ने नकल विरोधी विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयक को सदन से पास कराया गया। इस दौरान सदन में मणिपुर की घटना, नियोजन नीति, सुखाड़ और विधि व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक होती रही। 6 दिनों के इस मानसून सत्र के द्वारा सदन में कुल 131 अल्प सूचित प्रश्न और 233 तारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए। 6 अनुसूचित प्रश्नों के उत्तर तथा पांच तारांकित प्रश्नों के उत्तर विभागों के पास लंबित हैं।



# झारखंडी संस्कृति को नया आयाम दे रही है दुमका की बाला रश्मि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** यह झारखंड की जनजातीय कला को न केवल सहेजने बल्कि उसे व्यापक फलक प्रदान करने का प्रयास है। किसी कला को गुम होने से बचाने के लिए उसे बदलते दौर के बीच नए कलेवर के साथ प्रस्तुत करना भी एक सशक्त माध्यम हो सकता है। इस बात को बखूबी समझा है रश्मि बेसरा ने। दुमका की बाला ने महज 25 साल के करियर में पढ़ाई लिखायी के साथ-साथ झारखंड की संस्कृति को एक मंच पर लाने का बखूबी काम किया है।

उन्होंने झारखंड की आदिवासी कला सोहराय को फैशन की दुनिया में देश-विदेश में पहचान दिलाने में जुटी हुई है। सोहराय कला से सजी साडियों व अन्य परिधान में रैंप वाक कर न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी एक पहचान दिलाने को आतुर है। दुमका में चल रहे आदिवासी महोत्सव में अग्रणी भूमिका निभानेवाली रश्मि बेसरा के साथ आदिवासी युवतियां इस परंपरागत कला की वाहक बनने के लिए आतुर है।

**फैशन के क्षेत्र में रश्मि को विभिन्न फोरम पर मिली सराहना :** रश्मि बेसरा मूल रूप से दुमका की रहनेवाली है। दुमका में स्कूलिंग और एसपी कॉलेज दुमका से ग्रेजुएशन करने के बाद कोलकाता से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किया। उसके बाद एमएस यूनिवर्सिटी वडोदरा से उन्होंने



रश्मि बेसरा (फाइल फोटो)।

क्लोदिंग एंड टेक्सटाइल्स में मास्टर्स डिग्री हासिल की। इसके बाद एक प्रोजेक्ट के तहत सोहराय कला को फैशन वर्ल्ड में पहचान दिलाने में जुट गईं। पहले कलेक्शन को ही देश-विदेश के विभिन्न फोरम पर भरपूर सराहना मिली।

**अपने प्रोजेक्ट में सोहराय के साथ-साथ आदिवासी साड़ी संस्कृति को किया शामिल :** कुछ अलग करने के व अलग तरह से करने के स्वभाव ने रश्मि को आदिवासी परंपरागत कला व संस्कृति की ओर ध्यान खींचा। उन्होंने झारखंड की जनजातीय कला सोहराय तथा परंपरागत साड़ी परिधान को फैशन में शामिल करने को चुनौती के रूप में लिया। इस थीम पर अपने पहले कलेक्शन को मिली भरपूर सराहना के बाद उन्होंने साड़ी व अन्य परिधानों पर सोहराय के साथ ही अन्य परंपरागत कलाओं को अपने फैशन कलेक्शन का थीम बनाया है। इसके साथ ही ट्राइबल ब्यूटी क्वीन ऑफ इंडिया बाहा मैग्जीन 2020, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजइन 2022, अमिफोरिया, क्लामो कोरंटाइन, पर्सोना मिसेज इंडियाख जूरी एक्सपीरिंस समेत कई शो में भाग ले चुकी है।

**... ताकि प्रेरित हो नयी पीढ़ी**

**अपनी** सोच के प्रति रश्मि बेसरा काफी स्पष्ट हैं। उनका मानना है कि इस आदिवासी संस्कृति व कला को एक नया मुकाम दिलाना चाहती हैं। ज्यादा से ज्यादा लोगों को तक यह कला पहुंच सके, इसके लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए कोई भी उपयुक्त मंच हो सकता है। इसका दूसरा पहलू यह भी है कि आज की पीढ़ी अपनी इस गौरवशाली पारंपरिक संस्कृति व कला को सहेजने के लिए प्रेरित हो सकेगी। रश्मि अपने प्रोजेक्ट के साथ फिलहाल निजी संस्थानों से जुड़ी हुई हैं।

# अंग्रेजी शैक्षिक, राजनीतिक एवं न्यायिक प्रणालियों में वर्चस्व रखती है : डॉ दत्त

## संत जेवियर्स कॉलेज में आशुतोष राय स्मृति व्याख्यान का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा शनिवार को महाविद्यालय के फादर सी. डिब्रावर सभागार में दूसरा आशुतोष राय स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान का शीर्षक इतिहास, कला और शिक्षा शास्त्र था। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में जाने माने शिक्षाविद डॉ शंकर आशीष दत्त ने अपने संबोधन के विषय में प्रवेश करते हुए भारत में शिक्षा और खासकर के अंग्रेजी शिक्षा के स्वरूप, विकास और चुनौतियों पर चर्चा की।

डॉ दत्त ने कहा कि अंग्रेजी शैक्षिक, राजनीतिक, एवं न्यायिक प्रणालियों में वर्चस्व रखती है। ऐसे में भारत जैसे बहुआयामी और बहुभाषायी देश में यह संस्कृतियों को जोड़ने का माध्यम बन चुकी है। मौजूदा समय में इस बात की आवश्यकता है कि हम अंग्रेजी भाषा के परिप्रेक्ष्य में ब्रिटेन की अंग्रेजी भाषा का केंद्र ना समझें। अपितु, इसे ऐसी भाषा के रूप में देखें जो भारत कि भाषा बन चुकी है अथवा इस पथ पर निरंतर अग्रसर है। इसका सबसे सटीक उदाहरण यह है कि अंग्रेजी किताबें ब्रिटेन की तुलना में भारत में अधिक खरीदी और पढ़ी जाती हैं। भारत में अंग्रेजी भाषा भारतीयों को भारत के नजरिए से देखने की भाषा बन चुकी है, ना कि पश्चिम के आईने से।



संत जेवियर्स कॉलेज में आशुतोष राय स्मृति व्याख्यान का दीप जलाकर शुभारंभ किया गया।

व्याख्यान का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर और आशुतोष राय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर कॉलेज के रेक्टर फादर एलेक्सियस एक्का, प्राचार्य फादर नबोर लकड़ा, उप प्राचार्य फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, फादर अजय मिंज, डॉ सुशील राजगढ़िया, विभागाध्यक्ष डॉ जूही होरो, डॉ अचल सिन्हा, डॉ सुमना घोष, डॉ सुमिता रॉय, डॉ थॉमस डुंगडुंग, डॉ हरिश्वर दयाल, प्रो मनोहर लाल, डॉ कमल बोस एवं अन्य प्राध्यापक गण और विद्यार्थी मौजूद थे।

### पासवा का जमशेदपुर में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**रांची।** पासवा चेयरमैन 7 अगस्त को जमशेदपुर में आयोजित छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की सफलता को लेकर आज जमशेदपुर जाने के क्रम में देवड़ी मंदिर में माथा टेका। मीडिया कर्मियों से बात करते हुए आलोक दूबे ने कहा 10 एवं 12 वीं के टॉपर्स बच्चों को पासवा के सौजन्य से झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा सहित अन्य शिक्षाविदों द्वारा सम्मानित किया जाएगा, जिसमें बच्चे, अभिभावक, प्रिंसिपल, डायरेक्टर मिलाकर 5 हजार लोग शामिल होंगे। प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर जमशेदपुर में खासा उत्साह है। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन आलोक कुमार दूबे सपरिवार शनिवार को देवड़ी मंदिर पहुंचे एवं मां काली के दर्शन किया। माथा टेका, आशीर्वाद लिया एवं राज्य की बेहतरी, समृद्धि,तरक्की, खुशहाली एवं सौहार्द के लिए प्रार्थना किया।

# अवैध कचरा डंपिंग के विराध में अघोर पथ नागरिक मंच का प्रदर्शन




प्रदर्शन करते अघोर पथ नागरिक मंच के सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शहर के बीचों-बीच, बड़ा तालाब के पश्चिम, घनी आबादी से घिरे एवं बंद पड़े चीनी मिट्टी कारखाने की जमीन पर हो रहे अवैध कचरा डंपिंग के विरोध में अघोर पथ नागरिक मंच के सदस्यों द्वारा शनिवार को जन प्रदर्शन किया गया। साथ ही भविष्य में कचरा डंपिंग करते हुए पकड़े गए दोषी पर नागरिक मंच द्वारा रु0 5000/- दंड का प्रावधान किया गया। विदित हो कि रांची बड़ा तालाब के पश्चिम स्थित चीनी मिट्टी कारखाना दशकों से बंद पड़ा है और इसकी चाहरदीवारी ढह चुकी है। विगत वर्षों से यह अवैध रूप से कचरा डंपिंग का स्थान बना हुआ है। कचरा का ढेर बढ़ते बढ़ते अब भयावह स्थिति में पहुँच चुका है। आस पास रहने वाली घनी आबादी त्रस्त है और इस बरसात में महामारी फैलने का भय जनता के बीच व्याप्त है। इस मुद्दे पर प्रशाशन की बेरुखी से निराश होकर स्थानीय लोगों ने अपने संगठन 'अघोर पथ नागरिक मंच' के बैनर तले आज जन प्रदर्शन किया। अवैध रूप से रात के अंधेरे में अपने मुहल्ले में हो रहे कचरा डंपिंग का समाधान सदस्यों ने खुद सामूहिक रूप से करने का संकल्प लिया।

### अवैध शराब अड्डों के खिलाफ दूसरे दिन भी कार्रवाई, 2 गिरफ्तार

**रांची।** अवैध शराब अड्डों के खिलाफ जिला आबकारी टीम की कार्रवाई जारी है। आज लगातार दूसरे दिन उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के निदेर्शानुसार कार्रवाई करते हुए टीम ने कई लीटर शराब जब्त करते हुए इसमें संलिप्त लोगों को गिरफ्तार भी किया। बता दें कि शुक्रवार को रांची एयरपोर्ट के पीछे चंदाघासी ग्राम में अवैध तरीके से चल रहे अड्डे को ध्वस्त करते हुए जिला आबकारी टीम ने 800 किलोग्राम जावा महुआ और 140 लीटर चुलाई शराब जब्त किया था। उत्पाद अधिनियम के तहत संचालक पर एफआईआर दर्ज की गयी है। यह रैकेट अवैध तरीके से महुआ हड़िया निर्माण कर गरीब आदिवासी महिलाओं से बिक्री कराता था। जिला आबकारी टीम ने आज जगन्नाथपुर, धुर्वा, भुसूर, लोवाडीह के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की। कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि 140 लीटर अवैध शराब और 3.9 लीटर बीयर जब्त किया गया।

# निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल एदलहातू में शनिवार को राइटिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा प्रथम से कक्षा दशम तक के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में संबंधित कक्षा के छात्र - छात्राओं ने बहुत खूबसूरत और आकर्षक राइटिंग स्किल का प्रदर्शन किया। राइटिंग का निरीक्षण कर रहे जजों ने बताया कि यह निर्णय लेना काफी मुश्किल प्रतीत हो रहा था कि बेस्ट राइटिंग किसका है। सभी वन ऑफ द बेस्ट जैसे लग रहे थे। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में अपने हैंड राइटिंग को सुधारने की उत्सुकता बढ़ती है। इसके फलस्वरूप स्टूडेंट्स के राइटिंग सुस्पष्ट एवं सुंदर बनते हैं।

वहीं वाइस प्रिंसिपल शिल्पी रानी ने बताया कि बच्चों के राइटिंग के प्रति विद्यालय के सभी शिक्षक सक्रिय



लेखन प्रतियोगिता में भाग लेतीं बच्चियां।

रहते तथा बच्चों को लेखन संबंधित नियमित मार्गदर्शन करते रहते हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के समक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा के द्वारा उत्कृष्ट राइटिंग वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका आशुतोष कुमार, अनीमा एक्का, निशा सिंह, शिवानी कुमारी, किरण कुमारी, निधि कुमारी, पंकज खलखो, सुधीर कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

**सफल प्रतिभागी :** इस प्रतियोगिता में चयनित सफल प्रतिभागियों में रिया कुमारी, जीनत परवीन, राधिका कुमारी,आराध्या कुमारी, कोमल कुमारी, राजकुमार, नैंसी झा, किरण कुमारी, अभिषेक उरांव,अमन मुंडा, रिया बरार और राखी कुमारी शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### वास्तु बिहार में सावन मिलन समारोह आयोजित



**रांची।** पवित्र श्रावण मास के अवसर पर वास्तु विहार, मेसरा रांची में सावन मिलन का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। महिलाओं ने सावन मिलन कार्यक्रम पर विभिन्न प्रकार के आकर्षक सुंदर वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत संगीत, नृत्य व मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इसमें महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बेस्ट श्रृंगार प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय को पुरस्कार दिया गया और जिसकी मेहंदी बेस्ट रही, उसे भी प्रथम, द्वितीय व तृतीय का इनाम दिया गया। कार्यक्रम में रूबी सिंह, बरसा सिंह, पिंकी जायसवाल, अंजलि मुखर्जी, बबीता सिंह, अन्नु चौरसिया, रानी देवी, माया, खुशबू और ब्यूटी क्वीन ग्रुप की महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

### सावन महोत्सव में महिलाओं ने खूब की मस्ती



**रांची।** बहु बाजार स्थित सफायर रेसीडेंसी अपार्टमेंट में शनिवार को हरियाली सावन महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महिलाओं ने सावन महोत्सव पर खूब मस्ती किया। इस मौके पर महिलाओं ने हरे रंग का वस्त्र धारण कर शिव के भजनों एवं सावन के मनमोहक फिल्मी गीतों पर खूब झूमे एवं ठुमके लगाएं। एवं सावन महोत्सव में लगाए गए झूले में झूलकर झूले का आनंद लिया। मौके पर अंताक्षरी,हौजी गेम, गीत, शायरी, फैशन एवं अन्य मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं ने भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया एवं कहा की बदलते समय के साथ भारतीय पर्व एवं परंपरा को लोग भूलते जा रहे हैं। इस तरह के आयोजन से आपस में प्रेम- भाव, मिलना- जुलना बना रहता है। सावन महोत्सव मे सचिव उमा देवी, कोषाध्यक्ष नूतन भारती, संतोषी मुरारका, सारिका ठाकुर, जुली कुमारी, किरण सिंह, अनु रिचा, मंजू कुमारी, नीतू दास, सोनी ठाकुर, कालिंदी, अनुपम, पुष्पा, नीतू, रेणुका, आकांक्षा के अलावा बड़ी संख्या में अपार्टमेंट की महिलाएं उपस्थित थी।

### फाइन आर्ट विभाग में चित्रकला प्रदर्शनी कल से

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत फाइन ऑट डिपार्टमेंट के द्वारा राज्य स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी सह राज्य स्तरीय अवार्ड समारोह का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 7 अगस्त को मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट में किया जाएगा। विभाग के विभाग अध्यक्ष सुजीत सेन गुप्ता ने बताया कि 6 अगस्त तक प्रतिभागी अपना फॉर्म जमा कर सकते हैं, विशेष जानकारी के लिए रांची विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट विभाग में आकर संपर्क कर सकते हैं। विभागाध्यक्ष ने कहा कि इस प्रदर्शनी में पूरे राज्य के प्रतिभागी शामिल होंगे।

### एसआरडीएवी पुंदाग में विज्ञान प्रदर्शनी सह प्रतिभा सम्मान समारोह

**रांची।** एसआरडीएवी . पब्लिक स्कूल,पुंदाग में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसके मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक कुमार मनीष अरविंद तथा विशेष अतिथि आईआईएम रांची के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव थे। प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह हमारे लिए परम सौभाग्य का विषय है कि विद्यालय प्रांगण में हमारे विद्यार्थियों के नवाचारयुक्त परियोजना कार्यो को देखने तथा उनकी सराहना करने के लिए रांची के अनेक गणमान्य व्यक्ति एक साथ उपस्थित हैं। अतिथिगण के औपचारिक स्वागत के बाद विद्यालय के प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

### शिव अविनाशी हैं और संपूर्ण सृष्टि के रचयिता : स्वामी परिपूर्णानंद

**रांची।** स्वामी परिपूर्णानंद के श्रीमुख से शिवमहापुराण का व्याख्यान का पांचवां सोपान शनिवार को अग्रसेन पाथ श्याम मंदिर में प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि शिव अविनाशी है – पूर्ण साकार एवं निराकार – संपूर्ण सृष्टि के रचयिता हैं। शिव की अनुग्रह लीला का वर्णन करते हुए कहा कि वर्षा की बूंद कमल के फूल पर गिरते ही अनुपम छ्टा बिखेरती है , सिप के मुख में गिरते ही मोती बन जाती है और सर्प के सिर पर गिरते ही विष बन जाती है , इसी प्रकार शिवमहापुराण कथा अत्यंत पावन है जिसको प्रेमपूर्वक सुनने वाले हर प्राणी का लोक – परलोक सुधर जाता है और वो शिवलोक को प्राप्त करता है – स्वामी जी आगे व्यख्तान में कहा शिव सगुण अगुण और आदि हैं शिव पूजन से रोग , दुख , दरिद्रता, पाप , इत्यादि सभी तरह के भौतिक कष्टों का निवारण होता है और चित आनन्द, उत्साह एवम प्रसन्नता से खिल उठता है।

### जमीन कब्जा करने के आरोपी पप्पू गद्दी व सामो को जेल भेजा गया

**रांची।** झारखंड निवासी सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस स्वर्गीय युसूफ इकबाल की जमीन को हड़पने और बाउंड्री तोड़े जाने के मुख्य आरोपी पप्पू गद्दी और अली हुसैन उर्फ सामो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया। शनिवार को कोर्ट में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

### तीन दिवसीय सत्संग एवं आनंद प्रज्ञा शिविर 11 से

**रांची।** कन्वेंशन सेंटर दरभंगा हाउस में समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिय द्वारा 11 अगस्त से आनंदित जीवन कैसे जिए विषय पर सत्संग सह व्याख्यान देंगे। यह जानकारी शनिवार को प्रेस वार्त्ता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक आचार्य अमरेश झा ने दी। उन्होंने कहा कि अध्यात्म एवं सांसारिकता के समन्वय से समस्याओं को सहज बनाकर आज के तनाव भरे माहौल में भी कैसे आनंदमय जीवन बिताया जा सकता है,इस विषय पर सहज शब्दों में उपदेश और विचार सुनने का यह सुनहरा अवसर होगा। पहला दिन सर्व साधारण के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं होगा। 12 एवं 13 अगस्त को पूरे दो दिनों के लिए आनंद प्रज्ञा का शिविर रखा गया है। यह कार्यक्रम सीएमपीडीआई के रवींद्र भवन में होगा । प्रेस वार्त्ता में स्वामी यूपी सिंह भी मौजूद थे।

### छात्र संघ चुनाव के बाद सीनेट कराने की मांग

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक झा के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि (डीएसपीएमयू) के कुलपति तपन शांडिल्य जी को गुलाब फूल देकर गांधीगिरी तरीके से शांतिपूर्वक सीनेट की बैठक को छात्र संघ चुनाव के बाद कराने की मांग की। इस मौके पर विकाश, कैलाश, मुकेश, कुलदीप, रोशन, असफाक के अलावा कई छात्र उपस्थित थे।

# सरला बिरला स्कूल में 'वात्सल्यम' आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कक्षा-एक के छात्रों द्वारा सतत विकास की ओर विषय पर दादा-दादी का उत्सव 'वात्सल्यम' बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल, कुलपति, साईं नाथ विश्वविद्यालय और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत श्लोकोच्चारण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्रों ने दादा-दादी के प्रति अपने प्यार को दर्शाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने गीत इको-ल्यूजन प्रस्तुत किया, जिसमें धरती माता की उदारता का आनंद लेने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया गया। बच्चों ने मंच पर एक्वेटिक मैलोडीज कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसमें जल संरक्षण की आवश्यकता को दशार्या गया। बैकपैक टू द फ्यूचर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अगर हम



'वात्सल्यम' कार्यक्रम के मौके पर बच्चे।

ऊर्जा के स्त्रोतों के व्यापक और बेपरवाह उपयोग को नहीं रोकेंगे, तो भविष्य कैसा होगा। इसके बाद डेप्यूटी लिट्रेरी सेक्रेटरी, नभ्या लाल ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद लक्ष्य कार्यक्रम के तहत आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की दर्शकों ने बेहद सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन, विद्यालय गीत और उसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम की सफलता उपस्थित दादा-दादी की मुस्कान और भावुक आंखों से स्पष्ट थी, क्योंकि वे अपने पोते-पोतियों को उनके लिए प्रदर्शन करते देखकर अभिभूत थे। मुख्य अतिथि ने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत आज के इस भव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। वे प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर के इस वक्तव्य से सहमत थे कि बच्चों का स्क्रीनटाइम कम किया जाना चाहिए। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रतिवर्ष ऐसे प्रासंगिक विषयों पर कार्यक्रम के संचालन के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की।

# वाइल्ड वादी वाटर पार्क में 31 अगस्त तक विशेष ऑफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** टॉरियन वर्ल्ड स्कूल के समीप स्थित वाइल्ड वादी वाटर पार्क में विश्व आदिवासी दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए झारखंड वासियों के लिए शानदार ऑफर पेश किया जा रहा है। ऑफर की जानकारी देते हुए वाइल्ड वादी के संचालक संजीव जायसवाल ने बताया कि 31 अगस्त तक वाइल्ड वादी की एंट्री फीस मात्र 100 रुपये प्रति व्यक्ति की जा रही है। इसके तहत एडवेंचर लवर्स स्पिनर राइड, जिपलाइन, मल्टीलेन स्लाइडर, वेब पुल, एम्यूजमेंट पार्क, बर्ड पार्क, स्पिनर राइट, रोप कोर्स, गोगो साइकल, चिल्ड्रन बोट आदि जैसे वाटर स्पोर्ट्स का आनंद उठा सकते हैं। लोगों ने वाटर पार्क को बहुत पसंद किया है। आज लोग यहां झारखंड के कोने-कोने से मनोरंजन करने आ रहे हैं। यहां आने वाले सभी पर्यटकों को टिकट के अलावा कॉस्टयूम, लॉकर और पार्किंग जैसी सुविधा बिल्कुल मुफ्त दी जा रही है। साथ ही, पार्क के अंदर ही फैमिली पिकनिक मना सके, उसके लिए भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा- मैं आप सभी से अपील करता हूं कि बड़ी संख्या में वाटर पार्क आयें और ऑफर का लाभ उठायें।



वाइल्ड वादी वाटर पार्क में मौजूद सुविधाएं।

# बच्चे को छह माह तक स्तनपान जरूरी : डॉ अनुपमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पारस एचइसी अस्पताल में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। इसमें रांची की कई महिलाओं ने भाग लिया। गौरतलब है कि 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसी उपलक्ष्य में रांची के पारस अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपमा सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके स्तनपान संबंधी अधिकार के प्रति जागरूकता प्रदान करना है। साथ ही, कार्यालयों में भी स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए सुविधायुक्त माहौल बनाना है। उन्होंने स्तनपान संबंधी जरूरी जानकारियां देते हुए कहा कि नवजात शिशु के लिए पीला गाढ़ा चिपचिपा युक्त मां के स्तन का दूध कोलेस्ट्रमयुक्त संपूर्ण आहार होता है, जिसे बच्चे के जन्म के तुरंत बाद एक घंटे के भीतर ही शुरू कर देना चाहिए और कम से कम 6 महीने तक बच्चे को स्तनपान जरूर करानी चाहिए।

डॉ अंशु अग्रवाल ने स्तनपान के



कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

महत्व का ज़िक्र करते हुए सभी माताओं को बताया की मां का दूध कब से बनना शुरू होता है और बच्चे को कब से कब तक मां का दूध पिलाना चाहिए। 6 महीने के बाद बच्चे को धीरे-धीरे फूड सप्लीमेंट देना चाहिए। कम से कम दो साल तक बच्चे को स्तनपान कराना चाहिए। वरिष्ठ डायटीशियन मिस समाप्ति ने शिशु की मां को कैसा आहार लेना चाहिए, इसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चे को स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषक एवं नियमित आहार लेनी चाहिए। मां का दूध बच्चों को कई बीमारियों से बचाते हैं। बच्चों का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। डॉ पूनम बंका ने महिलाओं को स्तनपान से जुड़ी अहम जानकारियां दी। डॉ बंका ने बताया कि स्तनपान मां और बच्चे में एक अटूट और प्राकृतिक बंधन बनाता है। पारस एचइसी अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका ने उपस्थित माताओं से स्तनपान से संबंधित कई सवाल किये गये, सही जवाब देने वाली माताओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर पारस एचइसी अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ पूनम बंका, डॉ अंशु अग्रवाल, डॉ अनुपमा सिंह एवं अस्पताल के डायटीशियन मिस समाप्ति तथा डॉ विकास आनंद उपस्थित थे।

**खबर एक नजर में**

## विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी बैठक संपन्न



**रांची।** नगरा टोली सरना भवन सभागार में विश्व आदिवासी दिवस आयोजन समिति के तत्वावधान में 9 अगस्त की तैयारी बैठक हुई। आयोजन समिति की महिला नेत्री अध्यक्षा निरंजना हेरेंज टोप्पो ने पूरे आदिवासी समाज से अपील की है कि सभी संगठन लॉ मिनिस्टर के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र संघ को भी भारत में हो रहे आदिवासियों के साथ अत्याचार और अन्याय के लिए शिकायत पत्र दें। वहीं पाहन महासंघ ने कहा कि राजनीतिक षड्यंत्र और कॉरपोरेट घराना के कारण प्रकृति के संरक्षण और संवर्द्धन करने वाले आदिवासी जनजाति समाज विलुप्त होने के कगार पर है। बैठक में हलदर चंदन पाहन, विक्की पाहन, राजकुमार कुंजम, अजय टोप्पो, उर्मिला भगत, गीता लकड़ा, डेंगू लकड़ा, मुन्ना टोप्पो आदि थे।

## कुछ ट्रेनों का किराया होगा सस्ता

**रांची।** रांची-हटिया से चलने वाली कुछ ट्रेनों का किराया जल्दी कम किया जायेगी। इस संबंध में रेलवे बोर्ड की ओर से जल्द निर्णय लिये जाने की संभावना है। इसमे धनबाद-टाटा स्वर्णरेखा एक्सप्रेस, धनबाद-रांची इंटरसिटी और दुमका-रांची-बाबाधाम इंटरसिटी एक्सप्रेस शामिल है। इन ट्रेनों में एसी चेयरकार का किराया जल्द सस्ता हो सकता है। रेलवे बोर्ड ने पिछले दिनों वैसी ट्रेनों में छूट की पेशकश की थी, जिन ट्रेनों में एसी चेयरकार और एग्जीक्यूटिव क्लास में 50 प्रतिशत से कम सीटें बुक हो रही हैं। छूट का निर्धारण करने की जिम्मेदारी जोनल रेलवे को सौंपी गयी है। जोनल रेलवे जल्द ही तीनों ट्रेनों में छूट लागू करने संबंधी अनुशंसा सीआरआइएस को भेजेगा। सीआइआरएस सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव कर ट्रेनों में 25 प्रतिशत तक किराया छूट की व्यवस्था लागू की जायेगी।

# झारखंड आदिवासी महोत्सव को लेकर राजनीति शुरू, सरना समिति ने गठबंधन सरकार को घेरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस को यादगार बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर पहली बार वर्ष 2022 में मोरहाबादी में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। उसे 'झारखंड जनजातीय महोत्सव' का नाम दिया गया था। इस साल महोत्सव का नाम, स्वरूप और जगह बदल गया है। सीएम की पहल पर इस वर्ष आदिवासी महोत्सव का व्यापक स्वरूप दिया जा रहा है। इसको लेकर राजनीति भी शुरू हो गयी है।

ज्ञात हो कि झारखंड सरकार की ओर से इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस को 'झारखंड आदिवासी महोत्सव' के रूप में मनाए जाने की तैयारी है, जो दो दिनों तक चलेगा। मुख्य आयोजन पुराना जेल रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में होगा। महोत्सव में जनजातीय कला संस्कृति, खान-पान, वेश-भूषा का अनोखा संगम दिखेगा। इसको लेकर राष्ट्रीय स्तर के आदिवासी मामलों के जानकार मंथन करने जुटेंगे।

झारखंड सरकार की ओर से इस तरह की तैयारी को देखते हुए आदिवासी संगठनों के साथ विपक्षी दलों द्वारा सवाल उठाये जाने लगे है कि इतने व्यापक स्तर पर विश्व आदिवासी दिवस को मनाने के पीछे का मकसद क्या है। कहीं लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए आदिवासी वोटरों को अपने पक्ष में करने की तैयारी तो नहीं है।



### आदिवासी सरना समिति निकालेगी आक्रोश मार्च

आदिवासी दिवस को लेकर राज्य सरकार की ओर से की जा रही तैयारी पर पूर्व विधायक देवकुमार धान ने कहा कि आदिवासियों पर देश में इतना कुछ हो रहा है और मुख्यमंत्री उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को क्यों नहीं समझ में आ रहा है कि मणिपुर में आदिवासी समाज पर अत्याचार हो रहा है। दूसरी तरफ यूनिफॉर्म सिविल कोड लाकर आदिवासियों की पहचान खत्म करने की तैयारी चल रही है। मध्य प्रदेश में दलित पर पेशाब करने जैसी अमानवीय घटना हुई है। लिहाजा, आदिवासी सरना समिति अपने गौरव दिवस को उत्सव के रूप में नहीं बल्कि आक्रोश को रूप में मनाएगी। हम कोई खुशी नहीं मनाएंगे। हम न नाचेंगे और न गायेंगे। काला बिल्ला लगाकर पूरे देश में मार्च करेंगे। उन्होंने कहा है कि झारखंड सरकार सिर्फ वोट बैंक के लिए आदिवासी प्रेम दिखाने की कोशिश कर रही है।

**आदिवासी कला-संस्कृति सम्मान करती रही है भाजपा :** बीजेपी का कहना है कि आदिवासी कला-संस्कृति को बढ़ाने का भाजपा हमेशा समर्थन करती है, बावजूद लोकसभा चुनाव के पहले इस तरह के आयोजन पर सवाल तो उठेगा ही। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि सरकार को चाहिए कि आदिम जनजातियों की समृद्ध संस्कृति से भी लोगों को रूबरू कराए।

**देवकुमार धान का है भाजपा के प्रति रूझान : झामुमो**
केंद्रीय सरना समिति के सवाल पर झामुमो नेता मनोज पांडेय ने कहा है कि देवकुमार धान का भाजपा के प्रति रूझान है। वह भाजपा के इशारे पर ऐसी बातें कह रहे हैं। वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। हमारी पार्टी ने आदिवासी दिवस को परंपरा के रूप में मनाने की शुरूआत की है। इसलिए अनर्गल बातें कर रहे हैं।

**आदिवासी वोट बैंक का खेल :** राजनीति के जानकारों का कहना है कि राजनीतिक पार्टिया अच्छी तरह से जानती है कि झारखंड में आदिवासी वोट साधे बगैर सत्ता तक पहुंचना टेढ़ी खीर है। वर्तमान में एसटी की 28 सीटों में सबसे ज्यादा झामुमो के पास 19 सीटें हैं। 6 सीटों के साथ कांग्रेस दूसरे स्थान पर है। 2014 के चुनाव में 11 सीटें जीतने वाली भाजपा 2 सीटों पर सिमट गई है। भाजपा ने तो बाबूलाल को सामने लाकर मैसेज भी दे दिया है कि वह आदिवासी समाज की कितनी हिमायती है लेकिन हेमंत सोरेन अपनी पकड़ को और मजबूत बनाने में जुटे हैं। वह बताना चाह रहे हैं कि सत्ता सबसे ज्यादा समय तक भाजपा के हाथ में रही है फिर भी आदिवासी समाज का भला नहीं हो पाया।

### रांची में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक, दिए कई निर्देश

# समारोह से पूर्व सभी तैयारी सुनिश्चित करें पदाधिकारी, सुरक्षा रहेगी कड़ी : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक यातायात सह ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, रांची एच.बी. जमां, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), अपर समाहर्त्ता रांची, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची सहित अन्य संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी और सफल संचलान को लेकर विचार-विमर्श करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी पर विचार विमर्श करते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 को आगन्तुकों के लिए मैदान के दायीं और बायीं ओर वाटरप्रूफ पण्डाल/गैलेरी/कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण एवं बैरिकेटिंग, स्टेज एवं साउंड बॉक्स के लिए टॉवर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिला नजारत उपसमाहर्त्ता को मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, आयोजन स्थल के मुख्य मंच एवं आमंत्रित अतिथिगणों के बैठने की व्यवस्था आदि से संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची को विद्युत व्यवस्था एवं साउण्ड प्रूफ जेनरेटर की व्यवस्था को लेकर अंतिम रुप से तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम स्थल में पेयजल आपूर्ति, वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था, परेड पूर्वाभ्यास में भाग लेने वाले कैडेटों के लिए मोरहाबादी मैदान में अस्थायी शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पेय जल एवं स्वच्छता विभाग वितरण प्रमण्डल गोंदा को उपायुक्त ने दिया।

मोरहाबादी की ओर जानेवाली सड़कों की मरम्मत एवं साफ सफाई, चिकित्सा मेडिकल कैंप और अग्निशमन व्यवस्था को लेकर भी तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड आदिवासी महोत्सव - 2023 के आयोजन को लेकर भी उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में चल रही तैयारी का उपायुक्त व एसएसपी ने लिया जायजा



**विश्व आदिवासी दिवस**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर 9 अगस्त को जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान संग्रहालय में होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा शनिवार को डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने लिया। अधिकारियों ने सेमिनार, पेंटिंग, एग्जिबिशन, लेजर शो, मुख्य कार्यक्रम स्थल आदि में चल रही तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान वीवीआईपी और आम लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसे लेकर उपायुक्त ने इवेंट मैनेजमेंट टीम और संबंधित अधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।

**पार्किंग व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दिया निर्देश :** कार्यक्रम स्थल में वीआइपी पार्किंग और आसपास ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रहे इसको लेकर डीसी-एसएसपी ने डीटीओ व ट्रैफिक एसपी को भी निर्देश दिए। इस दौरान एसपी सिटी एस जैन, एसी राजेश बरवार, एडीए लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वरनाथ आलोक, डीटीओ प्रवीण प्रकाश आदि थे।

## झारखंड आदिवासी महोत्सव में पारंपरिक आदिवासी आभूषणों की लगेगी प्रदर्शनी

### पलाश ब्रांड के उत्पाद का भी लगेगा स्टॉल, दीदी कैफे में मिलेंगे आदिवासी लजीज व्यंजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखण्ड आदिवासी महोत्सव-2023 में पारंपरिक आदिवासी आभूषणों और पलाश ब्रांड के उत्पादों के भी स्टॉल लगाए जाएंगे। जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर सखी मण्डल की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों (पलाश ब्रांड एवं आदिवा ब्रांड) की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जायेगी। पलाश ब्रांड के तहत राज्य भर की ग्रामीण महिलाएं खाद्य और गैर-खाद्य उत्पादों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से अपनी आजीविका सुनिश्चित करती हैं।

**आदिवासी आभूषणों का ब्रांड अदिवा :** आदिवा ब्रांड के तहत पारंपरिक आभूषणों का मूल्यवर्धन कर बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि आदिवासी पारंपरिक कला एवं संस्कृति लोगों तक पहुंच सके। आदिवासी महोत्सव में लोक पारंपरिक आदिवासी आभूषणों को देख और खरीद पाएंगे। पलाश के स्टॉल में 30 से ज्यादा उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जायेगी। जैसे-शुद्ध शहद, कोल्ड-प्रेस्ड सरसों का तेल, काला गेहूं का आटा, हल्दी, मिर्च पाउडर, रागी का आटा, रसायन-मुक्त साबुन, कुकीज, आदि।

**आजीविका दीदी कैफे में उठायें आदिवासी व्यंजनों का लुत्फ :** महोत्सव में आजीविका दीदी कैफे का भी स्टॉल लगया जाएगा। इसमें लोग झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों जैसे राइस डंबु, मडुवा डंबू, धुस्का घुघनी, मडुआ पकौड़ा, माढ़ जोर, दाल पीठा आदि का लुत्फ उठा सकेंगे।

## 12 आपराधिक गिरोह के 119 अपराधियों पर होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एसएसपी कौशल किशोर के निर्देश पर रांची जिला में सक्रिय 12 आपराधिक गिरोह के 119 अपराधियों पर कार्रवाई होगी। इनमें से 64 अपराधियों का सत्यापन हो चुका है। अन्य के सत्यापन की कार्रवाई रांची पुलिस के द्वारा की जा रही है। रांची पुलिस अपराधी का नाम, गिरोह का नाम, बेलर का सत्यापन, जेल में है या बाहर, पारिवारिक सूची, अपराधी की संपत्ति, पनाह लेने का स्थान और अपराधिक इतिहास आदि जानकारियां भी जुटा रही है।

**108 बेलर में से 66 का सत्यापन कर चुकी है पुलिस :** रांची पुलिस ने गिरोह के 119 अपराधियों के 108 बेलर में से 66 का सत्यापन कर चुकी है। बाकी का सत्यापन और बेल कैंसिलेशन का कार्य किया जा रहा है। अपराधियों के खिलाफ दर्ज 12 कांडों का चयन स्पीडी ट्रायल के लिए किया गया है। इसके अलावा रांची जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 49 भू-माफियाओं और जमीन दलालों का भी सत्यापन किया गया है। इसमें से 24 का प्रोफाइल तैयार किया गया ह। रांची पुलिस ने आर्म्स एक्ट मामलों के 268 अभियुक्त का भी सत्यापन किया जा चुका है।

### रांची पुलिस ने भेजे इतने प्रस्ताव

रांची पुलिस ने सीसीए की धारा 12 के तहत तीन प्रस्ताव भेजे हैं। तड़ी पार के लिए भी तीन प्रस्ताव भेजे गये हैं। इसके अलावा थाना हाजिरी की कार्रवाई के लिए 14 प्रस्ताव भेजे हैं। सर्विलांस प्रोसिडिंग के लिए रांची पुलिस द्वारा 17 प्रस्ताव भेजे गये हैं।

## व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर क्रिप्टो करेंसी के नाम पर फ्रॉड, आइसी-4 ने किया सतर्क, पुलिस जुटी ट्रेनिंग में

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** क्रिप्टो करेंसी निवेश को लेकर अगर आवश्यक सावधानियां नहीं बरती गई तो यह बड़े वित्तीय घाटे का कारक बनेगा। क्रिप्टो करेंसी के जरिए ठगी ने देश में एक बड़े साइबर खतरे को सामने लाया है। यह पुलिस के लिए भी एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। क्योंकि पुलिस को यह पता ही नहीं है कि क्रिप्टो करेंसी के जरिए की गई ठगी तुरंत कैसे रोके। ऐसे समय में झारखंड पुलिस ने इंडियन साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर यानी आईसी 4 की मदद से क्रिप्टो करेंसी में शामिल ठगों के नेटवर्क को तोड़ने की रणनीति पर काम करना शुरू किया है।

**आईसी 4 दे रहा झारखंड पुलिस को ट्रेनिंग :** क्रिप्टो करेंसी को लेकर हो रही ठगी को लेकर झारखंड पुलिस भी परेशान है। झारखंड में अब तक दो ही मामले थाना में रिपोर्ट हुए हैं। दो ही मामलों में 2 करोड़ 33 लाख की ठगी कर ली गई. ऐसे में झारखंड सीआईडी की टीम ने बिना देरी किए इंडियन साइबर को-ऑर्डिनेशन सेंटर यानी आईसी 4 की मदद से अपने पुलिस अफसरों को ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है। ताकि क्रिप्टो करेंसी के जरिए संभावित ठगी के खतरों से निपटा जा सके। झारखंड सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि हमारे यहां दो ही मामले आए हैं, लेकिन दोनों ही बेहद गंभीर हैं। ऐसे में पुलिसकर्मियों को इस प्रस्तुति से निपटने में निपुण होना होगा। सीआईडी डीजी के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड पुलिस ने तुरंत केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन काम करने वाले आईसी 4 से मदद मांगी और उन्होंने तुरंत एक टीम भेज कर झारखंड पुलिस के अफसर को ट्रेंड करना शुरू भी कर दिया है। झारखंड साइबर क्राइम ब्रांच के एसपी, डीएसपी, सहित करीब 40 अफसरों को बताया जा रहा है कि क्रिप्टो करेंसी के जरिए किस तरह से ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, इसकी जांच कैसे की जाएगी और अगर बड़ी ठगी के मामले सामने आ जाते हैं तो उसमें किन-किन एजेंसियों से मदद लेनी है।

## खूंटी : बाइक सवार बदमाशों ने व्यवसायी से लूटे 3 लाख रुपये

### भागने के क्रम में युवक को मारी गोली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खूंटी।** खूंटी जिले के अड़की थाना अंतर्गत पुरनानगर पंचायत के कडरूडीह पुल के पास शुक्रवार शाम बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर पुरनानगर के व्यापारी से 3 लाख रुपए लूट लिया और भागने के क्रम में अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार व्यापारी बादल साहू बाइक से तमाड़ थाना क्षेत्र के डोरेया बाजार से अपने घर अड़की थाना क्षेत्र के पुरनानगर लौट रहा था। इसी दौरान कडरुडीह पुल के पास बाइक सवार अपराधियों ने ओवरटेक कर रोका और पिस्टल का भय दिखाकर उसके पास से 3 लाख लूट लिये। लूट की सूचना बादल साहू ने पुरनानगर के लोगों को दी और बताया कि अपराधी पुरनानगर की ओर भाग निकले। इस सूचना पर पुरनानगर चौक पर जमा गांव वाले लाठी डंडे फरसा लेकर अपराधियों की बाट जोहने लगे। तभी बाइक सवार अपराधी वहां पहुंचे और अपने को घिरता देख पिस्टल हवा में लहराते हुए गोली चला दी जो कमलेश प्रमाणिक के जांघ में लगी। गोली चला देख लोग इधर-उधर भाग गए। इसी बीच अपराधी मौका का फायदा उठाकर पुरनानगर अड़की भाया बारूडीह के रास्ते की ओर की ओर भाग गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल की ओर रवाना हुई, जिस तरफ अपराधी भागे थे पुलिस उसके विपरीत दिशा से जा रही थी। पुलिस ने बारूडीह जंगल में लावारिस खड़े बाइक को जप्त कर लिया जिसे छोड़कर अपराधी जंगल में भागे थे। पुलिस, सीआरपीएफ, एसएसबी के जवान और करीब 300 से अधिक ग्रामीण जंगल में सर्च अभियान चला कर अपराधियों की खोज की जा रही है।

### रिम्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग में स्तनपान सप्ताह का आयोजन, चिकित्सकों ने कहा

# स्तनपान से ब्रेस्ट कैंसर का खतरा होता है कम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्तनपान के महत्व पर जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम हुये। स्तनपान सप्ताह हर साल अगस्त के पहले हफ्ते के पूरे 7 दिन तक मनाया जाता है। शनिवार को स्तनपान सप्ताह के तहत एक सिम्पोजियम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर रिम्स निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता, डीन डॉ विद्यापति, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग से डॉ नीलम नलिनी मौजूद थे।

**स्तनपान के लिए जागरूकता जरूरी :** कार्यक्रम में रिम्स निदेशक डॉ गुप्ता ने कहा कि नवजात शिशुओं के लिए शुरूआती 6 माह तक सिर्फ स्तनपान कराना अति आवश्यक है। इसके प्रति सभी को जागरूक करना महत्वपूर्ण है। मां का दूध नहीं मिलने के कारण शिशु के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है।



### बच्चों में बीमारियों से लड़ने की बढ़ती है क्षमता

डॉ विद्यापति ने कहा कि स्तनपान की महत्व है कि इस दौरान शिशु अपने मां के करीब होता है। आगे जाकर मां और शिशु का रिश्ता और गहरा होता है। साथ ही स्तनपान कराने से शिशु का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है और ब्रेस्ट कैंसर जैसी बीमारी का खतरा कम होता है। इसलिए जरूरी है कि सभी स्तर पर इसके प्रति जागरूकता लायें और स्तनपान को बढ़ावा दें।

### मां और शिशु में घनिष्ठता बढ़ाता है स्तनपान

डॉ नीलम नलिनी ने कहा कि स्तनपान माता और शिशु की घनिष्ठता को बढ़ावा देता है। इस निजता में अधिक लोगों का हस्तक्षेप स्तनपान विफलता का एक कारण बन जाता है। कामकाजी महिलाओं के स्तनपान न करा पाने की समस्या के संबंध में उन्होंने कहा कि मिल्क बैंकिंग की सुविधा शुरू होने से कामकाजी महिलाओं को कुछ हद तक मदद मिल रही है और यह एक अच्छी पहल है।

### प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

ब्रेस्टफीडिंग वीक के दौरान नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में धात्री माताओं को स्तनपान के विषय में जानकारी दी। इसके महत्व के बारे में उन्हें बताया। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल डिस्कशन, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके विजेताओं को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया।

## लोजपा ने जिला कमेटी का किया विस्तार

**रांची।** जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की बैठक शनिवार को ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिनेश सोनी ने जिला कमेटी का विस्तार किया। नई कमेटी इस प्रकार है। जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष राधे सिन्हा, उपाध्यक्ष रामाधार तिवारी आकाश, प्रधान महासचिव पीके तिवारी, महासचिव धीरेंद्र पासवान, बालचंद मुंडा एवं प्रमोद एक्का, सचिव सरवन कुमार, अमित प्रजापति एवं रितेश कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष आनंद वर्मा, संगठन मंत्री भोला सिंह प्रकाश उरांव, सलाहकार मंत्री प्रदीप पासवान रांची जिला सदस्य अमर मुंडा वहीं अल्पसंख्यक संयोजक सोहेल खान को बनाया गया है।

**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि रजौली-चन्दवारा बरही पथ भाया सुभाष चौक,रेलवे स्टेशन से महाराणा प्रताप चौक (पथ की लंबाई-2.90 कि0मी0) में पथ का Rigth of Way(ROW) 100 फीट है। पथ के मध्य भाग से दोनों तरफ 50 फीट-50 फीट जमीन का स्वामित्व पथ निर्माण विभाग के पास है। इसमें बिना पूर्वानुमति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अवैद्य माना जायेगा एवं इसे अतिक्रमण मानते हुए अवैद्य निर्माण को हटाने हेतु झारखण्ड राजमार्ग अधिनियम 2005 के अनुसार नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। ज्ञातव्य है कि पथ में जमीन भविष्य में पथ के विस्तार हेतु सुरक्षित है।

अतः इस सूचना के माध्यम से सभी लोगों को निदेशित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपना-अपना अवैद्य निर्माण पथ की जमीन से हटा लें अन्यथा बाध्य होकर विशेष मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाया जायेगा एवं इसमें आनेवाले व्यय की राशि संबंधित व्यक्ति से वसूल की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता-सह-
राजमार्ग पदाधिकारी
प0नि0वि0,पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 304091 Road (23-24)_D

समय संवाद

### महिलाओं में बढ़ी नशा सेवन की प्रवृत्ति

**बीते कुछ** बरसों में धुआं रहित तम्बाकू उत्पादों का सेवन हो या धूम्रपान, तम्बाकू का सेवन पुरुषों ही नहीं बल्कि महिलाओं में भी बढ़ा है। यहां तक कि किशोरियों और युवतियों में भी टोबैको उत्पादों का सेवन देखने में आ रहा है जिसके चलते महिलाओं में दूसरी शारीरिक बीमारियां ही नहीं बढ़ रहीं, प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सेहत से जुड़े इन जोखिमों के बावजूद तंबाकू सेवन अब बड़ी संख्या में महिलाओं की जीवनशैली का हिस्सा बन गया है। ज्ञात हो कि सामाजिक-पारिवारिक ढांचे में बड़ा अंतर होने के बावजूद सिगरेट पीने के मामले में अमेरिकी महिलाओं के बाद दूसरे नम्बर पर भारतीय महिलाएं ही हैं।

# नशे से बच्चों को भारी नुकसान

**हाल** ही में गुजरात के मेहसाणा जिले में एक नवजात बच्चे का पूरा शरीर नीला पड़ जाने के बाद डॉक्टरों द्वारा की गई गहन जांच में बच्चे के शरीर में भारी मात्रा में निकोटिन पाया गया। इसका कारण नवजात की मां को 15 साल की उम्र से तम्बाकू खाने की लत थी। हर रोज 10-15 पाउच तम्बाकू-गुटखा खाने की इस आदत का कोख में पल रहे बच्चे पर गहरा दुष्प्रभाव पड़ा। चिकित्सकीय रिपोर्ट के अनुसार, जन्म के बाद नवजात में निकोटिन का जो स्तर पाया गया वह वयस्कों में निकोटिन के सामान्य स्तर से 3000 गुना तक ज्यादा है। गर्भावस्था में मां द्वारा तम्बाकू सेवन किए जाने के कारण बच्चे के लिए जन्म से पहले ही स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम खड़े हो गए। विशेषज्ञों के मुताबिक, बच्चे के शरीर में निकोटिन खून, नाल और प्लेसेंटा के जरिये पहुंचा।

**चिंतनीय है असर**

नार्वे में हुए एक अध्ययन के अनुसार, धूम्रपान से महिलाओं की हड्डियों के खोखला होने, हृदय रोग, समय से पहले रजोनिवृत्ति और बांझपन की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। सिगरेट पीने वाली महिलाओं में मेनोपॉज, धूम्रपान न करने वाली महिलाओं की अपेक्षा



एक से 4 साल पहले होता है। समझना मुश्किल नहीं कि मेनोपॉज के बाद तो हार्मोनल बदलावों से बहुत स्वास्थ्य समस्याएं दस्तक देने लगती हैं। इतना ही नहीं, महिलाओं में तम्बाकू का सेवन गर्भपात और असामान्य बच्चों के जन्म का भी बड़ा कारण बन रहा है। इन उत्पादों का सेवन करने वाली महिलाओं में फेफड़ों के कैंसर की आशंका पुरुषों की तुलना में दस गुना ज्यादा बढ़ जाती है। तम्बाकू उत्पादों की वजह से गर्भवती महिलाओं में एनीमिया का खतरा 70 प्रतिशत तक बढ़ा है। गौरतलब है कि तम्बाकू में निकोटिन, कार्बन मोनो ऑक्साइड समेत 60 तरह के विषाक्त तत्व होते हैं, जो तंबाकू, गुटखा, सिगरेट के जरिये रक्त में पहुंचते हैं। श्वसन प्रक्रिया पर असर डालते हुए ऑक्सीजन लेने और कार्बन डाई ऑक्साइड छोड़ने की क्षमता कम करते हैं। सांस खींचते हुए ऑक्सीजन लेने में आने वाली कमी गर्भावस्था में और घातक हो जाती है। यह गर्भ में पल रहे भ्रूण के स्वास्थ्य और विकास पर दुष्प्रभाव डालने वाली स्थिति है। साथ ही तम्बाकू के सेवन की आदत से दिल की बीमारी, मुंह, फेफड़े, गले, पेट, गुर्दे, मूत्राशय एवं यकृत का कैंसर, मसूड़ों की बीमारी, ब्रेन अटैक, निमोनिया, उच्च रक्तचाप, लकवा, अवसाद, इंफर्टिलिटी और प्रतिरोधक क्षमता में कमी आने जैसी अनगिनत क्रॉनिक समस्याएं पैदा हो रही हैं।

**बाजार दे रहा बढ़ावा**

देखने में आ रहा है कि तम्बाकू और सिगरेट उद्योग के लिए आधी आबादी एक अच्छा और बढ़ता ग्राहक वर्ग बन गया है। महिलाओं में बढ़ते आर्थिक आत्मनिर्भरता के आंकड़े और तथाकथित खुली सोच ने ऐसे उत्पादों के सेवन को प्रोत्साहन दिया है। स्पष्ट दिखता है कि तम्बाकू विज्ञापनों में महिलाओं और लड़कियों को भी हिस्सा बनाया जाता है।

ऐसे विज्ञापनों में खूबसूरती और तम्बाकू के मेल से खुलेपन और ज़िंदादिली के साथ जीने की एक नई परिभाषा गढ़ी जा रही है। बाजार के जाल में फंसकर यह न भूलें कि जीवन के किसी भी मोर्चे पर सशक्त और कामयाब उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए अच्छी सेहत होना सबसे ज्यादा जरूरी है। अपने सुखी संसार को जीने के लिए सेहतमंद होना सबसे पहली शर्त है। ऐसे में जिंदादिली और आधुनिक जीवनशैली के छलावे को जागरूक सोच के व्यावहारिक धरातल पर समझें।

# सभी सदगुरु एक हैं

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सभी धर्मों,** पंथ और संप्रदाय का मार्ग एक ही है और इस कारण भक्ति की उंची स्थिति में पहुंचना ही भक्त का उद्देश्य होना चाहिए। सनातन हिन्दू, इस्लाम, ईसाई सहित सभी धर्मों के गुरु का कार्य जीव का उद्धार कराना ही है। आज यह बड़ी बात है कि सगुण के रूप में सदगुरु के दर्शन और श्रवण का लाभ मिल रहा है। एक भक्त पटना आश्रम में आते थे। वृद्ध थे और रामायण की अच्छी जानकारी थी। लगभग चार-पांच साल तक आने के बाद भी वे मंत्र दीक्षा नहीं ले रहे थे। उन्हें शिकायत भी थी कि उनके मित्र और सहयोगी उन्हें दीक्षा लेने पर जोर दे रहे हैं। लगभग पांच साल ब्रह्म विद्यालय और आश्रम के पटना और मुख्य स्थान तक जाने के बाद उन्होंने अपनी शंका जाहिर की कि गुरुदेव हमने देवराहा बाबा से दीक्षा ली है तब क्या ब्रह्म विद्यालय की दीक्षा ली जा सकती है।

लोग कहते हैं एक ही गुरु किया जाना चाहिए। यह सच है कि एक गुरु होना चाहिए। लेकिन गुरु तत्व पूरे संसार में एक ही है। आवश्यकता है आप जीवन में इसे अपना लें। उन्होंने मंत्र दीक्षा भी ली और सन्यासी भी बन गये। गुरु पद है उसे स्वीकार्य किया जाना चाहिए। वे अति विनम्र और मधुर बोलने वाले थे। गुरु के प्रति आपका प्रेम और समर्पण आपको बड़े ही शानदार ढंग से लौटता है। इस का साक्षात उदाहरण हमारे दरबार में एक नहीं अनेकों हैं।

जीव के उद्धार के लिए परम



पूज्यनीय स्वामी शिवधर्मानंद जी ने जो वाणी और व्यवहार अपनाया वर्तमान समय में वह ज्ञान और भक्ति की संपूर्ण उंचाई का सर्वोच्च उदाहरण है। जब गढ़वा घाट काशी बनारस के स्वामी जी ने स्वामी शिवधर्मानंद जी को गंगा पार भेजा तो एक भी व्यक्ति सहयोग के लिए नहीं था। उन्हें एक गांव में भेज दिया। आज वही गांव पूरे देश में तत्व ज्ञान के प्रचार प्रसार का केन्द्र बना। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि काली मां के प्रति उनका जो प्रेम था उनका भाव था जिसमें रात-दिन डूबे रहते थे। स्वामी तोतेपूरे ने उन्हें ज्ञान का अहसास करा दिया। स्वामी रामकृष्ण उस परमतत्व को प्राप्त कर गुरु पद को सुशोभित किया। कार्यक्रम में भक्तों ने मंत्र दीक्षा प्राप्त की।

जैसे-जैसे आप गुरु से जुड़ते हैं वैसे-वैसे संसारिक से आपका संबंध कम होता जाता है। धीरे-धीरे आप भक्ति में जीते हुए गुरुमुख हो जाते हैं और आप जीव मुक्ति का मार्ग प्राप्त कर लेता है। निश्चित ही हम उसकी पूर्णता को समझ पाने में सफल होते हैं।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम राजपुर, बक्सर)

# सावन के झूलों का जिंदगी में बहुत महत्व है

**अणु जैन**

**भारत** की धरा पर हरियाली लाने वाले सावन के आने का भला किसे इंतजार नहीं होता। इस पूरे महीने युवतियों-महिलाओं के मन झूमने लगते हैं। न जाने किन-किन कल्पनाओं के झूलों में वे खो जाती रही हैं। एक जमाना हुआ करता था जब सावन के आगमन पर बाग-बगीचों, खुले मैदानों और यहां तक कि घरों में भी झूले पड़ जाया करते थे। खासकर, हरियाली तीज के उपलक्ष्य में हमजोली युवतियां-महिलाएं एकत्र होकर सामूहिक लोकगीतों के साथ झूला झूलती थीं। मगर बदलाव की प्रवृत्ति के चलते आलम यह है कि ऐसे झूले करीब-करीब यादों तक ही सिमट कर रह गए हैं। लेकिन अब भी गांव-देहात में झूले डाले जाते हैं। बच्चे तो झूल ही लेते हैं। कुछ शैक्षणिक व सामाजिक संस्थाएं भी तीज मनाने के लिए झूले झूलने के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। लेकिन पहले जैसा झूला झूलने का माहौल नहीं नजर आता है। दरअसल आधुनिकता की दौड़ में हम जैसे अपनी संस्कृति के अंग रहे रीति-रिवाजों को भूलते जा रहे हैं। वैसा ही कुछ झूलों के साथ हुआ। इसके बावजूद कि भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परंपरा वैदिक काल से ही चली आ रही है।

**प्रेम और प्रकृति से जुड़ी परंपरा**

पुराणों व अन्य ग्रंथों में भी झूलने के कई उल्लेख हैं। भगवान श्रीकृष्ण के राधा संग झूला झूलने का वर्णन है। मान्यता है कि इससे प्रेम बढ़ने के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। भले ही भारत के महानगरों में झूला संस्कृति लुप्त होती दिखाई देती है लेकिन राजस्थान के गांवों में आज भी यह परम्परा कायम है। नवविवाहिता जब सावन में अपने मायके आती है तो उसके ससुराल वाले उसे मिठाइयों के साथ पटरी तथा झूला (रस्सी) भिजवाते हैं। राजस्थान के गांवों की बुजुर्ग महिलाओं के मुताबिक, सावन के झूले रक्षाबंधन तक बंधे होते हैं जिन पर सारे गांव की बहू-बेटियां झूलती हैं। वहीं गुजरात में तो बालकनियों में बारह मास झूले लगे देखे जा सकते हैं।



**उत्साह भरने वाला योग**

कहा जाता रहा है कि बगीचों में झूला झूलना उत्साह भरने वाला होता है जो झूले नीम, बरगद और आम के पेड़ों पर डाले जाते हैं। इन पेड़ों से आक्सीजन की अच्छी खासी मात्रा शरीर को मिलती है। इससे शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ जाता है तथा मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलती है। वास्तव में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं देता बल्कि यह स्वास्थ्यवर्द्धक प्राचीन योग है। सावन में चारों तरफ हरियाली छाई होती है। हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है। इससे नेत्र ज्योति भी बढ़ती है। झूलते समय दृश्य कभी पास तो कभी दूर, इन सब उपक्रमों में नेत्रों का सम्पूर्ण व्यायाम हो जाता है।

**सकारात्मक सोच**

कई मनोचिकित्सकों का कहना है कि झूला झूलने के दौरान हमारे मस्तिष्क में मौजूद कुछ कैमिकल्स का स्राव तेजी से होता है जो हमारे दिमाग को सकारात्मक दिशा में सोचने के लिए आंदोलित करते हैं। इसी तरह आहार विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के मौसम में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है तो इस मौसम में झूला झूलना फायदेमंद होता है। ताजी हवा के झोंके जठराग्नि को सुचारु रूप से चलाने में मदद करते हैं।

**अच्छी कसरत भी**

झूला झूलना एक अच्छी कसरत है। बारिश के मौसम में धूल के सूक्ष्म कण, कार्बन के कण तथा कई हानिकारक तत्व जमीन पर आ जाते हैं। ऐसे में वायु शुद्ध हो जाती है क्योंकि दूसरे मौसम में ये कण वायु में मिश्रित रहते हैं। ऊपरी सतह की हवा में कुछ अशुद्धता रहती है। बारिश होने से ये कण जमीन पर बैठ जाते हैं, इसलिए झूला झूलते वक्त हमें ताजा हवा मिलती है। इसके कारण ग्रीवा की नसों में पैदा होने वाला तनाव कम पड़ता है जिससे स्मरण शक्ति तीव्र होती है। झूला झूलते समय सांस लेने की गति में तीव्रता आती है इससे फेफड़े सुदृढ़ होते हैं। इसके साथ ही झूलते समय श्वास तेजी से ली जाती है तथा फिर धीरे-धीरे छोड़ी जाती है,इससे प्राणायाम हो जाता है। खड़े होकर झूलते समय झूले को गति देने के लिए बार-बार उठक-बैठक लगानी पड़ती है। इन क्रियाओं से एक ओर हाथ-हथेलियों तथा उंगलियों का रक्त संचार सुचारू होता है वहीं दूसरी ओर हाथ, पैर, पीठ तथा रीढ़ की हड्डी का व्यायाम भी होता है। लेकिन गर्भवती महिलाओं तथा कुछ बीमारियों में झूला झूलने से परहेज करना चाहिए।

# पर्वतारोहण का जज्बा

**बछेंद्री** पाल का नाम जुबान पर आते ही आंखों के सामने पर्वतों की उंची पहाड़ी दिखने लगती हैं। वह माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला हैं। पर्वतारोहण खेल नहीं, जज्बा है जिसमें टीम वर्क, फ्लेक्सीबिलिटी, दृढ़ता और मजबूत इरादे का संगम होता है। इसके लिए कठिन परिश्रम रूपी घोर तपस्या करनी होगी। पर्वतारोहण सभी को अपनी तरफ आकर्षित करता है। पर, है बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण? लेकिन हाल के वर्षों में इस क्षेत्र के चलत हिंदुस्तान की विश्व पटल पर हमारे पर्वतारोहियों ने खूब चर्चाएं करवाई। भारत में कई पर्वतारोही खिलाड़ियों ने अपने असाधारण कारनामे से देश का नाम रौशन किया। पर्वत पर चहलकदमी करने की पहली शर्त होती है तन और मन दोनों को पत्थर जैसा बनाना। क्योंकि इस खेल में डर के आगे ही जीत होती है। पहाड़ चढ़ने के वक्त पर्वतारोहीयों की सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं हाइपोथर्मिया के चलते होती हैं। कारण होता है जब उनके शरीर का तापमान तेजी से गिरने लगता है जो 35 डिग्री या इससे कम हो जाता है तो उसे हाइपोथर्मिया कहते हैं ऐसे में खिलाड़ियों की सोचने और पर्वत पर चढ़ने की क्षमता कम हो जाती है। पर्वतारोहण क्षेत्र की हालिया एक दुखद घटना को सभी जानते हैं जो उत्तराखंड के पर्वतों पर हुई। उत्तरकाशी के द्रौपदी डांडा-2 पर्वत चोटी के पास हुए अचानक से हिमस्खलन में करीब 26 पर्वतारोहियों की असमय मौत हो गईं, घटना में कई खिलाड़ी लापता भी हुए जिनका अभी तक कोई अता-पता नहीं है। इस घटना में हमने विश्व प्रसिद्व पर्वतारोहण सविता कंसवाल को भी खो दिया है। जिन्होंने बेहद कठिन और तकनीकी रूप से माउंट मकालु पर एवरेस्ट पर्वतारोहण के 16 दिन के भीतर ही चढ़कर समूचे विश्व में हाहाकार मचा दिया था। जबकि,



वो इससे पहले भी चार वर्ष पूर्व में समुद्र तल से करीब सात हजार से भी ज्यादा मीटर ऊंचे त्रिशूल शिखर पर भी पर्वतारोहण का कारनामा कर चुकी थीं। सविता ने अभावों के भंवर से निकलकर पहाड़ों की रानी बनने की अद्भुत कहानी को इतिहास के पन्नों में दर्ज करवाया था, देश को उन पर हमेशा गर्व रहेगा। हरियाणा की पर्वतारोही अनिता कुंडू ने भी कई कारनामे किए हैं, हाल ही में उन्होंने चीन-नेपाल के दुर्गम पर्वतों को अपने कदमों से नापा है। कुलमिलाकर एक पर्वतारोही के लिए फौलादी जिगर और जज्बे का होना जरूरी है। पर्वतारोहण क्षेत्र के इतिहास पर नजर डालें तो पहली अगस्त को राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस मनाया जाता है जिसका श्रीगणेश 2015 में बॉबी मैथ्यूज और उनके दोस्त जोश मैडिगन को संमानित करने के बाद हुआ। दोनां ने न्यूयॉर्क में एडिरोंडैक पर्वत की तकरीबन सभी 46 चोटियों पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करके कभी ना टूटने वाला कीर्तिमान स्थापित किया है। दोनों संयुक्त रूप से अगस्त की पहली तारीख को अंतिम चोटी, व्हाइटफेस माउंटेन पर पहुंचे थे। इसलिए ये दिवस पर्वतीय पारिस्थितिकी प्रणालियों के संरक्षण और संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी खास माना जाता है। राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस मनाने के कई तरीके हैं। खिलाड़ी अपने स्थानीय पहाड़ों में पदयात्रा के लिए जा सकते हैं, किसी नई चोटी पर चढ़ सकते हैं, या बस पर्वतारोहण के बारे में और अधिक सीख सकते हैं।

# गुणकारी है हरा प्याज



क्या आपने हरे प्याज की सब्जी कभी खाई है? अगर नहीं, तो हरे प्याज के यह कमाल के सेहत फायदे।

- हरा प्याज खाने से इम्यूनिटी पॉवर बढ़ता है। हरा प्याज चेहरे की झुर्रियों को दूर करता है। इसे खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। हरा प्याज माइक्रो न्यूट्रिशन को बनाए रखता है।

- हरा प्याज खाने के कई फायदे हैं। हरे प्याज में क्रोमियम होता है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम बनाए रखता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। एंटी-बैक्टीरियल गुण के कारण ही इसे खाने से पाचन में भी सुधार होता है।

- हिस्टीरिया का मरीज अगर बेहोश हो जाए तो उसे प्याज कूटकर सुंघाएं। इससे रोगी तुरंत होश में आ जाता है। हरे प्याज में एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-हिस्टामाइन गुण भी होते हैं इसीलिए यह गठिया और अस्थमा के रोगियों के लिए लाभदायक रहता है।

- पेशाब होना बंद हो जाए तो दो चम्मच प्याज का रस और गेहूं का आटा लेकर हलवा बना लें। हलवा गर्म करके पेट पर लेप लगाने से पेशाब आना शुरू हो जाता है। प्याज पानी में उबालकर वह पानी पीने से भी पेशाब संबंधी समस्याएं समाप्त हो जाती हैं।

- बाल गिरने की समस्या से निजात पाने के लिए प्याज बहुत ही असरदार है। बालों पर प्याज के रस की मालिश करने से बाल गिरना बंद हो जाते हैं। इसके अलावा, प्याज का लेप लगाने पर कम उम्र में सफेद हुए बाल फिर से काले होने

- सर्दी या जुकाम होने पर प्याज खाने से राहत मिलती है। गठिया में प्याज बहुत ही फायदेमंद होता है। सरसों का तेल व प्याज का रस मिलाकर मालिश करें, फायदा होगा। प्याज कई अन्य सामान्य शारीरिक समस्याओं जैसे मोतियाबिंद, सिर दर्द, कान दर्द और सांप के काटने में भी औषधि का काम करता है।

# क्या है ल्यूकोडर्मा, कैसे हो इसका ईलाज

**मिताली जैन**

**जानिए क्या है ल्यूकोडर्मा और कैसे करें इसका उपचार**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का कोई स्थायी उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन उपचार के जरिए प्रभावित एरिया पर अपीयरेंस में सुधार किया जाता है। इस बीमारी के उपचार के लिए लाइट थेरेपी, दवा और सर्जरी तीन प्रमुख विकल्प मौजूद हैं।

ल्यूकोडर्मा जिसे आमतौर पर विटिलगो के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें स्किन पिगमेंटेशन लॉस होने लगता है, जिससे त्वचा सफेद होने लगती है। त्वचा पर सफेद धब्बे को ल्यूकोडर्मा कहा जाता है। जब स्थित गिंभीर हो जाती है, तो धब्बे खोपड़ी, चेहरे और जननांगों सहित शरीर के लगभग सभी हिस्सों को कवर करते हैं। तो चलिए आज हम आपको ल्यूकोडर्मा के बारे में विस्तारपूर्वक बता रहे हैं?

**पहचानें लक्षण**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का मुख्य संकेत व लक्षण स्किन पर मिल्की व्हाइट पैचेस होते हैं। इसके अलावा भी कुछ लक्षण नजर आते हैं?

बालों का समय से पहले सफेद होना

श्लेष्मा झिल्ली में कलर लॉस होना

**रेटिना के रंग में बदलाव**

हालांकि ल्यूकोडर्मा शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है, पिग्मेंटेशन आमतौर पर शरीर के सन एक्सपोजर एरिया पर होता है।

**जानिए कारण**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का सटीक कारण अभी भी अज्ञात है। हालाँकि, यह वायरस के संक्रमण, पारिवारिक इतिहास, तनाव या किसी भी ऑटोइम्यून विकार के कारण हो सकता है।



**ल्यूकोडर्मा के प्रकार**

ल्यूकोडर्मा आमतौर पर दो प्रकार का होता है? सेगमेंटल और गैर ?सेगमेंटल।

**सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा**

सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा के लक्षण प्रारंभिक अवस्था में नजर आने लगते हैं, जो बॉडी के एक साइड व सेगमेंट में नजर आते हैं।

**गैर सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा**

गैर सेगमेंटल ल्यूकोडर्मा डिस्कलरेशन के साथ शॉर्टलिव बर्स्ट होता है। यह बॉडी के दोनों साइड को इफेक्ट करता है।

**ल्यूकोडर्मा का उपचार**

त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि ल्यूकोडर्मा का कोई स्थायी उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन उपचार के जरिए प्रभावित एरिया पर अपीयरेंस में सुधार किया जाता है। इस बीमारी के उपचार के लिए लाइट थेरेपी, दवा और सर्जरी तीन प्रमुख विकल्प मौजूद हैं।

**ल्यूकोडर्मा की रोकथाम**

त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे कई तरीके हैं, जिनकी मदद से ल्यूकोडर्मा से बचाव संभव है। मसलन, केमिकल्स व सूरज के संपर्क में कम आना व तनाव से खुद को दूर रखकर ल्यूकोडर्मा से बचाव किया जा सकता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आखिर लड़कियों की किन बात से चिढ़ते हैं लड़के

**अन्नू रंजन**

**लड़कियों** को इम्प्रेस करने के लिए लड़के कई तरह के हथकंडे अपनाते हैं। लड़कों के बारे में एक चीज बड़ी बदनाम हैं कि वे हमेशा लड़कियों के पीछे लार टपकाए घूमते रहते हैं। यदि कोई खुबसूरत लड़की प्यार से बात कर ले तो वे बहुत जल्दी पिघल जाते हैं। लेकिन लड़कियों की कुछ आदतें ऐसी होती हैं जिनसे वह जरूर चिढ़ते हैं। जो अक्सर लड़कों को परेशान कर देती हैं। आइये जाते हैं...

**धोखाः** कुछ लड़कियां ऐसी भी होती हैं जो बेहतर लड़का मिलने पर अपने बॉयफ्रेंड को छोड़ देती हैं। या किसी और मामले में अपने मतलब के लिए लड़कों को धोखा देने से परहेज नहीं करती हैं। लड़कों को धोखे से सबसे ज्यादा नफरत होती हैं। यदि किसी लड़की ने उन्हें धोखा दिया तो वो उनसे बातचीत भी नहीं करते हैं। उन्हें उस लड़की से नफरत सी हो जाती हैं।

**अकड़ू और रौबदार लड़कियांः** इस बात में कोई शकनहीं कि लड़कियां नखरे और एटीट्युड दिखाती हैं लड़के उस लड़की से दूर भागते हैं, जो प्रकृति के नखरे और नखरे दिखाती है। लड़कों को यह पसंद नहीं है कि कोई लड़की उन पर हावी हो रही है। जो लड़के खुद को अधिक ओवरस्मार्ट दिखाने की कोशिश करते हैं, वे भी उन्हें नापसंद करते हैं।


**मतलब से बात करनाः** कुछ लड़कियां बड़ी मतलबी भी होती हैं। वे सिर्फ अपने मतलब के लिए लड़कों का इस्तेमाल करती हैं। उदाहरण के लिए अपने खर्चे निकालने के लिए ही कुछ लड़कियां बॉयफ्रेंड बना लेती हैं। वहीं कुछ काम पड़ने पर ही लड़कों को याद करती हैं। ऐसी मतलबी लड़की से लड़के बहुत चिढ़ते हैं। वे उनकी मदद करने में भी हिचकिचाने लगते हैं। कई बार उन्हें पूरी तरह इग्नोर भी करते हैं।



**हर बात पर रोने वाली लड़कियांः** लड़के ऐसी लड़कियों से दूर रहना पसंद करते हैं जो बहुत भावुक होती हैं। ऐसी लड़कियां छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती हैं और रोने लगती हैं। चाहे सुख हो या दुख, उन्हें बस रोने का मौका चाहिए। लड़कों को लगता है कि ऐसी लड़कियों के पास शिकायतों का एक बड़ा बंडल होता है, जो वे हमेशा अपने रोनी सूरत से बताती हैं। ऐसी लड़कियों से लड़के बहुत चिढ़ते हैं।

**बात बात में कमियां निकालनाः** कुछ लड़कियों की आदत होती है कि वह अपने ब्वॉयफ्रेंड के मां बाप, रिश्तेदारो और दोस्तों में कुछ न कुछ कमियां निकाल देती हैं। जैसे किसी के कपड़ों को लेकर तो किसी के खाना खाने के तरीके को लेकर। मगर लड़कियों की यह आदत उन्हें इरिटेट कर देती हैं। सिर्फ आपके पार्टनर को नहीं, आपकी यह आदत आपके आस-पास ज्यादातर लोगों को पसंद नहीं आती है।

## पर्यावरण का भविष्य...



## स्पीड न्यूज

### लगातार आगे बढ़ रहा उज्ज्वला फाउंडेशन : जगेश्वर प्रजापति



**कुजू।** उज्ज्वला फाउंडेशन अपने निरंतर प्रयासों पर आगे बढ़ रहा है। इसके लिए सांसद जयंत सिन्हा व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल धन्यवाद के पात्र हैं, जो हमेशा फाउंडेशन को मदद करते आ रहे हैं। उक्त बातें सासंद प्रतिनिधि सह फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। प्रजापति ने शनिवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए विभाग से मिलकर जगह – जगह आंख, मलेरिया जांच तथा दिव्यांगता शिविर लगाया जाएगा। उम्मीद है सांसद, विधायक तथा फाउंडेशन के अथक प्रयास से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। तत्पश्चात लोकसभा और विधानसभा सत्र में जनहित को लेकर उठाए गए मुद्दे के प्रति सांसद और विधायक के प्रति सदस्यों ने आभार जताया। बाद में फाउंडेशन के सदस्यों ने अपना लेखा–जोखा प्रस्तुत करते हुए जनहित में किए गए कार्यों की समीक्षा की। मौके पर सुखदेव प्रसाद सोनी, आशा कुमारी, वीणा कुमारी, डिंपल कुमार, शांति देवी, कौशल्या देवी, पारो देवी, सुनीता देवी, मीनू देवी, सपना देवी, नेहा कुमारी, सावित्री कुमारी, देवंती कुमारी, सुमन कुमारी, गिरिजा देवी, सोनी देवी, रिंकू देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### ए ला एंग्लाइज में फुटबॉल टूर्नामेंट



**भदानीनगर (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय में शनिवार को इंटर हाउस वार्षिक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के सभी 6 सदन टैगोर, बुद्धा, अशोका, नेताजी, बाल्मीकि और आर्यभट्ट ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में पहला मुकाबला टैगोर और बुद्धा के बीच खेला गया जिसमें 3–2 गोल के साथ टैगोर सदन विजय घोषित हुआ। वहीं दूसरे मुकाबले में अशोका और नेताजी के 0–2 की प्रतियोगिता रही जिसमें नेताजी हाउस विजय रहा। तीसरा मुकाबला टैगोर और बाल्मीकि के बीच खेला गया जिसमें 1–0 गोल से टैगोर सदन विजय हासिल की। प्रतियोगिता में छठी कक्षा के लकी कुमार ने पांच गोल किए। जबकि बालिकाओं के फुटबल प्रतियोगिता में पहला मैच टैगोर और आर्यभट्ट सदन के बीच खेला गया। जिसमें आर्यभट्ट हाउस को 2–0 गोल से जीत हासिल की।

### चरही में परिसंपत्ति वितरित

**चरही।** शनिवार को चुरचू प्रखंड के ग्राम पंचायत इंद्रा के सभागार में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें जिला पशुपालक पदाधिकारी सह जिला गव्य विकास पदाधिकारी हजारीबाग के मद से इंद्रा के दो ग्रामीण लाभुकों बिलासा देवी और भूमि प्रसाद को दिया गया।इस मौके पर पंचायत की मुखिया राधिका देवी, उपमुखिया विनोद कुमार, पूर्व मुखिया दशरथ महतो,एमओ राजेश शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, नीलकंठ महतो,राजकुमार प्रसाद तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### हरली में सड़क निर्माण शुरू

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के हरली में एक करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। यह सड़क एनएच 522 से बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय होते हुए झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन तक जाएगी। यह सड़क बन जाने से बालिका आवासीय विद्यालय में जल्द शिक्षण कार्य प्रारंभ होने की संभावना है ' विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है साथ ही चारों तरफ चारदीवारी भी कर दी गई है ' प्रखंड क्षेत्र के लोगों की उम्मीद है की यहाँ सड़क बन जाने से विद्यालय में बच्चियों का जल्द नामांकन हो जायेगा और प्रखंड क्षेत्र की बच्चियां को शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा होगी।

### विधायक ने किया मेडकुरी पंचायत का दौरा

**दारू।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय विधायक अमित यादव ने शनिवार को मेडकुरी पंचायत क्षेत्र का दौरा किया ' इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर जगह–जगह उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मेडकुरी पंचायत के मेडकुरी कला और मेडकुरी खुर्द में विधायक ने जाकर वहां के लोगों का हालचाल जाना । इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराया और उनका समाधान करने का आग्रह किया ' विधायक ने कहा की क्षेत्र की समस्या का दूर करने का वह भरपूर प्रयास कर रहे हैं। यहां पर हर घर जल योजना में अनियमितता की शिकायत मिली थी जिसका निरिक्षण करने वह स्वयं पहुंचे हैं। संवेदक द्वारा अच्छी गुणवत्ता के कार्य हो इसका वह भरपूर प्रयास करेंगे, साथ ही पंचायत क्षेत्र की जनता का भी यह कर्तव्य है की इस कार्य को ध्यान देकर अच्छे ढंग से काम कराएं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक प्रतिनिधि बसंत सिंह, मेडकुरी मुखिया भोला तुरी, धर्मेंद्र सिंह, अभय सिंह, रोहित सिंह, गोपाल देव, कुलेश्वर पंडित, विकास पांडे सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### शिशुओं के लिए छह माह तक मां का दूध सर्वोत्तम आहार : प्रो तिवारी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में एनएसएस इकाई दो के तत्वावधान में शनिवार को विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि विश्व स्तनपान दिवस मनाने का उद्देष्य समाज में आधुनिक महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करना व महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देना है। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी ने कहा कि नवजात शिशुओं के लिए छह माह तक मां का दूध सर्वोत्तम आहार होता है। इसके अनेको प्रकार के पोषक तत्व मौजूद होते हैं। डॉ.विभा राय ने कहा कि नवजात शिशु के लिए मां का दूध ईश्वरीय वरदान है। क्योंकि इसमें बहुत सारे प्रोटीन, विटामिन व कैलिस्यम पाये जाते हैं, जो बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। रजनी कुमारी ने कहा कि स्तनपान कराने से डायबटिज तथा ब्रेस्ट कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए डॉ.एसएस पांडेय ने कहा कि मां का दूध नवजात के लिए अमृत तुल्य है।

## हजारीबाग में दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले इलाके में चली गोली, अपराधी फरार

# बाल-बाल बचा युवक, छड़ दुकान में छुपकर बचायी जान

### दुकान वाले ने युवक की धुनाई की, पुलिस को सौंपा

सोनू केशरी

हजारीबाग। जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। यहां के लोग सकते में हैं कि इस शांत शहर को अचानक हो क्या गया है। शनिवार दोपहर को बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ऐसी घटना घटी जिससे लोग अचंभित हैं। इमली कोठी चौक पर बड़कागांव बादाम निवासी 26 वर्षीय राजेश कुमार अपाचे मोटरसाइकिल से हजारीबाग की ओर आ रहा था। इसी क्रम में राजेश कुमार के ऊपर दो अपराधियों ने दो से तीन राउंड फायरिंग की। बीच शहर के खुली सड़क में राजेश कुमार आगे-आगे और अपराधी हाथ में हथियार लिये पीछे-पीछे भागता रहा। इस बीच अपराधियों ने गोलियां भी चलाई पर राजेश कुमार बाल बाल बच गया। इस बीच राजेश कुमार अपने बचाव के लिए इमली कोठी चौक स्थित मेडिसिन प्वाइंट दवाई की दुकान में घुसा तो अपराधियों ने उसपर वहां भी गोली चला दी। इससे दुकान के संचालक रूपचंद्र अग्रवाल और उनके सुपुत्र राहुल उर्फ गोलू अग्रवाल अपराधियों के फायरिंग से बाल-बाल बचे। इस अफरा-तफरी में दुकान का शीशा भी टूट गया। परंतु वहां भी राजेश कुशल पूर्वक अपनी जान बचाने में सफल रहा और करीब आधा किलोमीटर भागते हुए जैक एंड जिल स्कूल के समीप रूप श्री विनिमय प्राइवेट लिमिटेड छड़ की दुकान में जाकर घुस गया। वहां दुकान के अंदर से घर जाने का रास्ता था। गेट खुला होने के कारण राजेश कुमार उस गेट से घर के अंदर घुसकर अपनी जान बचाई । अपराधियों के इस बेखौफ हरकत से भरे बाजार के दुकानदार इकट्ठा तो हुये, लेकिन अपराधी भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। इधर नाराज दुकानदारों ने राजेश कुमार को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। दुकानदारों ने यह कहते हुए राजेश को पीटा कि उसकी वजह से अपराधी ने दुकान में गोली चलायी और इस दौरान दुकान मालिक और उसका बेटा बाल-बाल बच गया। बहरहाल घटना की जानकारी के उपरांत बड़ा बाजार थाना के प्रभारी घनश्याम सिंह मौके पर पहुंचे। राजेश कुमार को अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ की जा रही है। खबर लिखे जाने तक अपराधी पुलिस की चंगुल से बाहर थे। पुलिस के द्वारा छड़ दुकान से गोली बरामद कर ली गई है। राजेश ने बताया कि मैं जैसे ही इमली कोठी चौक पहुंचा दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार थे। मेरी ओर धड़ाधड़ गोली की बौछार कर दी। मैं बचते हुए छड़ की दुकान के पास पहुंचा और घर में घुसकर जान बचाई । मैं यहां पर किसी को नहीं जानता हूं। जो मुझे मारने आये थे। वे कौन हैं, मुझे नहीं पता। भागने के क्रम में मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा छड़ की दुकान में पहुंच गया था।



पिस्तौल लिए भागता अपराधी ।



इस युवक पर चली गोली।



घटना की जानकारी देते दुकानदार।

### फिल्मी स्टाइल में भागा अपराधी

**प्रत्यक्षदर्शियों** ने बताया कि अपराधी जब गोली चलाकर भाग रहा था, तब उसे कुछ लोग पकड़ने का प्रयास किये। जैसे ही उसने देखा की लोग उसे पकड़ने आ रहे है उसने 500 रुपये का एक बंडल हवा में लहरा दिया। लोग रुपये चुनने में व्यस्त हो गए और अपराधी बाइक पर बैठ फरार हो गया।जिस युवक राजेश पर गोली चली है, उसका भी आपराधिक पृष्ठभूमि रहा है और वह कुछ महीने पहले ही जेल से निकला है। फिलहाल युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है।

**दुकानदार ने कहा- बाल बाल बचे :** रूप श्री विनिमय प्राइवेट लिमिटेड के संचालक रूपचंद अग्रवाल ने कहा कि हम व्यापार करें कि इन मसलों पर पड़ें। हम पुलिस से आग्रह करते हैं कि अपराधी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाये। उन्होंने कहा कि मैं दुकानदारी कर रहा था। इसी क्रम में राजेश भागते हुए प्रतिष्ठान में घुस गया। उसके पीछे एक या दो युवक बंदूक लिये भागते हुए आ रहे थे। राजेश घबराकर हमारे घर के रास्ते की ओर जाकर छिप गया। इसी बीच अपराधियों ने दुकान में दो गोली चला दी। मैं और मेरा सुपुत्र बाल बाल बचे हैं।

## आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारी, नहीं तो उग्र होगा आंदोलन : राजेंद्र प्रसाद

**युवती से दुष्कर्म करने का प्रयास व मारपीट को लेकर गोलबंद हुए धनवार व करियातपुर के ग्रामीण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवार एवं करियातपुर पंचायत के ग्रामीणों ने धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में धनवार पंचायत अंतर्गत बडदाग गांव में एक बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने बरही पुलिस प्रशासन पर दिए गए आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोशित नजर आएं।

इस सम्बंध में धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आवेदन दिए जाने के सप्ताह बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन दबाव में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी नहीं होती है तो ग्रामीणों के साथ बरही थाना पहुंचकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञात हो कि धनवार निवासी पीड़िता ने बरही थाना में दुष्कर्म करने का प्रयास एवं मारपीट के संबंध में धनवार के दो युवक राहुल अंबेडकर उर्फ रामू रविदास पिता स्वर्गीय प्रभु रविदास, लक्ष्मण रविदास पिता सुरेश रविदास के ऊपर दुष्कर्म का प्रयास कर दुर्व्यवहार करने एवं जान से भी मार देने का धमकी देने के संबंध में आरोप लगाते हुए 30 जुलाई को आवेदन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की फरियाद लगाई थी। इस संबंध में बरही महिला थाना में कांड संख्या 12/23 के तहत मामला दर्ज है। मौके पर धनवार पंचायत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, धनवार उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुशवाहा, नरेश कुमार, गुलाम सरवर, चन्दन केसरी, कमलेश कुशवाहा, संजय केसरी, भीम केसरी, कैलाश केसरी, संतोष प्रजापति, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, तिलक यादव, केसो यादव, सकलदेव यादव, रामसहाय यादव सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बैठक करते ग्रामीण।

## पवन के परिजनों से मिले जयंत सिन्हा, कहा- दोषियों को मिले सजा



**रामगढ़।** संसद सत्र में हिस्सा लेकर शनिवार को हजारीबाग लौटने के क्रम में सांसद जयंत सिन्हा ने रामगढ़ में मृतक पवन यादव के परिजनों से मिले। पवन की मां मुटरी देवी और पिता शरद यादव ने सांसद से गुहार लगाई की इतनी निर्दयता से मेरे पुत्र की हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि हत्या में शामिल दोषियों को कड़ी सजा मिले। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि आरोपी जो भी हो उसको बख्शा नहीं जायेगा । उन्होंने कहा की मैं इस मुद्दे पर एसपी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से वार्ता करूंगा की इस प्रकरण पर गंभीरता के साथ जांच करते हुए कार्रवाई करें । मौके पर पवन यादव की बहन रिंकी कुमारी,अनीता कुमारी,नंदनी देवी, पंकज कुमार, प्रिंस कुमार ,भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा,सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक,रंजीत पांडे,छोटू वर्मा,जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो,महेंद्र प्रजापति,महेश चौधरी, जग्गी,संजय बनारसी, नीरज मंडल आदि उपस्थित थे।

### आपदा पीड़ित परिवारों को जल्द मिले सहायता राशि : उपायुक्त

रामगढ़। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक शनिवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में हुई। डीसी ने कहा कि आपदा पीड़ित परिवारों को सहायता राशि जल्द से जल्द मिले। उन्होंने कहा कि पूर्व में आयोजित बैठकों में दिए गए निर्देश का अनुपालन सबसे पहले होना चाहिए। उन्होंने वर्तमान में प्राकृतिक आपदाओं जैसे वज्रपात, अतिवृष्टि से मकान क्षति, जंगली जानवरों से झड़प, सड़क दुर्घटना में मृत्यु सहित अन्य आपदाओं में अस्वाभाविक रूप से मृत्यु होने के उपरांत आश्रितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के लिए प्राप्त सूची पर डीडीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आश्रितों एवं पीड़ितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## 687 अग्निवीरों ने ली देश सेवा की शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** अग्निवीर जवानों की पहली टुकड़ी को प्रशिक्षण के उपरांत शनिवार को रामगढ़ के पंजाब और सिख रेजीमेंटल सेंटर में कसम परेड कराया गया। इसमें गुरु ग्रंथ साहिब और गीता को साक्षी मानकर अग्निवीर जवानों को देश सेवा की शपथ दिलाई गई।

पंजाब और सिख रेजीमेंटल सेंटर के प्रशिक्षित 687 अग्निवीरों ने देश सेवा की शपथ ली। पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के 185 और सिख रेजीमेंटल सेंटर के 502 अग्निवीर जवानों का शपथ ग्रहण समारोह किलाहारी ग्राउंड में आयोजित किया गया था।

दोनों रेजिमेंटल सेंटर में कर्नल ने पासिंग परेड का निरीक्षण किया। नए जवानों ने एक से बढ़कर एक परेड का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को ब्रिगेडियर ने सम्मानित किया। इस मौके पर ब्रिगेडियर संजय कुमार कंडपाल ने सभी नए अग्निवीरों को संबोधन में चुनौती का सामना करने के गुर सिखाए।



## दोतल्ला पंचायत में सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब गठित

एजें

**खेल, कला, संस्कृति, स्वास्थ्य, शिक्षा व कौशल विकास के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की होगी व्यवस्था : सत्यवंती देवी**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधबाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में शनिवार को ग्राम स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन को लेकर क्लब के सदस्यों के लिए विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। ग्रामसभा की अध्यक्षता मुखिया सत्यवंती देवी ने की। ग्रामसभा में पतरातू प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी सुखदेव मरांडी उपस्थित थें। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से 21 सदस्यीय समिति का गठन किया गया।

जिसमें अध्यक्ष शेरोफिना एक्का, उपाध्यक्ष कुणाल किशोर सिंह, सचिव विनय कुमार सिंह सहित सदस्यों में राजेश सिंह, रंथी टोप्पो, सुनीता मुर्मू, मनीष बहादुर, सीमा, मधु, ज्योति, रिया, संजो देवी, देवंती देवी, सुबोध कुमार, अंश, संजय, दीपक पन्ना, मनीष बक्सी, समृता देवी, रुपाली, मीनू देवी शामिल हैं। मुखिया सत्यवंती देवी ने सिद्धो-कान्हू क्लब युवा खेल क्लब के चुने गये कार्यकारणी सदस्यों को बधाई देते हुए पूरे कर्मठता एवं ईमानदारी से कार्य करने की बात कही। मुखिया ने कहा कि ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास में उक्त क्लब मील का पत्थर साबित होगी। इसके माध्यम से ग्रामीणों का खेल, कला, संस्ति स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास के साथ-साथ क्षमता के अनुसार कौशल विकास के माध्यम से रोजगार की भी व्यवस्था की जाएगी।



## एक नजर में

### एम्बिशन पब्लिक स्कूल में पौधरोपण



**विष्णुगढ़।** एम्बिशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पौधारोपण किया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में आम, अमरूद , जामुन,अशोक,नीम आदि विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये। स्कूल के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि सभी को सुरक्षित रहना है तो हम सब मिलकर एक संकल्प ले की कम से कम एक पौधा प्रत्येक प्राणी अवश्य लगाएं ओर इसे बचाये। इसी में हमलोग की भलाई है क्योंकि अगर हमारे आसपास के क्षेत्र में हरियाली रहेगी तो ही हम निरोग रहेंगे और हमें किसी भी तरह की बीमारी नहीं होगी। इससे हमारे आसपास के क्षेत्र का पर्यावरण स्वच्छ ओर रोगमुक्त रहेगा और हम बीमारियों से दूर स्वस्थ और सुरक्षित रह पाएंगे। इस मौके पर प्राचार्य राजेश कुमार मंडल, रोहित कुमार वर्मा, सुशांत कुमार पाठक, समेत विद्यालय के कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूजन

हजारीबाग। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हरटोली ,हजारीबाग में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में विद्यालय कक्षा नवम से द्वादश कक्षा में पढ़ने वाली बहनों ने गुरु पूजन पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया। कार्यक्रम ममुख्य अतिथि शारदा गुप्ता, प्रांत कार्यवाही का समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा परम पवित्र गुरु भगवा ध्वज के प्रति वंदन एवं समर्पण से आप सभी बहनों में राष्ट्रभक्ति का भाव समाहित होगा । मौके पर शारदा गुप्ता ने बच्चों को महर्षि वेदव्यास की जीवनी एवं गुरु की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा विद्यालय में ज्ञान शील चरित्र एवं एकता शिक्षा दी जाती है' राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने हेतु संकल्प लेने का आज का दिन है। गुरु पूजन कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय व सभी दीदी जी उपस्थित थे।

### एनटीपीसी ने डीडीसी को सौंपा चेक



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस ने हजारीबाग नगर पालिका के विकास के लिए 29,96,700 रुपया दिया। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना ने शहर के विकास के लिए यह राशि जिला उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित को एक चेक भेंट किया। एनटीपीसी के अधिकारियों ने कहा कि काफी लंबी दिनों से जिला प्रशासन द्वारा शहर के विकास के लिए उपलब्ध कराने को कहा गया था। यह राशि एनटीपीसी आर एंड आर के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी एवं सीएसआर के उप महाप्रबंधक सतीश कुमार सेनापति एवं वरीय प्रबंधक कमला राम रजक की उपस्थिति में हजारीबाग विकास के लिए राशि उपलब्ध कराया गया । जिला उपविकास आयुक्त ने इस अवसर पर कहा कि एनटीपीसी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। शहर के विकास के लिए और एनटीपीसी ने शहर को समय समय पर इसी तरह का सहयोग देकर शहर को काफी सुंदर बनाने में सहयोग करती है । शहर को समुन्दर बनाने में सहयोग अति सराहनीय है।

### बड़कागांव में विस्थापितों ने किया प्रदर्शन

**बड़कागांव।** कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के द्वारा 13 माइल के पास बाहरी वर्करों को हटाओ स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द रोजगार पर जुड़ने के लिए समिति के संरक्षक विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया। विधायक ने कहा कि 4000 से भी अधिक लोग कंपनियों में काम कर रहे हैं और स्थानीय लोग जिनका जमीन गया विस्थापित और अधिग्रहण क्षेत्र में आते हैं उन्हें कापनी की ओर से सिर्फ आश्वासन और प्रशासन की जोर पर भगा दिया जाता है। उन्हें नौकरियों से वंचित किया जा रहा है अब ऐसा नहीं चलेगा। कंपनी को स्थानीय लोगों को नौकरी देना ही होगा। कंपनी में अलग–अलग राज्यों से आकर नौकरी कर रहे हैं। कंपनी के दलालों और विलेज मोबिलाइजर को रखकर स्थानीय लोगों को कंपनी से किसी भी तरह से लाभ लेने से वंचित कर रहे हैं। कंपनियों द्वारा अलग–अलग समितियों का गठन करा कर आपस में लड़ावाने का काम कर रही है। कंपनी के तरफ से वार्ता के लिए थ्रिवेणी सैनिक के प्रतिनिधि के रूप में एजीएम उत्तम झा सहित अन्य पदाधिकारी आए। 25 अगस्त को कंपनी के द्वारा कितने लोगों को नौकरी दिया जाएगा यह मुझे स्पष्ट रूप से बताना होगा। मौके पर समिति के अध्यक्ष फयूम अंसारी, सचिव समीम अंसारी, कोषाध्यक्ष राजेश रजक सहित समिति के लोग सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय में खेल प्रतियोगिता



**बरही।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार में खेलो झारखंड 2023–24 प्रतियोगिता के तहत खेल का आयोजन किया गया। खेल महाकुम्भ में 100मी, 200 मी 400मी रिले दौड़, लम्बी कूद ऊंची कूद, भाला फेंक और मुख्य खेल में फुटबॉल कबड्डी का आयोजन किया जाएगा।इंटर हाउस प्रतियोगिता में डॉ भीम राव अम्बेडकर सदन सावित्री बाई फुले सदन बिरसा मुंडा सदन और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सदन के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम दिवसीय कार्यक्रम में 100 मी 200मी दौड़, गोला फेंक का आयोजन अंडर–14 और अंडर–17 के बीच किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ सुनील यादव ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है, जितना जरूरी पढाई लिखाई है उतना ही महत्वपूर्ण खेलकूद भी है।कार्यक्रम व खेल आयोजन का संयोजन व संचालन विद्यालय के शारिरिक शिक्षक विजय कुमार दास ने किया। विद्यालय की शिक्षिका रश्मि टोप्पो ने स्कोरर व विद्यालय के वरीय शिक्षक देवेंद्र कुमार,पूनम मुर्मू, अरुण कुमार, सुधा रश्मि, फैयाज आलम, रश्मि द्विवेदी दिलेश्वर प्रसाद, किरण देवी आरती देवी संजू देवी, प्रत्युष बनर्जी ने विभिन्न खेलों में रेफरी की भूमिका निभाया।

### स्वयंसेवको को उचित मानदेय दे सरकार : संतोष



**बरही।** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की प्रखंड कमेटी की बैठक अब्दुल कलाम पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार एवं संचालन मनोज रविदास ने किया। बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड अंतर्गत एक्टिव पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको की सूची बनाई गई। बैठक में रांची स्थित राजभवन में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको एक महीने से चल रहे धरना प्रदर्शन में अपनी पुरजोर सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। विगत 7 वर्षों से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को पंचायत के हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है फलस्वरुप सरकार द्वारा अभी तक स्वयंसेवकों के हित में कोई पहल नहीं किया गया है। उपाध्यक्ष मनोज रविदास ने कहा कि चुनाव से पूर्व हेमंत सरकार ने पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक से जो वादा किया था उसे पूरा करें। परिवार के भरण पोषण के लिए झारखंड सरकार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको को उचित मानदेय देने का कार्य करें। साथ ही साथ उन्होंने सभी पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको से धरना प्रदर्शन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक में संतोष कुमार, धनंजय कुमार, मनोज रविदास, परमेश्वर प्रसाद, बजरंगी प्रसाद केशरी, मिथुन कुमार ठाकुर, नकुलदेव यादव, बिनोद कुमार दास, प्रकाश ठाकुर, मंटू कुमार, राजेंद्र रजक, सिकंदर कुमार, प्रदीप दास, राजेश दास, हसबुन निशा, दीपा कुमारी, कल्पना कुमारी, पिंटू रजक, दिवाकर पासवान, अमर कुमार रवि, शत्रुघ्न कुमार, अजय रविदास आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### बिरदीडीह गांव के कुआं से युवक का शव बरामद

**सोनाहातू।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के बिरदीडीह गांव के एक कुआं से 20 वर्षीय युवक का बरामद किया है। शव की पहचान गांव के ही 20 वर्षीय युवक परमेश्वर महतो के रूप में हुआ है। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि गुरुवार से युवक लापता था। इसका दिमागी हालत काफी दिनों से ठीक नहीं थी। संभावना व्यक्त की जा रही है कि गुरुवार को ही कुआं में छलांग लगा कर उसने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने परिजनों के बयान पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है।

### सोनाहातू : हाथी खा गये एमडीएम का चावल

**सोनाहातू।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय राणाडीह का चाहरदीवारीए दरवाजा तोड़ कर बोरा में रखा मध्यान्ह भोजन का चावल को हाथियों के झुंड ने खाया है। इस दौरान स्कूल के कमरे में रखा बेंच डेक्स, किताब कुर्सी टेबुल को भी हाथियों ने क्षतिग्रस्त किया है। शनिवार को स्कूल खुलने पर सहायक शिक्षक महेंद्रनाथ वर्मा ने बीईईओ कार्यालय में घटना की जानकारी दिया है।

### अनगड़ा : बच्ची से अमानवीय व्यवहार का आरोपी गिरफ्तार

**अनगड़ा।** जशपुरिया पब्लिक स्कूल बीसा में पढ़ने वाली एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ अमानवीय व्यवहार करने के आरोप में पुलिस ने जशपुरिया पब्लिक स्कूल के संचालक जैलेन्द्र कुमार के चालक बिरसा बड़ाईक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी बिरसा बड़ाईक ने इस मामले में अपने आपको निर्दोष बताया है।

### बुढ़मू में खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**बुढ़मू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में विश्व आदिवासी दिवस पर चतुर्थ खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इस दौरान जिप सदस्य रामजीत गंझू, प्रमुख सत्य नारायण मुंडा, मुखिया रामवृत मुंडा, सीता देवी, ललीता देवी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मौके पर अपने वक्तव्य में पूर्व प्रमुख रामेश्वर पहान ने कहा उक्त प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया है। जिसका प्रवेश शुल्क 1601 रुपया प्रति टीम निर्धारित किया गया है। वहीं प्रखंड आदिवासी संघ के अध्यक्ष सोनू मुंडा ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला विश्व आदिवासी दिवस के दिन 9 अगस्त को रखा गया है। मौके पर राजू उरांव, धर्मेश भगत, श्याम लाल पहान, तुलसी मुंडा, आकाश मुंडा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मांडर : तीन वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

**मांडर।** मांडर पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वालों में केस नंबर. ओ एम 117६ 2016 के वारंटी जावेद अंसारी, पिता लियाकत अंसारी ग्राम करगे, जीआर नंबर 702/2020 एवं मांडर थाना कांड संख्या 06/2020 के वारंटी नेसार अख्तर उर्फ मुन्ना पिता सकूल अंसारी ग्राम सुरसा और कंप्लेंट केस नंबर 50138/2010 के वारंटी राजू महली पिता स्वर्गीय बालों महली ग्राम मलती शामिल हैं। थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि पुलिस को लंबे समय से इनकी तलाश थी।

# सुभाष मुंडा हत्याकांड : दलादली में माकपा समर्थकों का प्रदर्शन

- प्रतिमा पर लगाया लाल झंडा, पार्टीजनों ने दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्या की खुलासा के बाद भी क्षेत्र में आम लोगों का आक्रोश जारी है। हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग पर शनिवार को माकपा कार्यकर्ता व समर्थकों ने सुभाष मुंडा चौक दलादली में प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। इससे पूर्व दिवंगत मुंडा के पैतृक गांव दलादली से विशाल जुलूस निकाला गया, जो रिंग रोड होते हुये दलादली बाजार का भ्रमण के बाद चौक पहुंच सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान अपराधियों को फांसी दो, लाल सलाम जिंदाबाद, सुभाष मुंडा अमर रहे व जो लाल झंडा से टकरायेगा चूर चूर हो जायेगा आदि नारे लगाये गये। पार्टी नेता और पूर्व प्रमुख सुरेश मुंडा ने शहीद मुंडा की प्रतिमा के समक्ष स्थाई रूप से हसुआ, हथौड़ायुक्त लाल झंडा फहराया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्त्व माकपा नगड़ी लोकल कमेटी के सचिव मधुआ कच्छप ने किया।



प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते सुरेश मुंडा।

#### प्रदर्शन में लिया हिस्सा

माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय पासवान, अमित मुंडा, बुधराम उरांव, आशिष रंजन, समीउल्लाह मंसुरी, महेश मुंडा, बिरसू मुंडा, ललित मुंडा, छोटन देवी, लीली देवी, राजू भगत, महादेव उरांव, मंगरू मुंडा, महादेव मुंडा, उमेश मुंडा, सुरेश गोप, मनीष मुंडा, भीखन मुंडा, संजना मुंडा, समेश्वर तिर्की, कविता व किरण आदि।

#### शनिवार को नहीं लगेगा सब्जी बाजार : सुरेश मुंडा

सुरेश मुंडा ने हत्यारों के खुलासे पर असंतोष जताया। उन्होंने हत्या के मुख्य साजिशकर्ता का पदार्फाश नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त किया। श्री मुंडा ने सुभाष की हत्या को राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि दलादिली अपराधियों का अड्डा है। यहां शनिवार को लगने वाला सब्जी बाजार अब नहीं लगेगा। विधि व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिये श्री मुंडा ने चौक में टीओपी की मांग दोहरायी।

### हनुमान मंदिर से राम सीता और गणेश जी की मूर्ति चोरी

**चान्हो।** बीजूपाड़ा स्थित हनुमान मंदिर से शनिवार को चोरों ने राम-सीता और गणेश जी की मूर्ति को चुरा लिया। ये मूर्तियां सौ साल से भी अधिक पुरानी थी और हुटार के जमींदार परिवार की थी। छूतका लगने के कारण तीन सप्ताह पूर्व जमींदार परिवार की ओर से पुजारी के माध्यम से बीजूपाड़ा स्थित हनुमान मंदिर में रखवाया गया था, क्योंकि छुतका में घर में इनका पूजा-पाठ नहीं किया जा सकता था। मंदिर के पुजारी उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि रात को हनुमान मंदिर के गेट में ताला लगा रहता है। शनिवार की सुबह करीब सात बजे जब उन्होंने आकर मंदिर का ताला खोला था तो दोनों मूर्ति अपने स्थान पर थी। इसकी सूचना थाने को दी गई। पुलिस मूर्तियों की खोज कर रही है।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने की जन प्रतिनिधियों संग बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग ने किया। बैठक में बीडीओ ने बताया गया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम 09 अगस्त से 15 अगस्त तक ग्राम तथा पंचायत स्तर पर किया जाना है। जिसमें छह प्रकार के कार्यक्रम किया जाना है। कार्यक्रम में शिलाफलकम शहीद स्मारक का निर्माण। पंच प्राण शपथ एवं सेल्फीए वसुधा वंदन या अमृत वाटिका का निर्माण, वीरों का वंदन, झंडोत्तोलन एवं राष्ट्रगान का गायन, अमृत कलश यात्रा जिसके अंतर्गत गांवों की मिट्टी पंचायत में, पंचायत से प्रखंड में, प्रखंड से जिला में एवं जिला से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भेजी जाएगी। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार, प्रखंड समन्वयक पंद्रहवें वित्त आसित कुमार सिंह, लपरा पंचायत मुखिया पुतुल देवी, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो, हुटाप मुखिया शिवरत मुंडा, खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा, चुरी दक्षिणी मुखिया मलका मुंडा, चुरी मध्य सुनीता देवी, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी सहित अन्य मुखियागण, कनीय अभियंता रमेश गुप्ता, सभी पंचायत सचिव, सभी ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित थे।



खलारी में जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते बीडीओ।

# बुजुर्गों की सलाह के बिना नहीं हो सकता बच्चों के चरित्र का निर्माण

- टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 254 दादा-दादी, नाना-नानी को पुस्तक दे कर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य जितेन्द्र तिवारी ने कहा कि हमारा विद्यालय संस्कार, सदाचार और संस्कृति के रूप में जाना जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष हमारा विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। समारोह के मुख्य अतिथि राम अवतार नारसरिया ने कहा कि संस्कार का प्रथम विद्यालय हमारे बुजुर्ग होते हैं। बुजुर्गों के सलाह और निर्देश के अभाव में चरित्र निर्माण नहीं हो सकता। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बुढ़ापा एक लाचारी की एकांकी और प्रिया कुमारी का एकल गीत बहुत पसंद आया। इस अवसर पर संजीव पोद्दार, सुरेन्द्र पाल शाही, तपेश्वर केशरी सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन पुष्पांजलि और अम्बिका ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन केशव कुमार भगत ने किया। समारोह में मुरारी राजगढ़िया, प्रकाश हेतमसरिया, रोहित अग्रवाल सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकायें और बड़ी संख्या में दादा-दादी, नाना-नानी उपस्थित थे।



दादा-दादी, नाना-नानी के सम्मान में संगीत कार्यक्रम करते बच्चे।

### पिपरवार में ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट ट्रस्ट की बैठक

**पिपरवार।** बहेरा पंचायत स्थित डीएवी स्कूल बिजैन के प्रांगण में ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राहुल राम और संचालन सोनु गुप्ता ने किया। बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा करते हुए क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार देने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समस्याओं के निदान और बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ना है, जिसके लिए सभी जिलों के प्रखंड और पंचायतों में ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में इस ट्रस्ट से जोड़ा जा रहा है। बैठक में ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। बैठक में जाहिद अली, दिनेश राम, अमित राम, सोनू साहू, मोहम्मद आसिक, आकाश उरांव, मोहम्मद इम्तियाज, देवेंद्र कुमार, अजीत कुमार, राहुल राम, बबलू गंझु, विनोद राम, रूपलाल गंझु, विक्रम गंझु, मोहम्मद इम्तियाज मौजूद थे।

एक नजर में

### करकरा गांव में स्तनपान जाकरूक कार्यक्रम



करकरा गांव में हुए कार्यक्रम में शामिल ग्रामीण।

**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन के तत्वावधान में सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा करकरा ग्राम में शानिवार को विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत स्तनपान जाकरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मांडर के करकरा गांव में सभी महिलाओं को स्तनपान के फायदे एवं स्तनपान से बच्चों में होने वाले मानसिक और शारिरीक विकास के बारे में जागरूक किया गया। इस जागरूक अभियान में कॉलेज के सभी व्याख्यातागण शामिल थे।

### राहुल गांधी की सजा पर रोक से कांग्रेसियों में हर्ष



तमाड़ में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के रायडीह मोड़ में सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने के फैसले पर युवा कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर की। सभी ने एक दूसरो को अबीर और गुलाल लगाकर बधाई दी। मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। युवा कांग्रेस तमाड़ विधानसभा अध्यक्ष नीतीश पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने से पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता। मौके पर तमाड़ विस युवा कांग्रेस अध्यक्ष नीतीश पांडेय, दिलीप पांडेय, रोशन कांति, विक्रम प्रमाणिक, दुर्गा चरण ठाकुर, त्रिलोचन मुंडा, रोशन महतो, प्रदीप सेठ उपस्थित थे।

### मल्टी, कुरगी गांव में विधायक ने किया जलमीनार निर्माण कार्य का शिलान्यास



जलमीनार निर्माण का शिलान्यास करतीं विधायक।

**इटकी।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को इटकी प्रखंड के मल्टी व कुरगी पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण जलापूर्ति पाइप योजना के जलमीनार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जेई विजय मिंज ने बताया कि पांच करोड़ रुपये की लागत से दोनों पंचायत में जलमीनार का निर्माण कराया जायेगा। मल्टी पंचायत के मोरो, मकुंदा व मल्टी गांव के 1400 घरों को इस योजना से जोड़ा जायेगा। प्रखंड में इस योजना की शुरूआत मल्टी पंचायत से की जा रही है। अन्य पंचायतों में भी इस योजना के तहत जलमीनार का निर्माण कराया जाना है। कार्यक्रम में बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, उप प्रमुख परवेज रजा, मुखिया रमेश महली, लखन लकड़ा, राजन किस्पोट्टा, संजय गोप, अबरार इमाम, अबु माज, बलराम गोप, अब्बास अंसारी, फिरोज अख्तर, प्रखंड समन्वयक विकास कुमार, मास्टर अलीहसन, अजय गोप, विष्णु महली, ताहिर अंसारी, राजेश, पप्पू हाशमी व सइद अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

### अनुबंध कर्मचारी महासंघ ने बनाई रणनीति

**तमाड़।** झारखंड राज्य अनुबंध कर्मचारी महासंघ झारखंड केंद्रीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक विक्रांत ज्योति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मंच संचालन केंद्रीय संयुक्त सचिव महासंघ सुशील कुमार पांडेय ने किया। बैठक में हेमन्त सरकार के 3-5 वर्ष के कार्य काल की समीक्षा की गई। जिन परिस्थितियों में पूर्ववर्ती रघुवर के दमनकारी नीतियों के विरोध में वर्तमान सरकार को संविदा संवाद के बाद मुद्दे आधारित समर्थन दिया था। यह विश्वास जताया था कि वर्तमान सरकार राज्य तमाम 45 छोटे बड़े संघो के संविदाकर्मियों के कल्याण के लिए काम करेगी। मगर सरकार के 3-5 वर्ष के कार्यकाल के बाद हम सबों काफी निराशा की स्थिति बन गई। सरकार के काम काज से राज्य में विद्रोह पनप रहा है। ऐसा महसूस हो रहा है कि सरकार बदलने का कोई फायदा राज्य की जनता और कर्मियों को नही मिला। पूरे राज्य में यह चर्चा है कि सरकार की इच्छा शक्ति राज्य के कल्याण में नही है। अधिकारियों के चंगुल में फंस कर अपनी लोकप्रियता को लगातार खत्म कर रही। बैठक में झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ शेख सिद्दिकी, प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार चौधरी, प्रदेश महासचिव सुमन कुमार, प्रधान महासचिव मुकेश कुमार साह, प्रदेश उपाध्यक्ष झारखण्ड राज्य आंगनबाड़ी सेविका ने भाग लेकर रणनीति बनाई।

## न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी में बाल संसद का हुआ गठन



बाल संसद में शामिल विद्यार्थियों के साथ शिक्षकगण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ठाकुरगांव।** न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी में शनिवार को बाल संसद का गठन किया गया। मौके परप्रधानमंत्री के रूप में समीर खान और उप प्रधानमंत्री के रूप में अफशा परवीन का चयन किया गया। साथ ही अनुशासन मंत्री के रूप में सादिया इशरत और साकिब राजा का चुनाव किया गया। वहीं खेल मंत्री के रूप में सजाद अंसारी और मेरीना कुमारी सफाई मंत्री जैद अंसारी चुने गये। विद्यालय के निदेशक राशिद अंसारी ने प्रधानमंत्री समेत विभिन्न विभागों के मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि बाल संसद के गठन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना एवं छात्र-छात्राओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देना है उन्होंने व्यक्तिगत कौशल का विकास करना इस मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### अंगदान महोत्सव को लेकर बैठक

**राहे।** पंचायत राज झारखंड सरकार के निर्देशक निशा उरांव के आदेशानुसार राहे प्रखंड के सभी पंचायतों में अंगदान महोत्सव किया जाना है। इसी की तैयारी को लेकर राहे बीडीओ हारून रशीद ने प्रखंडकर्मी के साथ बैठक किये। बैठक में बीडीओ ने कहा कि स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देने को लेकर अंगदान महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।अंगदान महोत्सव के माध्यम से आम जनमानस में जागरूकता को भी बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम में पंचायत के चयनित जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।पंचायत स्तर में व्यापक प्रचार-प्रसार कर महोत्सव किया जाय तथा महोत्सव के दौरान अंगदान के लिये निबंधन कराया जाए। ग्राम पंचायत स्तर में अंगदान के इच्छुक लोगों को सम्मानित किया जाये। ग्राम पंचायत स्तर में कार्यक्रम के दौरान मुखिया के द्वारा उपस्थित लोगों को अंगदान प्रतिज्ञा कराया जाये।

## बेड़ो : बारिश के अभाव में नहीं हुई धनरोपनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में धान की खेती मानसून पर ही निर्भर है, लेकिन इस वर्ष अभी तक वर्षा नहीं होने से क्षेत्र के किसान चिंतित है। प्रखंड के हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि पर पर्याप्त वर्षा के अभाव में धान की रोपनी नहीं हो सकी है। किसानों द्वारा बोये गए बीज से बिचड़ा तो निकल आए हैं, लेकिन वर्षा के अभाव में इसका समुचित विकास नहीं हो पाए है। कहीं-कहीं तो अभी भी बीज डाले भी नहीं जा सके है। किसानों को चिंता सता रही है कि खेती का समय बीतता जा रहा है। वही वर्षा इतनी भी नहीं हुई कि खेतों में पानी ठहरे जिससे किसान धान की रोपनी कर सके। गांव के कुंआ व तालाब अभी तक सूखे ही हैं। वर्षा के कमी को लेकर खेतों की तैयारी भी नहीं की जा रही है। वहीं किसान इस वर्ष अकाल की आशंका से घबरा रहे हैं। जबकि प्रखंड में कृषि पर निर्भर रहने वाले किसान व मजदूरों की संख्या सर्वाधिक है, जिनका मुख्य पेशा पशुपालन, कृषि व मजदूरी है। अगस्त का महीना शुरू हो गया पर वर्षा नहीं हुई। अगस्त के महीने में किसान अपने खेतों में धान की रोपनी का काम लगभग पूरा कर लेते थे। लेकिन वर्षा नहीं होने के कारण खेत खाली पड़े हुए हैं। कुछ किसान जो कृषि के अन्य साधनों से संपन्न हैं, वे किसी तरह बिचड़े को बचाने के बाद कुछ धान की रोपनी खेतों में पानी पटाकर कर सके हैं, पर अधिकांश किसानों के चेहरों पर मायूसी छायी हुई है। वे वर्षा की आस लगाए बैठे हैं।



बड़ो में बारिश के अभाव में सूखा पड़ा खेत।

## पिता ने डांटा तो नाबालिग ने पी ली कीटनाशक

#### बेड़ो के सेमर टोली गांव में 16 वर्षीया नाबालिग ने पिया जहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के सेमर टोली गांव में शनिवार की रात लगभग साढ़े सात बजे 16 वर्षीय नाबालिग ने पिता की फटकार से नाराज होकर कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। वही नाबालिग की हालत बिगड़ने पर उसे पंचायत के पूर्व मुखिया नेल्सन कुजुर ने रमेश उरांव, सोशन उरांव, विनोद उरांव व अष्टमी उरांव के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा प्रियंका ने प्रथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। स्वजनों ने बताया कि नाबालिग को किसी बात को लेकर पिता ने उसे डांट दिया। इससे नाराज नाबालिग ने घर में रखी कीटनाशक दवा को पी लिया। वही मां ने बताया कि उसने बेटी को कीटनाशक पीते देख लिया और छीनने का प्रयास किया, लेकिन बेटी ने मां को धक्का देते हुए कीटनाशक को पी गई। इधर 108 एम्बुलेंस के चालको के हड़ताल के कारण पूर्व मुखिया नेल्सन कुजुर ने निजी वाहन से रिम्स भेजवाया।

# बिचौलिया रहित कार्य प्रणाली से रुकेगा भ्रष्टाचार : निर्मला भगत

समीक्षा बैठक

- योजनाओं की ली जानकारी, पलायन पर जतायी चिंता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कि अधिकारियों के द्वारा बिचौलिया रहित कार्य प्रणाली विकसित करने से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। योजनाओं की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये उन्होंने कहा कि इससे पलायन की समस्या बढ़ रही है। पंचायत प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुये जिप अध्यक्ष ने कहा कि इससे नागरिकों का विश्वास मजबूत होगा और निर्धारित समय पर योजनाएं भी पूरी होंगी। वह प्रखंड में संचालित केंद्र एवं राज्य संपोषित योजनाओं की विभागवार समीक्षा करने के बाद आयोजित बैठक में बोल रही थीं। प्रमुख संगीता तिर्कीए जिप सदस्य मनीषा देवीए मांडर की जिप सदस्य एतवारी कुजूर व उप प्रमुख रियाजुल अंसारी ने भी अपनी बातें रखी। संचालन पशुपालन पदाधिकारी डॉ विजय कुमार ने किया।



अधिकारियों के साथ बैठक करती जिप अध्यक्ष निर्मला भगत।

#### बैठक में थे शामिल

बीडीओ हरिशंकर बारिक, सीआई संतोष उरांव, चिकित्सा प्रभारी डॉ होरो, बीएसओ मनोज कुमारी एवं मनरेगा बीपीओ मनीता कुमारी, प्रभारी बीएओ मुकेश प्रसाद, जेएसएलपीएस के बीपीएम प्रकाश उरांव, 15वें वित्त की बीपीओ दीपिका हेंब्रम, मुखिया सुखदेव उरांव, ज्योति भगत, अहिल्या कच्छप, अनिल तिर्की, कमल खलखो, फुलमनी देवी, जयश्री कुमारी, नीलम तिर्की, महेश्वरी देवी, सुषमा तिर्की, सोनी भगत, सुनीता देवी तथा सरपंच सुरेंद्र कच्छप, बिक्रम उरांव समेत जगराम उरांवए राजीव रंजन मिश्र व विशाल कुमार साहू।

#### इन विभागों की हुई समीक्षा

स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, राजस्व, कल्याण, प्रधानमंत्री व अंबेडकर आवास, वृद्धा व विधवा पेंशन, बिजली, पेयजल, वन एवं पर्यावरण, पशुपालन, मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, जेएसएलपीएसए 15 वें वित्त, आपदा प्रबंधन, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा, किसान सम्मान निधि, महिला एवं बाल विकास तथा पंचायती राज आदि विभागों की समीक्षा की गई।

## स्पीड न्यूज

### मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित स्व. मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को विद्यालय के छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 के छात्राओं ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मेहंदी का कलाकृति बनाया। सबसे बढ़िया कलाकृति बनाने वाले छात्रा को प्राइज देकर सम्मानित किया गया। जिस में पहले स्थान पर प्रिया कुमारी कक्षा आठ की छात्रा दूसरे स्थान पर प्रीति कुमारी कक्षा सात की छात्रा एवं तीसरे स्थान पर पम्मी कुमारी कक्षा आठ की छात्रा रही। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीकांत पाठक ने बताया कि बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ बौद्धिक विकास के लिए समय-समय पर ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की ओर से किया जाता है। जिसमें विद्यालय के बच्चे भाग लेते हैं। प्रतियोगिता में विद्यालय की सानिया कुमारी, कंचन कुमारी प्रीति कुमारी, प्रतिमा कुमारी, रिचा कुमारी, नीतू कुमारी सहित कई छात्राओं ने भाग लिया।

### बोलेरो की चपेट में आने से बच्ची घायल

बालूमाथ। बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर नवादा ग्राम के समीप शुक्रवार को अज्ञात बोलेरो के चपेट में आने से एक पांच वर्षीय बच्ची घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सरस्वतीया कुमारी 5 वर्ष पिता करण भुइयां ग्राम नवादा थाना हेरहंज निवासी अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक अनियंत्रित बोलेरो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और फरार हो गया। दुर्घटना में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल बच्ची को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में घायल बच्ची का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### मोदी सरनेम केस में सजा पर रोक को कांग्रेसियों ने किया स्वागत

चंदवा। मोदी सरनेम केस में सुप्रीम कोर्ट की सजा पर रोक लगाने के फैसले का कांग्रेसियों ने स्वागत किया है। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि देर जरुर होती है लेकिन अंततः सच्चाई और न्याय की जीत होती है। महागठबंधन की आवाज अब फिर संसद में गूंजेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करने वालों में रामयश पाठक, हरि नंदन दुबे, मोफील खान, संजय दुबे, लखन जायसवाल, बाबर खान, निर्मल भारती, राम शर्मा, सरवर अंसारी, अरुण भारती, दामोदर उपाध्याय, बालजी उरांव व कई लोग शामिल हैं।

### चालीसवां मनाने को लेकर बैठक

महुआडांड़। महुआडांड़ में मुहर्रम के चालीसवें मनाने को लेकर पहला बैठक दीपाटोली में जामा मस्जिद के खजांची शाहिद कमाल के घर में शहजाद आलम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में चालीसवें के ताल्लुक से मोहम्मद फहीम खान, नूरल अंसारी, शहीद खान, बशारत अली, इकबाल अहमद, अलाउद्दीन अंसारी, सफी अहमद, वाहिद अंसारी फैज अंसारी, खुर्शीद आलम, आरिफ आलम, तनवीर उर्फ रिंकू, शबीब खान लाडले खान समेत अन्य लोगों के द्वारा अपना-अपना मशवरा दिया गया। सभी का सलाह मशवरा सुनने के बाद जामा मस्जिद के सदर इमरान अली ने कहा कि अगर चालीसवां मनाने का निर्णय लिया गया है तो पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए आज पहली बार बैठक किया गया है। वहीं अगला बैठक आने वाले शुक्रवार को जामा मस्जिद के मदरसे के प्रांगन में रखा गया है। इसमें सभी लोग शामिल होकर अपना-अपना मशवरा देंगे। इससे पूर्व महुआडांड़ की विभिन्न मोहल्लों में अपना-अपना मीटिंग कर खलीफा का चयन कर लेंगे ताकि कार्य को सुचारू रूप से चलाया जा सके। मौके पर इमरान आलम,जावेद, मुन्ना खान मोहम्मद रजा आमिर सुहैल, सद्दाम, शेफ, शहीद, अनवर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### टायर ब्लास्ट से मिस्त्री की मौत

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित साहू पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की देर रात करीब दस बजे एक ट्रक के टायर में हवा भरने के क्रम में टायर ब्लास्ट करने से मिस्त्री की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो. खलील 35 वर्ष पिता मो. इकबाली ग्राम सलैया इमामगंज जिला गया बिहार निवासी बालूमाथ में रहकर गैरेज चलाता था। शुक्रवार की देर रात एक ट्रक के टायर में हवा भरने के क्रम में टायर ब्लास्ट हो गया और टायर में लगा हुआ रिम छिटककर खलील को जा लगा। जिससे खलील गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र मृत घोषित कर दिया।

### बैटरी चोरी करने वाले दो चोर धराये

बालूमाथ। बालूमाथ पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर विद्यालय से बैटरी की चोरी करने वाले चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गणेशपुर से चोरों द्वारा आईटीसी लैब से छह पीस बैटरी की चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को बालूमाथ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 105/23 के तहत मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान के क्रम में चोरी की घटना में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से चोरी किया हुआ बैटरी भी बरामद किया गया। गिरफ्तार लोगों में कमलेश यादव 19 वर्ष पिता त्रिवेणी यादव और बिजेंदर उरांव 18 वर्ष पिता भुनेश्वर उरांव दोनो ग्राम कारीमाटी, गणेशपुर थाना बालूमाथ निवासी शामिल हैं।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल 1309 रेलवे स्टेशनों का किया जायेगा पुनर्विकास, लातेहार का नाम भी शामिल

# 24.5 करोड़ की लागत से लातेहार स्टेशन का किया जायेगा पुनर्विकास

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। रेलवे स्टेशन में स्टेशन मैनेजर कार्यालय में शनिवार को सीनियर डीएफएम राहुल कुमार राय ने प्रेस वार्ता किया। वार्ता के दौरान बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल 1309 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास किया जायेगा। इस योजना के तहत लातेहार रेलवे स्टेशन का भी 24.5 करोड़ की लागत से पुनर्विकास का कार्य किया जायेगा। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 1309 रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है। भारतीय विविधता की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए, ये पुनर्विकसित स्टेशन नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन और प्रतिस्थापन से सुसज्जित होंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नियोजित सुविधाओं में अवांछित संरचनाओ हटाकर रेलवे स्टेशन तक सुगम पहुंच,



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते रेलवे अधिकारी।

बेहतर प्रकाश व्यवस्था, बेहतर परिसंचरण क्षेत्र उन्नत पार्किंग स्थान, दिव्यांगजन अनुकूल बुनियादी ढांचा, हरित उर्जा के उपयोग से पर्यावरण अनुकूल भवन आदि समेत स्टेशनों का सिटी सेंटर के रूप में विकास, शहर के दोनों किनारों का एकीकरण, स्टेशन भवनों का सुधार/पुनर्विकास, अच्छी तरह से डिजाईन की गई आधुनिक यात्री सुविधाओं का प्रावधान, अच्छी तरह से डिजाईन किया गया ट्रैफिक सर्कुलेशन और इंटर मोडल एकीकरण, यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए समान और अच्छी तरह से डिजाइन किए गए साइनेज, मास्टर प्लान में उपयुक्त संपत्ति विकास का प्रावधान, भूनिर्माण, स्थानीय कला और संस्कृति शामिल है। वहीं श्री राय ने आगे बताया कि रविवार छह अगस्त को पूर्वाह्न नौ बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास योजना का ऑनलाइन शिलान्यास किया जायेगा। लातेहार रेलवे स्टेशन में इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दौरान कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। मौके पर अभय कुमार यातायात निरीक्षक, सुनील सागित्रा एडीईएल, स्टेशन प्रबंधक बलवंत सिंह समेत मौजूद रहे।

### बेरोजगार युवाओं के लिए काला कानून लायी है सरकार : आशुतोष



छात्राओं को विधेयक की जानकारी देते भाजपाई।

बरवाडीह। झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। उक्त बातें भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशुतोष सिंह चेरो ने छिपादोहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं के बीच जाकर कही। उन्होंने छात्र-छात्राओं को इस विधेयक के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की हेमंत सरकार ने राज्य के छात्र-छात्राओं के हितों की अनदेखी कर उनके भविष्य को नौकरी की जगह सलाखों में भेजने का काम कर रही है। यह काला कानून है। इसमें जांच की जगह, सीधे एफआईआर होगा। इस बिल के जरिए युवाओं को सीधे जेल में डालने का प्रावधान है। इसलिए पूरे प्रदेश के युवा इसके विरोध में सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में संशोधन हेतु पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता शिक्षक संस्थानों में जाकर हस्ताक्षर अभियान चला रहें है। इस मौके पर युवा मोर्चा जिला कार्य समिति सदस्य सह सासंद प्रतिनिधि भाई अजय सोनी भी उपस्थित थे।

## अपने हक व अधिकार के प्रति सजग नहीं हैं पंचायत प्रतिनिधि : रवींद्र

➲ अखिल भारतीय पंचायती राज परिषद के उपाध्यक्ष सह सड़क सुरक्षा परिषद के केंद्रीय सदस्य ने चंदवा में की प्रेस वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। अखिल भारतीय पंचायती राज परिषद के उपाध्यक्ष सह सड़क सुरक्षा परिषद के केंद्रीय सदस्य रविंद्र तिवारी ने शनिवार को चंदवा के पथ निर्माण विश्रामागार में प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि यहां के पंचायत प्रतिनिधि अपने हक व अधिकार के प्रति सजग नहीं है, जिस कारण उन्हें शोषण का शिकार होना पड़ रहा है व प्रशासन और राज्य सरकार के नौकर की तरह काम करना पड़ रहा है। जिस प्रकार लोकतंत्र में सांसद और विधायक को अधिकार प्राप्त है, उसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को भी अधिकार मिले हैं, लेकिन पंचायत प्रतिनिधि इससे अनभिज्ञ है। परिषद



प्रेस वार्ता में जानकारी देते रवींद्र तिवारी।

का प्रयास है कि ग्राम पंचायत इतना सशक्त हो जाए कि उसे किसी से मांगने की जरूरत ना हो। जब तक ग्राम पंचायत सजग नहीं होगा, तब तक ग्राम स्वराज्य का सपना साकार नहीं हो सकता है। इन्होंने टोरी में आरओबी निर्माण में हो रही देरी को लेकर भी राज्य सरकार की नीति व नीयत पर सवाल खड़ा किया, कहा कि आरओबी को लेकर जमीन अधिग्रहण में राज्य सरकार का रवैया उदासीन है, जिस कारण टोरी में आरओबी निर्माण नही हो पा रही है। टोरी आरओबी से प्रभावित रैयतों को मुआवजा का उचित निर्धारण नही हुआ है।

जिस कारण रैयत जमीन देने को तैयार नही हैं। राज्य सरकार रैयतों के मुआवजे का उचित निर्धारण कर फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण को गति दे। इस दौरान उन्होंने आरओबी व सड़क निर्माण को गति देने को लेकर पहल करने की भी बात कही।

### चंदवा को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर निकाली किसान रैली



प्रदर्शन करते अभाकिस के लोग।

चंदवा। इस बार मानसून में कम बारिश होने के कारण क्षेत्र में उत्पन्न हुई उखाड़ की समस्या को देखते हुए चंदवा प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले शनिवार को किसान रैली निकाली गई। किसान रैली की शुरूआत टोरी रेलवे फाटक के पास से हुई जो सुभाष चौक, मुख्य बाजार इंदिरा चौक होते प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। जहां सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता प्रमोद साहू, इंदुभूषण पाठक, अनिल साहू, मो. अल्लाउद्दीन पप्पू ने कहा कि विगत 2 वर्षों से चंदवा में अल्प वर्षा के कारण किसान सुखाड़ की मार झेल रहे हैं। इस वर्ष भी कम बारिश होने के कारण किसानों को अब तक भारी क्षति उठानी पड़ी है। प्रखंड में अब तक महज 10 से 15 फीसदी ही धान की रोपनी हो पाई है। सरकार चंदवा प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर तत्काल सुखाड़ वराहत कार्य शुरू करने की मांग की। इस दौरान आभाकिस ने मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम प्रखंड कार्यालय में ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में चंदवा प्रखंड में तत्काल सुखाड़ राहत योजना चालू कर पलायन को रोकने, चंदवा पूर्वी जिला परिषद क्षेत्र में विगत 2 वर्षों से चल रहे जंगली हाथियों के उत्पाद से निजात दिलाने, हाल सर्वे मूवी जमीन संबंधी त्रुटियों मैं सुधार को लेकर अभिलंब मिनी सर्वे कराने, प्रखंड के सभी गांव में पहुंच पथ का निर्माण कराने की मांग की गई है। किसान रैली में इंदुभूषण रजक, सुरेश बासपति, राजकुमारी देवी, बाबूलाल गंझू, रामप्यारी देवी समेत दर्जनों की संख्या में किसान शामिल थे।

➲ चंदवा पूर्वी क्षेत्र से जंगली हाथियों को दूर भगाने व जमीन संबंधित त्रुटियों में सुधार की उठायी गई मांग

### सड़क निर्माण को लेकर अभियंता की टीम ने लिया जायजा



सिताही नदी पर बना लकड़ी का वैकल्पिक पुल।

चंदवा। चंदवा प्रखंड मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बोदा पंचायत के लुकुईया तेतरिया टांड में पहुंच पथ नहीं होने व सिताही नदी पर पूल के नही होने के कारण ग्रामीणों द्वारा मरीज को चारपाई व पीठ पर लादकर अस्पताल के लिए लाने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद सरकार व प्रशासन हरकत में आ गई है। वरिया अधिकारियों के निदेर्शानुसार शनिवार की सुबह जिला से अभियंताओं की टीम तेतरियाटांड गांव पहुंची, जहां पंचायत की मुखिया ललिता देवी की मौजूदगी में सिताही नदी पर पूल निर्माण व लुकुईया से तेतरिया टांड तक सड़क निर्माण को लेकर औचक निरीक्षण किया। मुखिया ललिता देवी ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में अभियंताओं की टीम ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना व सड़क एवं पुल निर्माण को लेकर मापी लिया है। इंजीनियरों की टीम के द्वारा सड़क निर्माण को लेकर जायजा लिए जाने के बाद ग्रामीणों में उम्मीद की किरण जागी है। विभागीय सूत्रों की माने तो खबर को प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद राज्य सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। जिसके बाद पूल व सड़क निर्माण की कवायद शुरू हो गई है।

➲ सड़क के अभाव में मरीज को चारपाई व पीठ पर लाने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद रेस हुई प्रशासन व सरकार

### भाजयुमो ने सरकार के प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान



हस्ताक्षर अभियान में शामिल भाजयुमो के कार्यकर्ता।

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर दिन शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित राज उर्फ गोलू के नेतृत्व में हेमंत सरकार द्वारा लाया गया झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 कानून के पारित होने के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जहां सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ भाजयुमो के कार्यकताओं ने इस कानून का विरोध किया। मौके पर भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अंकित राज उर्फ गोलू ने बताया कि 3 अगस्त को विधानसभा में झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 कानून लाया गया है जो छात्रों के लिए काला कानून साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के विज्ञापन के खिलाफ छात्र कोई भी आंदोलन नहीं कर सकते हैं अगर आंदोलन करते हैं तो उन्हें 10 साल सजा का परिवहन किया गया है और भविष्य में कभी परीक्षा में भाग नहीं लेंगे ऐसा कानून बनाया गया है जो छात्रों के लिए एक काला कानून है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा लाए गए ऐसे छात्र विरोधी काला कानून का भारतीय जनता युवा मोर्चा कड़ी निंदा करता है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद,भाजपा मंडल महामंत्री मनदीप कुमार, ओबीसी मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार,युवा मोर्चा महामंत्री चंदन कुमार गुप्ता, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी बगिंद्र पासवान, मंडल उपाध्यक्ष अमन कुमार,मंडल कार्यसमिति सदस्य विकास कुमार पांडे, समेत कई लोग उपस्थित थे।

➲ प्रतियोगी परीक्षा विधेयक छात्रों के लिए काला कानून साबित होगा : अंकित राज

## आक्रोश : छह दिनों से ट्रांसफार्मर खराब, अंधेरे में रहने को मजबूर बाजार के लोग

# जनप्रतिनिधियों को भी पाठ पढ़ा रहे हैं विद्युत विभाग के अधिकारी

### पानी के लिए होना पड़ रहा परेशान



खराब ट्रांसफार्मर।

ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बाजार सहित कई मोहल्ले में बिजली सप्लाई नहीं हो पा रही है। बिजली नहीं होने के कारण लोगों को सुबह से ही पानी के लिए हैंडपंप पर लाइन लगाना पड़ रहा है। निजी बोरिंग भी बिजली नहीं होने के कारण नहीं चल पा रही है। इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। लोगों का व्यवसाय भी ठप पड़ गया है।

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह मुख्य बाजार आदर्श नगर का ट्रांसफार्मर पिछले 6 दिनों से खराब पड़ा हुआ है। इससे बाजार के साथ साथ चार वार्ड के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। वहीं स्थानीय लोगों के साथ साथ जनप्रतिनिधि भी इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार सूचित कर ट्रांसफार्मर बदलने की मांग कर चुके है। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधियों की बातों को अनदेखा कर उन्हें रोज नए नए पाठ पढ़ा रही है। ऐसे में लोगों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों में भी आक्रोश देखा जा रहा है।

#### सांप घुस जाने से जागकर गुजारी रात

बारिश के मौसम में बिजली नहीं होने के कारण कई मुहल्ले में जहरीले सांपों का खतरा बना हुआ है। कई बार लोग सांपों से बाल-बाल बचे है। शुक्रवार की रात वार्ड नंबर दस के एक घर में सांप घुस जाने के कारण परिवार के सदस्यों को रात भर जागकर गुजारना पड़ा। जिससे लोगों में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी आक्रोश देखा जा रहा है। इधर विद्युत विभाग के जिला कार्यपालक अभियंता लातेहार से जब भी ट्रांसफार्मर बदलने के विषय में बात की जा रही है तो उनके द्वारा सिर्फ एक ही जवाब मिल रहा है प्रयास किया जा रहा है।

### सहारा में अपनी जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई जमा करने वाले निवेशकों को अभी तक नहीं किया जा रहा है भुगतान

➲ लोगों का आरोप : स्थानीय शाखा प्रबंधक एवं एजेंट नही कर रहे हैं कोई सहयोग, अपनी जमा राशि पाने के लिए हम भटक रहे हैं दर दर, तो वे कर रहे हैं देशाटन

#### क्या कहते हैं शाखा प्रबंधक

वहीं इस संबंध में सहारा के स्थानीय शाखा प्रबंधक महुआडांड निवासी बिरेन्द्र प्रसाद ने दूरभाष पर बताया कि अभी पेमेंट शुरू नही हुआ है। जब शुरू होगा तो निवशकों को दिलाया जायेगा।

महुआडांड़। सहारा में निवेशकों को अभी तक रिफंड मिलना प्रारंभ नही हो पाया है। जिससे अपनी जिंदगी भर के गाढ़ी कमाई जमा करने वाले निवेशकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में सहारा में अपनी जिंदगी भर के गाढ़ी कमाई जमा करने वाले लोगों का कहना है कि सहारा के स्थानीय शाखा प्रबंधक विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, एजेंट जब्बार अंसारी, रामजी प्रसाद, दया किशोर, सुमन, हीरालाल,हजरत अंसारी, रविन्द्र ठाकुर आदि एजेंटों के कहने पर उन्होने अपनी जिंदगी भर के गाढ़ी कमाई को लगा दिया। वहीं जमा किए हुए कई वर्ष गुजर गये हम पैसे के अभाव में दर दर ठोकर खा रहें हैं। वहीं शाखा प्रबंधक एवं एजेंट करोड़ो की चल अचल सम्पति अर्जित कर मौज कर रहें हैं। हमे उनके द्वारा कोई सहयोग नही किया जा रहा है। शाखा प्रबंधक एवं एजेंट कार्यालय मे बहुत ही कम बैठते हैं। कार्यालय भी ससमय नही खुलता है। केन्द्र एवं राज्य सरकार से लोगों ने एजेंटों की संपति की जांच कराने की मांग भी कि है, जिससे अवैध रूप से अर्जित उनकी चल अचल सम्पति का खुलासा हो सके। गौरतलब हो कि केंद्र सरकार के सूचना अनुसार निवेशकों को पहली किस्त जारी कर दि गई है। लेकिन महुआडांड़ के एक भी निवेशकों को अभी तक भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है।

## एक नजर में

### बीडीओ सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते बीडीओ सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी।

बारियातू। सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने शनिवार को मतदान केंद्र संख्या 35 उच्च विद्यालय फुलसु का डोर टू डोर निरीक्षण किया। जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी कुमारी ने बताया कि डोर टू डोर, हाउस टू रोल व रोल टु हाउस के तहत मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। एक जनवरी 2024 एक अप्रैल 2024, एक जुलाई 2024 व एक अक्टुबर 2024 को जिनका उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है वैसे सभी युवक एवं युवतियों अपने पोषक क्षेत्र के संबंधित बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची जोड़वाने की अपील किया। साथ ही बताया कि मतदान केंद्र संख्या 43 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीरबीर में पर्वेक्षक चंदन कुमार के द्वारा हाउस टु रोल व रोल टु हाउस के तहत घर घर सत्यापन किया गया। मतदान केंद्र संख्या 67 मध्य विद्यालय बारियातू में पर्वेक्षक बिमला कुमारी द्वारा किया गया। परियोजना +2 उच्च विद्यालय बारियातू में पर्वेक्षक मो. शमीम व आलोक कुमार दुबे द्वारा भविष्य के मतदाताओं को चुनाव का महत्ता बताते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु जागरूकता कार्यक्रम भी किया गया।

### जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जल गुणवत्ता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



बारियातू। प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जल गुणवत्ता बिषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता प्रंडल लातेहार जल जीवन मिशन के तहत जल सहिया, स्वयं सहायता समूह, वार्ड सदस्य, समूह मे जुड़े महिलाओं को प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर नागेन्द्र मिश्रा ने जल गुणवत्ता विषय पर प्रशिक्षण के दौरान जल जांच करने के सम्बन्ध मे कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। जहां जल में क्लोराइड, क्षारियता, आयरन, फ्लोराइड, नाइट्रेट, फास्फेट, अमोनिया, क्लोरीन के जांच के बारे में प्रयोग के माध्यम से बताया गया। साथ ही जल हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है इस पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी जल सहिया, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं ने भाग लिया।

### टोरी जंक्शन की ज्वलंत समस्याओं को लेकर झाविस ने किया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



धरना-प्रदर्शन करते झाविस।

चंदवा। धनबाद रेल मंडल अंतर्गत राजस्व देने के मामले में अहम स्टेशनों में शुमार टोरी जंक्शन में यात्री सुविधा बढ़ाने व मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग को लेकर शनिवार को झारखंड विकास समिति के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अगुवाई रवि डे कर रहे थे। धरना को संबोधित करते हुए समिति के सत्येंद्र प्रसाद यादव व रवि डे ने कहा कि टोरी स्टेशन घोर उपेक्षा का शिकार है। यहां पर यात्री सुविधाएं नाम मात्र की है, जबकि राजस्व देने के मामले में टोरी स्टेशन धनबाद मंडल में सबसे अहम है। जनहित को ध्यान में रखकर जल्दी समस्याओं का समाधान नहीं निकाला गया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत रेल मंत्री भारत सरकार, जीएम हाजीपुर व डीआरएम धनबाद के नाम टोरी टी आई संजय कुमार व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार को 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में टोरी स्टेशन पूर्वी केबिन रेलवे समपार फाटक के पास तत्काल अंडरपास का निर्माण करने, जंक्शन के पूर्वी और पश्चिमी छोर पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण करने, जंक्शन परिसर में यात्री सुविधा बढ़ाने व रेलवे अस्पताल में चिकित्सक व्यवस्था जंक्शन परिसर में एंबुलेंस का प्रबंध करने कई मांगे की गई है। मौके पर पंसस नीलम देवी, शंकर बैठा, राम किशोर राम, सूरज नायक, रामवृक्ष प्रजापति, महेंद्र उरांव, संदीप टोप्पो समेत कई लोग मौजूद थे।

### संत जेवियर में स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन



महुआडांड़। संत जेवियर महुआडांड़ महाविद्यालय में शनिवार को स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की थीम थी गोल सेटिंग। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संत जेवियर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, पटना से मुख्य अतिथि के रूप में अंग्रेजी के प्रोफेसर एवं आइक्यूएसी को ऑर्डिनेटर डॉ. सिस्टर ग्रेस और आइक्यूएसी मेंबर मिस्टर पीयूष वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय के हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया तथा अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मान दिया। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य एवं उप प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल देकर सम्मानित किया गया। डॉ. सिस्टर ग्रेस ने कॉलेज के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया कि उन्हें अपने विद्यार्थी जीवन में कौन- कौन से कदम उठाने चाहिए, जिससे कि वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने एवं सर्वांगीण विकास करने हेतु महत्वपूर्ण चरण बतलाए। मिस्टर पीयूष वर्मा ने अपने जीवन के अनुभवों, विभिन्न कहानियों एवं कई उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह बतलाया कि यदि आपके अंदर आत्मविश्वास है, तो आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम के अंत में डॉ. फादर समीर टोप्पो ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने पर सभी टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ को बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्य सिस्टर कैसलीन जूलियट, डॉ. समीर टोप्पो, डॉ. राजीव तिर्की, डॉ. प्यारी कुजुर आदि समेत अन्य गणमान्य प्रोफेसर उपस्थिति थे।

### राहुल गांधी की सजा पर लगे रोक पर कांग्रेसियों ने सुप्रीम कोर्ट को किया आभार व्यक्त

बारियातू। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर लगायी गई रोक को लेकर बारियातू के कांग्रेसियो ने शनिवार को कांग्रेस कार्यालय से सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक किया। जानकारी देते हुए राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार ने बताया कि गुजरात की एक अदालत द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गाँधी को मोदी सरनेम मामले मे दो साल की जेल की सजा सुनायी थी। जिसका सुनवाई सुप्रीम कोर्ट मे चल रहा था। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सजा को रोक लगाने पर कांग्रेसियों ने बधाई दिया है। उन्होंने आगे कहा कि कानून व्यवस्था कायम है। हमेशा सत्य का विजयी होता है। मौके पर सुरेश उरांव, राजीव भगत, जगदीश उरांव, रामलाल, सुनील कुमार मो इम्तियाज, अहमद, राजेश संजय सहित कई कांग्रेसी शामिल रहे।

स्पीड न्यूज

## यूक्रेन ने फिर रूस पर किया ड्रोन से हमला

मॉस्को। रूस और यूक्रेन की लड़ाई एक बार फिर काला सागर तक पहुंच गई। यूक्रेन ने शनिवार को तड़के रूस के कब्जे वाले क्रीमिया को रूसी मुख्य भूमि से जोड़ने वाले पुल पर ड्रोन से हमला किया है। इस दौरान एक बंदरगाह पर धमाकों की आवाज सुनी गई है।रूस के अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट एक रूसी टैंकर पर यूक्रेनी ड्रोन से किया गया।

## सांबा में जंग लगा मोर्टार का गोला नष्ट

**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में शनिवार को एक जंग लगा मोर्टार का गोला पाया गया जिसे बाद में एक नियंत्रित विस्फोट के तहत नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आज सुबह सांबा-उधमपुर सड़क के किनारे नाद गांव में कुछ ग्रामीणों ने शक्तिशाली मोर्टार का गोला देखा। उसके बाद नष्ट किया गया।

## बंगाल : पुलिस हिरासत में एक मजदूर की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले के एक गांव में चोरी के आरोपी एक दिहाड़ी मजदूर की कथित तौर पर पुलिस हिरासत में मौत हो गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंदोलनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बताया कि मजदूर को बुधवार को एक पुलिसकर्मी के घर में चोरी करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

## हुगली : सेप्टिक टैंक में दो श्रमिकों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में शनिवार को सेप्टिक टैंक में उतरे दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वाले श्रमिकों की पहचान गणेश मन्ना और सुब्रत दास के रूप में हुई है तथा दोनों की उम्र 40 वर्ष थी। पुलिस ने कहा कि दोनों श्रमिक सिंगूर के रतनपुर गांव के एक घर में सेप्टिक टैंक के अंदर मौजूद एक तख्ता हटाने आए थे। टैंक का निर्माण दो से तीन महीने पहले हुआ था।

## इंडिगो ने शुरू की नैरोबी के लिए उड़ान

**मुंबई।** विमानन कंपनी इंडिगो ने अफ्रीकी देश केन्या की राजधानी नैरोबी के लिए सीधी उड़ान शुरू कर दी है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी।कंपनी ने बयान में कहा कि इसके साथ ही, इंडिगो की अंतरराष्ट्रीय गंतव्य वाली उड़ानों की संख्या 27 और कुल 105 उड़ानें हो गई हैं।
भाजपा सांसद रामशंकर कटेरिया को दो साल की सजा

## भाजपा सांसद कटेरिया को दो साल की सजा

आगरा। आगरा की एक विशेष अदालत ने शनिवार को भाजपा सांसद रामशंकर कटेरिया को एक निजी कंपनी के अधिकारी से मारपीट करने और बलवा करने के आरोप में दोषी करार करते हुये दो साल की कैद और 50 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनायी है। एमपी/एमएलए कोर्ट ने इटावा के सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री कटेरिया को टोरंट कंपनी के अधिकारी से मारपीट और बलवा करने का दोषी माना। दो साल की सजा होने के बाद कटेरिया संसद की सदस्यता जा सकती है।

## राजौरी : मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

राजौरी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। जम्मू के एडीजीपी मुकेश सिंह ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद गुंधा-खवास गांव में सेना और पुलिस ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान मुठभेड़ में आतंकी मारा गया।

# ब्रॉडबैंड से जुड़ेंगे 6.4 लाख गांव

### भारतनेट परियोजना : कैबिनेट ने मंजूरी किए 1.39 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतनेट परियोजना के अंतर्गत 6.4 लाख गांवों को ब्रॉडबैंक संपर्क से जोड़ने के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल भारतनेट परियोजना के अंतर्गत 1.94 लाख गांवों को जोड़ा जा चुका है और शेष गांवों को ढाई साल में जोड़ने की संभावना है। एक सूत्र ने कहा कि मंत्रिमंडल ने शुक्रवार शाम को हुई बैठक में देश के सभी गांवों में ऑप्टिकल फाइबर आधारित कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए 1,39,579 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है।अंतिम छोर तक संपर्क बीएसएनएल की शाखा भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) ग्राम स्तरीय उद्यम (वीएलई) के साथ मिलकर उपलब्ध कराएगी। स्थानीय उद्यमियों की मदद से फाइबर को घर-घर पहुंचाने के मॉडल को एक प्रायोगिक परियोजना के सफल समापन के बाद अंतिम रूप दिया गया। इस परियोजना के तहत घरों को जोड़ने के लिए आवश्यक उपकरण और अतिरिक्त फाइबर बीबीएनएल द्वारा प्रदान किए जाते हैं, और स्थानीय उद्यमियों को नेटवर्क के रखरखाव का काम सौंपा गया है। लगभग 60,000 गांवों के लिए चलाई गई प्रायोगिक परियोजना में लगभग 3,800 उद्यमी शामिल थे, जिन्होंने 3.51 लाख ब्रॉडबैंड कनेक्शन उपलब्ध कराए। प्रति घर औसत डेटा खपत प्रति माह 175 गीगाबाइट दर्ज की गई है। यह परियोजना बीबीएनएल और वीएलई के बीच 50 प्रतिशत राजस्व-साझाकरण के आधार पर शुरू की जा रही है और मासिक ब्रॉडबैंड योजना की कीमत 399 रुपये से शुरू होती है। देशभर में ऑप्टिकल फाइबर केबल की 37 लाख रूट किलोमीटर फैली हुई है, जिसमें से बीबीएनएल ने 7.7 आरकेएम बिछाई है।



# ज्ञानवापी में दूसरे दिन भी हुआ सर्वे

### सर्वेक्षण में मुस्लिम पक्ष के पांच लोग भी हुए शामिल

### केंद्रीय गुंबद में जहां नमाज पढ़ी जाती है, उस जगह की हुई फोटोग्राफी और मैपिंग

एजेंसी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शनिवार को दूसरे दिन ज्ञानवापी परिसर में वैज्ञानिक सर्वेक्षण का काम शुरू किया जो शाम पांच बजे तक चला। सरकारी वकील राजेश मिश्रा ने यह जानकारी दी। मिश्रा ने बताया कि शनिवार को दूसरे दिन के सर्वेक्षण कार्य में मुस्लिम पक्ष के पांच लोग भी शामिल हुए। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता सुभाष चतुर्वेदी ने बताया कि सर्वे की टीम मस्जिद परिसर के केंद्रीय गुंबद के हाल में जहां नमाज पढ़ी जाती है, उसका आज सर्वे किया और उस जगह की फोटोग्राफी और मैपिंग की गयी।उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सर्वे टीम व्यास परिवार के कब्जे वाले तहखाने का सर्वे किया, लेकिन मस्लिम पक्ष के कब्जे वाले दूसरे तहखाने में सर्वेक्षण की टीम अभी पहुंच नहीं पाई है। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी परिसर में कुल चार तहखाने हैं, जिसमें से एक व्यास परिवार के कब्जे में है और दूसरा मुस्लिम पक्ष के कब्जे में है। बाकी दो तहखानों में मलबा भरा हुआ है।मिश्रा शुक्रवार को दिन भर हुए सर्वे के दौरान सर्वेक्षण टीम के साथ थे। उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह से शाम पांच बजे तक सर्वे होगा। हिन्दू पक्ष की एक वादी सीता साहू ने परिसर से बाहर आ कर बताया कि ज्ञानवापी परिसर के पश्चिमी दीवार पर आधी पशु और आधी देवता की मूर्ति दिखी। तहखाने में भी टूटी-फूटी मूर्तियां और खम्भे पड़े दिखे।

इस बीच, मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता तौहीद खान ने बताया कि शनिवार को जारी सर्वे कार्य के दौरान अधिवक्ता अखलाक और मुमताज सहित मुस्लिम पक्ष के पांच लोग एएसआई टीम के साथ मौजूद हैं। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता मुमताज ने बताया कि हम सर्वे के काम से संतुष्ट हैं। कल तकसर्वे के काम में शामिल नहीं थे, लेकिन आज हम सर्वे के कार्य में शामिल हैं और हम सर्वे के कार्य में पूरा सहयोग दे रहे हैं।



## लैपटॉप, कंप्यूटर के आयात पर रोक 31 अक्टूबर तक टला

**नयी दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को लैपटॉप, कम्प्यूटर और टैबलेट के आयात पर अंकुश लगाने के फैसले को 31 अक्टूबर तक टाल दिया। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां तीन महीने तक लाइसेंस के बिना इन उपकरणों का आयात कर सकेंगी। अब इन कंपनियों को एक नवंबर से लैपटॉप और कम्प्यूटर का आयात करने के लिए सरकार से लाइसेंस लेना होगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने शुक्रवार को एक आदेश में कहा कि तीन नवंबर को जारी अधिसूचना अब एक नवंबर से प्रभावी होगी। सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि पहले से पारगमन में मौजूद खेप को मंगाने में कंपनियों को किसी तरह की असुविधा न हो। सरकार ने एक दिन पहले ही इन उपकरणों के आयात के लिए लाइसेंस को जरूरी कर दिया था। यह कदम उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिहाज से इन उपकरणों के हार्डवेयर में मौजूद खामियों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

# मणिपुर में उग्रवादियों ने तीन लोगों की हत्या की

- क्वाक्टा में सोते समय मारी गोलियां और तलवार से हमला
- इंफाल के दो जिलों में कर्फ्यू में ढील घटाकर सुबह पांच से साढ़े दस बजे किया

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार देर रात उग्रवादियों ने पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार सुबह बताया कि जिले के क्वाक्टा इलाके में तीनों लोगों को सोते समय गोलियां मारी गईं और फिर उन पर तलवार से हमला किया गया। पुलिस के मुताबिक, हमलावर चुराचांदपुर से आए थे। तीनों एक राहत शिविर में रह रहे थे, लेकिन स्थिति में सुधार होने के बाद वे शुक्रवार को क्वाक्टा में अपने घर लौट गए थे। पुलिस के अनुसार, घटना के तुरंत बाद गुस्साई भीड़ क्वाक्टा में जमा हो गई और चुराचांदपुर की तरफ बढ़ने लगी, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक दिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह क्वाक्टा के पास राज्य के सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच भारी गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिसकर्मी के चेहरे पर छर्रे लगे हैं। तीनों को इलाज के लिए इंफाल के राज मेडिसिटी में लाया गया है। वे खतरे से बाहर हैं। इस बीच, जिला प्रशासन ने हिंसा के कारण इंफाल के दोनों जिलों में कर्फ्यू में ढील की अवधि कम कर दी है। एक अधिकारी ने कहा कि इंफाल के दोनों जिलों में कर्फ्यू में ढील का समय घटाकर सुबह पांच से साढ़े दस बजे तक कर दिया गया है। पहले यह ढील सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक लागू थी। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में तीन मई को आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद राज्य में भड़की जातीय हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।



## पुलिसकर्मियों के गांजा तस्करी में संलिप्त होने से भीड़ ने थाना फूंका

**फुलबनी ।** ओडिशा के कंधमाल जिले में पुलिसकर्मियों के कथित तौर पर गांजा तस्करी में संलिप्त होने से गुस्साई भीड़ ने शनिवार को एक थाने को आग लगा दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना फिरिंगिया थाने में हुई और घटना में कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि कुछ स्थानीय लोग थाने में आए और कुछ पुलिसकर्मियों के मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए थाने में आग लगा दी। दक्षिणी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सत्यब्रत भोई ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस थाने में मौजूद फर्नीचर को लूट लिया और कई दस्तावेजों को आग के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों ने फुलबनी-फिरिंगिया-बालीगुड़ा रोड को भी घंटों जाम रखा और थाने के प्रभारी निरीक्षक तथा कुछ अन्य पुलिसकर्मियों के गांजा तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सड़क जाम करने वाले लोगों को समझाने गए कुछ पुलिसकर्मियों से भी प्रदर्शनकारी भिड़ गए।

# इसरो ने उपग्रह बस प्रौद्योगिकी निजी कंपनी को किया ट्रांसफर

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने आईएमएस-1 उपग्रह बस प्रौद्योगिकी को अल्फा डिजाइन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांरित कर दी है, ताकि देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी उद्योग की हिस्सेदारी को और बढ़ावा दिया जा सके। अंतरिक्ष एजेंसी की वेबसाइट के मुताबिक, इसरो की वाणिज्यिक इकाई न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने दो अगस्त को अपने मुख्यालय में समझौते पर हस्ताक्षर के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की।एनएसआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डी. राधाकृष्णन ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण दस्तावेज आधिकारिक रूप से एडीटीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कर्नल (अवकाश प्राप्त) एच.एस. शकंर को सौंपा। वेबसाइट के मुताबिक, एडीटीएल उन दो निजी कंपनियों में शामिल हैं, जिनकी पहचान एनएसआईएल में प्रकाशित इंट्रेस्ट एक्स्प्लोरेटरी नोट (आईईएन) के जरिये इस प्रौद्योगिकी को सौंपने के लिए की गई। इसरो निजी कंपनियों को सुविधा प्रदान करके और विशेषज्ञता का विस्तार करके अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में सक्षम बना रहा है और इस प्रकार आउट-बाउंड और इन-बाउंड दोनों दृष्टिकोण सुनिश्चित कर रहा है। इसरो के यू आर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) द्वारा विकसित उपग्रह बस एक बहुआयामी और कुशल छोटा सैटेलाइट मंच है जिसे अंतरिक्ष तक कम लागत में पहुंच की सुविधा के लिए डिजाइन किया गया है। उपग्रह बस विभिन्न पेलोड के लिए एक समर्पित वाहन के रूप में कार्य करता है, जो उपग्रह प्रक्षेपण के लिए त्वरित समय सुनिश्चित करते हुए पृथ्वी मानचित्रण, महासागर और वायुमंडलीय अध्ययन, माइक्रोवेव रिमोट सेंसिंग और अंतरिक्ष विज्ञान मिशनों को सक्षम बनाता है। लगभग 100 किलोग्राम वजनी आईएमएस-1 बस में 30 किलोग्राम पेलोड होता है।



# चंद्रमुखी-2 में कंगना का फर्स्ट लूक आउट

**मुंबई।** कंगना रनौत ने हिन्दी फिल्मों में अपनी कम होती हुई माँग को देखते हुए अब अपने कदम दक्षिण भारतीय फिल्मों की ओर बढ़ाए हैं। दक्षिण में कंगना को बड़े बैनर की फिल्में भी मिल रही हैं। लायका प्रोडक्शन दक्षिण के बड़े फिल्म स्टूडियो में शुमार है। कंगना इसी प्रोडक्शन की हाउस की फिल्म चंद्रमुखी-2 में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ राघव लॉरेंस दिखाई देंगे।

फिल्म का पहला पार्ट दर्शकों के बीच खासा लोकप्रिय रहा था। अब दूसरे पार्ट से एक-एक कैरेक्टर का लुक रिवील हो रहा है। चंद्रमुखी 2 से कंगना का फर्स्ट लुक आउट हो चुका है। मेकर्स ने शनिवार को कंगना की पहली झलक शेयर की।

लायका प्रोडक्शन्स की तरफ से कंगना के लुक को शेयर करते हुए लिखा गया, 'यह खूबसूरती और यह पोज, जो हमारा ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। चंद्रमुखी 2 से कमांडिंग और गॉर्जियस कंगना रनौत का लुक जारी है।' इससे पहले मेकर्स ने कंगना की सिर्फ आंखें दिखाई थीं। तब कंगना की 'फैशन', 'तनु वेड्स मनु', 'रानी लक्ष्मीबाई' से उनके लुक को दिखाने के बाद 'चंद्रमुखी 2' से उनके किरदार की छोटी सी झलक दिखाई थी। अब पूरा लुक रिवील कर दिया है। 'चंद्रमुखी' के पहले पार्ट में रजनीकांत और ज्योतिका लीड रोल में थे।

वर्ष 2005 में प्रदर्शित हुई चंद्रमुखी 19 करोड़ के बजट में बनाई गई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 90 करोड़ की कमाई की थी। सीक्वल में राघव लॉरेंस और कंगना ने उनकी जगह ली है। कंगना डांसर का रोल प्ले करेंगी। फिल्म सितंबर में गणेश चतुर्थी पर पांच भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी।



## फिल्म 'अकेली' का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की आने वाली फिल्म अकेली की खूब चर्चा हो रही है। फिल्म का दमदार टीजर रिलीज होने के बाद से ही फैंस ट्रेलर और फिल्म देखने के लिए उत्सुक थे। अब जैसे ही फिल्म की रिलीज डेट नजदीक आ रही है तो मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में नुसरत अपनी जान बचाने की पूरी कोशिश करती नजर आ रही हैं। नुसरत भरूचा की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म युद्धग्रस्त इराक में अकेली फंसी भारतीय लड़की की कहानी है। ट्रेलर में युद्ध की स्थिति को दर्शाया गया है।

## पेज तीन का शेष

### इमरान फिर गिरफ्तार...

यहां कई बेशकीमती सामान भी होते हैं। इसपर सरकार का नियंत्रण होता है। इमरान खान पर आरोप है कि उन्होंने अपने शासन काल में तोशखाने में रखे कीमती सामानों को बेच दिया। इससे उन्हें 14 करोड़ रुपये मिले। इस तरह उन्होंने अपने पद का दुरूपयोग किया। यह घटना 2018 से 2022 के दौरान हुई।

### झारखंड की महिला पुलिस...

जबकि सुजाता भगत ने पुश पूल इवेंट के सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। सुजाता भगत ने बताया कि लेट वीजा के कारण बेंच प्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पायी। गौरतलब हो कि इससे पहले झारखंड पुलिस के सिपाही संतोष कुमार बोबेंगा ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में दो गोल्ड मेडल जीता था।

### दिल्ली-रांची इंडिगो फ्लाइट की...

फ्लाइट ने सुबह 7 बजकर 20 मिनट पर रांची आने के लिए उड़ान भरी, लेकिन महज 20 मिनट के बाद ही आसमान में ही विमान में तकनीकी खराबी आ गयी। रांची पहुंचे यात्रियों ने कहा कि अचानक तकनीकी खराबी आने की वजह से 20 मिनट तक आसमान में प्लेन घूमती रही। उसके बाद जब जमीन पर प्लेन को लैंड कराया गया तो यात्रियों को दूसरी प्लेन से रांची भेजने की व्यवस्था की गयी। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो प्रबंधन की तरफ से यात्रियों के लिए भोजन और उनके रिफ्रेशमेंट का भी इंतजाम कराया गया था। इससे पहले शुक्रवार को भी पटना एयरपोर्ट से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट को सुबह में इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी थी।

### ऑडिट टीम ने अब उठाया सवाल...

हालांकि फिक्स डिपाजिट तोड़वाने से पहले जैक ने महालेखाकार कार्यालय और जैक के सीनियर एडवोकेट अनिल कुमार से कानूनी सलाह भी मांगी थी। दोनों के परामर्श के बाद जैक ने माना कि सरकार का आदेश सर्वोपरि है। इसलिए बच्चों व कर्मचारियों के हित के लिए रखे गये पैसे यानि फिकस्ड डिपॉजिट को तोड़कर 250 करोड़ रुपये सरकारी खजाने में जमा करा दिए। अब यही पैसा जैक की गले की हड्डी बन गयी है। जैक को अब जवाब देते नहीं बन रहा है कि आखिर जैक के तत्कालीन अध्यक्ष ने सरकार को यह पैसे क्यों उपलब्ध कराये।

**क्या है मामला :** राज्य की तत्कालीन रघुबर दास की सरकार ने जैक पर दबाव बनाकर यहां जमा किये गए 400 करोड़ को तत्काल सरकार को जमा करने का निर्देश दिया था। यह 400 करोड़ बच्चों से ली गयी फीस से काउंसिल के फंड में जमा हुआ था। इससे बच्चों तथा अकादमिक काउंसिल के कर्मचारियों का भला होना था। पर के दबाव के कारण फिक्स डिपॉजिट कर रखी गयी इस राशि को तुड़वाकर इसमें से 250 करोड़ रुपए सरकार के खजाने में जमा करवा दिया। ऐसा राज्य बनने के बाद पहली बार हुआ, जब वित्त विभाग ने दबाव बनवाकर ऑटोनोमस बॉडी जैक से यह राशि एफडी तुड़वाकर ले ली। बताया जा रहा है कि जैक से 400 करोड़ मांगने का वित्त विभाग का फरमान अनोखा था। शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है की किसी भी राज्य में ऐसा उदाहरण नहीं मिलता। यदि काउंसिल में ज्यादा पैसा आ रहा है, तो इसका मतलब है बच्चों से ज्यादा फीस ली जा रही है। काउंसिल कोई लाभ कमाने की संस्था तो नहीं, जिससे आमदनी कर सरकार अपना खर्च निकाले। काउंसिल में जमा राशि को सरकार अपने कोष में जमा कराये, यह नैतिक नहीं है।

**...तब पशोपेश में थे जैक के पदाधिकारी :** सरकार ने जब 400 करोड़ रुपए खजाने में जमा करवाने का दबाव बनाया, तब जैक के अधिकारी पशोपेश में पड़ गए। वित्त विभाग ने 13 दिसंबर, 2018 को जैक को तत्काल पैसा जमा करवाने का निर्देश दिया। जैक में सबको यह चिंता सत्ता रही थी की जो पैसा सालो से कर्मचारियों के वेलफेयर के लिए एफडी कर रखा गया है, किस आधार पर उस एफडी को तोड़कर सरकार के खजाने में यह राशि जमा कराई जाये। जैक की बैठक में तय किया गया की एफडी तुड़वाने से पहले महालेखाकार कार्यालय और जैक के सीनियर एडवोकेट अनिल कुमार से कानूनी सलाह मांगी जाये। उक्त दोनों से परामर्श के बाद जैक ने माना की सरकार का आदेश सर्वोपरि होगा। इसीलिए बच्चो व कर्मचारियों के हित के लिए रखी गयी एफडी को तुड़वाकर उक्त राशि में से 250 करोड़ सरकारी खजाने में जमा करवा दिया गया था।

### चांद की कक्षा में चंद्रयान...

इसके बाद चंद्रयान-3 करीब 18 दिन बाद चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने की कोशिश करेगा। इसरो ने बताया कि छह अगस्त की रात 11 बजे के आसपास चंद्रयान को चांद की दूसरी कक्षा में प्रवेश करवाया जायेगा। नौ अगस्त की दोपहर पौने दो बजे के आसपास तीसरी ऑर्बिट मैन्यूवरिंग होगी। 14 अगस्त को दोपहर 12 बजे के आसपास चौथी और 16 अगस्त की सुबह साढ़े आठ बजे के आसपास पांचवां लूनर ऑर्बिट इंजेक्शन होगा। 17 अगस्त को प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अलग होंगे। 18 और 20 अगस्त को चांद की कक्षा की दूरी को और कम किया जायेगा। इसके बाद लैंडर मॉड्यूल 100 गुणा 30 किलोमीटर की कक्षा में जायेगा। इसके बाद इस मिशन का सबसे कठिन पल 23 को आयेगा जब इसे चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कराया जायेगा। चंद्रयान-3, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट-लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला अंतरिक्ष यान बन जायेगा।

### मानसून सत्र पर मुख्यमंत्री ने...

25 स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचनाओं में से पांच ध्यानाकर्षण सूचनाओं का जवाब दिया गया। शेष लंबे ध्यान आकर्षण सूचनाओं को प्रश्न और ध्यान आकर्षण समिति को सदन के द्वारा सपोर्ट किया गया है। सदन की कार्यवाही के दौरान 39 निवेदन स्वीकृत हुए। इसके अलावा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लेखा परीक्षा प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखा गया।


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


WILD WAADI
AN ENTERTAINMENT HUB
Abhi Nhi toh Kabhi Nahi
FREE COSTUME LOCKER & PARKING
Special Price
INR 100
For All Rides and Attractions
Hurry Offer Valid Till 31st August, 2023
Call Us: +91 9304816880
16 Plus Attractions and Rides Only For INR 100
Amusement park | Bird park | Zip line | Hurdle swimming | Water park | 360 cycle | Spinner
Trampoline bungee | GoGo karte | Rope course | Scoopy football | Children Boat | Mata mandir
Fish Spa | Rajwada theme marrige lawn for photoshoot
Plot 311, Dasmile Chowk, Road, near Taurian World School Devi Mandap,
Ranchi, Jharkhand 835221